ॐ तत्सत्।

श्रीधीशगीता

भाषानुवाद सहित।

श्रीभारतधर्ममहामण्डल के शास्त्रप्रकाश विभाग द्वारा

श्रीविश्वनाथ अन्नपूर्णादानभंडार

के लिये प्रकाशित।

काशी

प्रथमावृत्ति।

बी० एल्० पावगी द्वारा

हितचिन्तक प्रेस, रामघाट, बनारस सिटी

में मुद्रित।

सन् १९२० ईस्वी।

All rights reserved]

[मूल्य ।।) आठ आना

श्रीआर्य्यमहिलाहितकारिणी महापरिषद् ।

कार्य्यसम्पादिकाः—भारतधर्मलक्ष्मी खैरीगढ़ राज्येश्वरी महाराणी सुरथ कुमारी देवी..O. B. E. एवं हर हाइनेस धर्म्म-प्राविन्त्री महाराणी शिवाकुमारी देवी, नरसिंह गढ़ ।

भारतवर्षकी प्रतिष्ठित रानी-महारानियों तथा विदुषी भद्रमहिलाओंके द्वारा श्रीभारतधर्ममहामण्डलकी निरीक्षकतामें, आर्यमाताओंकी उन्नतिकी सदिच्छासे यह महापरिषद् श्रीकाशीपुरीमें स्थापित की गई है । इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:-

(क) आर्यमहिलाओंकी उन्नतिके लिये नियमित कार्यव्यवस्थाका स्थापन (ख) श्रुतिस्मृति-प्रतिपादित पवित्र नारी धर्मका प्रचार (ग) स्वधर्मानुकूल स्त्रीशिक्षाका प्रचार (घ) पारस्परिक प्रेम स्थापित कर हिन्दूसतियोंमें एकताकी उत्पत्ति (ङ) सामाजिक कुरीतियोंका संशोधन और (च) हिन्दीकी उन्नति करना तथा (छ) इन्हीं उद्देश्योंकी पूर्तिके लिये अन्यान्य आवश्यकीय कार्य करना ।

परिषद्के विशेष नियम-:-१ म-इसकी सब प्रकारकी सभ्याओंको इसकी मुखपत्रिका आर्यमहिला मुफ़्त मिलेगी । २य-स्त्रियाँ ही इसकी सभ्याएँ हो सकेंगी । ३य-यदि पुरुष भी परिषद्की किसी तरहकी सहायता करें तो वे पृष्ठपोषक समझे जायँगे और उनको भी पत्रिका मुफ्त मिला करेगी ।

वार्षिक ५) और असमर्थ होने पर वार्षिक ३) देकर प्रत्येक हिन्दूमहिला इस सभाकी सभ्या होकर मुखपत्र विना मूल्य प्राप्त करती हैं ।

पत्रिका-सम्बन्धी तथा महापरिषत्सम्बन्धी सब तरहके पत्रव्यवहार करनेका यह पता है:—

महोपदेशक पण्डित रामगोविन्द त्रिवेदी वेदान्तशास्त्री
कार्याध्यक्ष आर्यमहिला तथा महापरिषत्कार्यालय
श्रीमहामण्डल-भवन जगत्गंज, बनारस ।

ॐ तत्सत्।

श्रीधीशगीता

भाषानुवाद सहित।

श्रीभारतधर्ममहामण्डल के शास्त्रप्रकाश विभाग द्वारा

श्रीविश्वनाथ अन्नपूर्णादानभंडार

के लिये प्रकाशित।

काशी

प्रथमावृत्ति।

बी० एल० पावगी द्वारा

हितचिन्तक प्रेस, रामघाट, बनारस सिटी

में मुद्रित।

सन् १९२० ईस्वी।

All right reserved]

[मूल्य ॥) आठ आना

श्रीमहामण्डलके प्रधान पदधारिगण ।

प्रधान सभापतिः-

श्रीमान् महाराजा बहादुर दरभंगा ।

सभापति प्रतिनिधिसभाः-

श्रीमान् महाराजा बहादुर कश्मीर ।

उपसभापति प्रतिनिधिसभाः-

श्रीमान् महाराजा बहादुर टीकमगढ़ ।

प्रधान मंत्री प्रतिनिधि सभा-

श्रीमान् आनरेबल के. भी. रंगस्वामी आयङ्गर जमीनदार श्रीरंगम् ।

सभापति मन्त्रीसभाः-

श्रीमान् महाराजा बहादुर गिद्धौड़ ।

प्रधानाध्यक्षः-

श्रीमान् पण्डित रामचन्द्र नायक कालिया
जमीन्दार व आनरेरी मेजिष्ट्रेट बनारस ।

अन्यान्य समाचार जाननेका पता-

जनरल सैक्रेटरी

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल, महामण्डलभवन,

जगत्गंज, बनारस

सूचना ।

श्रीभारतधर्म्म महामण्डलसे सम्बन्धयुक्त आर्य्यमहिलाहितकारिणी महापरिषद्, आर्य्यमहिला पत्रिका, समाज हितकारी कोष, महामण्डल मेगजीन (अंग्रेजी), निगमागमचन्द्रिका, निगमागम बुकडिपो, एरियन वोरो, आर्य्यमहिला महाविद्यालय, श्रीविश्वनाथ अन्नपूर्णा दानभण्डार, शास्त्रप्रकाश विभाग, उपदेशक महाविद्यालय आदि विभागों से तथा श्रीभारतधर्म्म महामण्डलसे पत्र व्यवहार करने का पताः—

श्रीभारतधर्म्म महामण्डल प्रधान कार्य्यालय,

महामण्डल भवन जगत् गंज, बनारस ।

ओ तत्सत्।

श्रीधीशगीता

विज्ञापन।

श्रीभारतधर्म्म महामण्डल प्रधान कार्य्यालय काशी धामके शास्त्रप्रकाश विभागद्वारा अब तक अप्रकाशित पांच गीताओं का हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशन होकर हिन्दी साहित्य भण्डार और साथही साथ सनातनधर्म्म ग्रन्थभण्डार की श्री वृद्धि हुई है। इस से पहले श्रीगुरुगीता सब प्रकारके गुरुभक्तों के लिये, श्रीसंन्यास गीता सब प्रकारके संन्यासी और साधुसम्प्रदायों के लिये, सौर्य्य सम्प्रदायके लिये श्रीसूर्य्यगीता, वैष्णव सम्प्रदायके लिये श्रीविष्णुगीता, शाक्तसम्प्रदायके लिये श्रीशक्तिगीता, हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित की गई है। अब यह श्रीधीश गीता जो अब तक अप्रकाशित थी—हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित की है।

सर्वव्यापक, सर्वजीवहितकारी और पृथिवी के सब धर्मों के पितारूप सनातन धर्म में निर्गुण और सगुण उपासनारूप से प्रधान दो भेद हैं। यद्यपि लीलाविग्रह अर्थात् अवतार—उपासना, ऋषि देवता पितृ—उपासना और क्षुद्र तामसिक शक्तियों की उपासनारूप से सनातन धर्म में सब अधिकार के उपासकवृन्द के लिये और भी कई उपासनाशैलियों का विस्तारित वर्णन पाया जाता है; परन्तु लीलाविग्रह उपासना अर्थात् अवतार उपासना तो पञ्च सगुण उपासना के अन्तर्गत ही है। श्रीविष्णुभगवान्, श्रीसूर्य्यभगवान्, श्रीभगवती देवी, श्रीगणेशभगवान् और श्रीसदाशिव भगवान्, इन पञ्च सगुण उपास्य देवताओं में से सबके ही अवतारों का वर्णन शास्त्रों में पाया जाता है; क्योंकि सगुण उपासना की पूर्णता का लीलामय स्वरूप के विना उपासक अनुभव नहीं कर सकता। अस्तु, लीलाविग्रह की उपासना सगुण उपासनाकी पूर्णता के लिये ही होती है तथा ऋषि देव पितृ-उपासना और अन्य क्षुद्र उपासना का अधिकार सकाम राज्य से ही सम्बन्ध रखता है।

निर्गुण उपासना में सर्व साधारण का अधिकार होही नहीं सकता। निर्गुण उपासना अरूप, भावातीत, वाक् मन और बुद्धि से अगोचर आत्मस्वरूप की उपासना है। निर्गुण उपासना केवल आत्मज्ञान-प्राप्त तत्त्वज्ञानी महा पुरुषों तथा जीवन्मुक्त संन्यासियों के लिये ही उपयोगी समझी जासकती है और केवल सगुण उपासनाही सब श्रेणी के उत्तम उपासकवृन्दके लिये हितकारी समझकर पूज्यपाद महर्षियों ने उसके सिद्धान्तोंका अधिक प्रचार शास्त्रोंमें किया है। सृष्टि के स्वाभाविक पञ्च तत्त्वों के अनुसार पञ्च विभागों पर संयम करके पञ्च उपासक सम्प्रदाय के भेद कल्पना करते हुए पूर्वाचार्य्यों ने पञ्च सगुण उपासनाप्रणाली प्रचलित की है। विष्णु उपासक के लिये वैष्णव सम्प्रदायप्रणाली, सूर्य्य उपासक के लिये सौर्य्यसम्प्रदाय प्रणाली, शक्ति उपासक के लिये शाक्त सम्प्रदाय प्रणाली, गणपति उपासक केलिये गाणपत्यसम्प्रदाय

प्रणाली और शिव उपासक केलिये शैवसम्प्रदाय प्रणाली उन्होंने विस्तारित रूप से नाना शास्त्रों में वर्णन की है। प्रत्येक उपासक सम्प्रदाय के उपयोगी अनेक आर्षसंहिताएं और अनेक तन्त्र ग्रन्थ आदि पाये जाते हैं, यहां तक कि प्रत्येक सम्प्रदाय के उपयोगी उपनिषद् भी प्राप्त होते हैं। इसी शैली के अनुसार प्रत्येक सम्प्रदायके उपासक केलिये अपने अपने सम्प्रदायके पञ्चाङ्ग ग्रन्थ हैं। अपने अपने सम्प्रदायके पञ्चाङ्ग ग्रन्थों में से अपने अपने सम्प्रदायका गीताग्रन्थ सबसे प्रधान माना गया है।

विष्णुसम्प्रदायकी श्रीविष्णुगीता, सूर्य्य सम्प्रदायकी श्रीसूर्य्यगीता, देवीसम्प्रदाय की श्रीशक्तिगीता, गणपतिसम्प्रदायकी श्रीगीशगीता और शिवसम्प्रदायकी श्रीशम्भुगीता, ये पांचों ग्रन्थ अति अपूर्व उपनिषद् रूपी हैं। इन पांचों ग्रन्थरत्नों का प्रकाशन अभी तक ठीक ठीक नहीं था। यदिच देवीगीता शिवगीता और गणेशगीता नाम से कुछ ग्रन्थ प्रकाशित भी हुए हैं तो वे असम्पूर्ण दशामें प्रकाशित हुए हैं। श्रीभारतधर्ममहामण्डल के शास्त्रप्रकाश विभाग तथा अनुसन्धान विभाग द्वारा पांचों ग्रन्थरत्न अपने सम्पूर्ण आकार में प्राप्त हुए हैं। उन्हीं पाँचों में से यह चौथी गीता अब प्रकाशित हो रही है। पाँचवी शंभु गीता इसी प्रकार प्रकाशित होगी। ये पाँचों गीताएँ वेदविज्ञान, सनातनधर्म के अपूर्व रहस्य, गभीर अध्यात्म तत्त्व और पूज्यपाद महर्षियों के ज्ञानगरिमाके सिद्धान्तों से परिपूर्ण हैं, इन पांचों के पाठ करने से पाठक बहुत कुछ ज्ञान लाभ कर सकते हैं। निर्गुण ब्रह्म तथा उसकी उपासना का रहस्य, सगुण उपासना का महत्व और विज्ञान, वेद के कर्मकाण्ड उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड का मर्म, सनातनधर्म के सब गभीर सिद्धान्तों का निर्णय, अध्यात्मतत्त्व अधिदैवतत्त्व और अधिभूत तत्त्व, यहां तक कि वेदका सार सब कुछ इन पञ्च गीताओं में प्राप्त होता है। ज्ञानकाण्ड का विघ्न जिस प्रकार अहङ्कार है, उपासनाकाण्ड का विघ्न जिस प्रकार साम्प्रदायिक विरोध है उसी प्रकार कर्म्मकाण्ड का विघ्न दम्भ है। कर्म्मकाण्डी इनका पाठकरनेसे अपने दम्भको भूलकर भक्त बन जाएंगे, उपासकगण अपने क्षुद्रदाय और साम्प्रदायिकविरोधको भूलकर उदार और पराभक्तिके अधिकारी बन सकेंगे और तत्त्वज्ञानी केलिये तो ये पांचों ग्रन्थ उपनिषदों के सार रूप हैं। गृहस्थों के लिये ये पांच गीताएं परम मङ्गलकर और सन्यासियों के लिये अध्यात्मपथप्रदर्शक हैं।

श्रीभारतधर्म्म महामण्डलके शास्त्रप्रकाश विभागके अन्य ग्रन्थों के अनुसार इस ग्रन्थ रत्नका सत्त्वाधिकार दीन-दरिद्रों के भरणपोषणार्थ श्रीविश्वनाथ अन्नपूर्णादान भण्डार को दिया गया है। इस ग्रन्थ के इस संस्करणके छापनेका व्यय गैरीगढ़ राज्येश्वरी श्रीभारतधर्म्म लक्ष्मी महाराणी सुरथ कुमारी देवी के. एच. ओ. बी ई. महोदयाने प्रदान किया है। श्रीगणपति देव उनको नीरोग और दीर्घायु करें। विज्ञापनमिति।

श्री काशी धाम
गंगा दशमी
संवत् १९७७ विक्रमी

विवेकानन्द।

श्रीगणेशाय नमः ।

श्रीधीशगीता
की
विषयानुक्रमणिका ।

प्रथम अध्याय ।

विषय — पृष्ठाङ्क

स्वस्वरूपभावनिरूपण ... . १—२०

सूतजीकी प्रार्थना ।

(१) धीशलोक में महर्षियों को श्रीभगवान् धीशदेव ने जो मुक्तिप्रद धीशगीता सुनाई थी उसके सुनने की इच्छा से तथा धीशलोक कहां है इसके जानने की इच्छा से श्रीव्यास देव से सूत की प्रार्थना ... ... १—३

व्यासजीकी आज्ञा ।

(२) जिज्ञासुओंको ज्ञानोपदेश, मुमुक्षुओंको तत्त्वज्ञानोपदेश, वेदोंका जगत्में प्रचार करना और प्रकाश करना मेरे जीवनका व्रत है ऐसी व्यासजीकी आज्ञा ... ...३—४

(३) ऊर्द्ध सप्तलोक देवावास और अधः सप्तलोक असुरावास, मध्यसन्धिस्थित मृत्युलोक, भूलोकका पार्थिवलोक मृत्युलोक और देवलोक पितृलोक, देवासुरसंग्राममें असुरोंके जय होने पर कुछ ऊर्द्ध लोकोंका असुराधीन होना, ऋषियोंकी अबाधित गति चतुर्दश भुवनोंमें होना और उनका निवासस्थान ऊर्द्ध सप्तलोकोंमें होना ... ... ४—५

(४) इन्द्रका अनुशासन 'भूर्भुवः स्वः' में होना और असुरराजका अनुशासन सातों अधोलोकोंमें होना सप्तम लोकमें ब्रह्मसद्भावयुक्त ऋषियोंका निवास और वहां से

विषय पृष्ठाङ्क

अपुनरावृत्ति, सगुणोपासनाके लोकों की स्थिति षष्ठ और सप्तम लोककी सन्धिमें होना, देवताओंको ऋषियोंका समागम निरन्तर होना और ऋषियोंका 'श्वेतलोक' में सम्मिलित होकर भगवान् श्वेतदेवसे प्रार्थना करना ... १—५

ऋषियों की जिज्ञासा ।

(१) भगवत्स्वरूपज्ञानविषयिणी और तत्त्वज्ञानके सारविषयिणी जिज्ञासा ... ... ५—७

श्रीगणपति की आज्ञा ।

(६) सप्त ज्ञानभूमियोंसे परे भगवान्की स्थिति और भक्तोंकी भावनाके अनुसार स्थूलरूप और ज्योतीरूपमें उनका दर्शन, स्थूल विषयोंसे परे क्रमशः इन्द्रियां, तन्मात्राएँ, वृत्तियां, भाव और महत् है, उनके अनन्तर भगवद्दर्शन होता है, भगवत्स्वरूपवर्णन, स्वरूपस्थितिमें मूलप्रकृतिका भगवल्लीन होना और व्युत्थान दशामें उनका सृष्टि स्थिति लय करना, भावोंसे गुणोंका अनुभव, भावोंके द्वारा भगवद्दाविर्भाव और भक्तोंको ज्ञानप्रदान, भावोंके द्वारा प्रकृतिदर्शन और उससे मुक्ति ... ...८—१०

(७) कारणदशामें त्रिभावोंकी अद्वैतता और कार्य्यदशामें त्रिभावात्मक तटस्थज्ञानका मुक्तिप्रदत्व, भावत्रयरूपसे भगवान्की व्यापकता, भक्तिसागरमें उन्मज्जन निमज्जन करनेमें भावत्रयकी कारणता, अध्यात्म अधिदैव अधिभूत इन त्रिभावोंके लक्षण, ऋषि देवता और पितरोंका क्रमशः इनसे सम्बन्ध, कार्य्यब्रह्मरूप जगत्के पदार्थोंमें, शास्त्रोंमें, सृष्टि और लयमें, जीवभावमें, देवासुर संग्राममें, उत्पत्ति और मुक्तिदशामें त्रिभावपरिदर्शन ... ...१०—१९

(८) ॐ तत्सत् इस मन्त्रसे भावत्रयका सम्बन्ध और इसके जपादिसे अन्तर्दृष्टिकी प्राप्ति, त्रिभावोंकी कार्यब्रह्ममें व्यापकता, त्रिभावोंमें भगवान्के दर्शनके द्वारा प्रकृतिबन्धनसे मुक्त होना ... ... १९—२०

द्वितीय अध्याय ।

विषय पृष्ठाङ्क

सिद्धिस्वरूपवर्णन.... ... ...२१—२६

ऋषियोंकी जिज्ञासा ।

(१) ऋषियोंके द्वारा सप्त ज्ञानभूमियोंके ऊपर सिद्धि-सहित गणपतिदेवका साक्षात्कार करके उस रूपका वर्णन करते हुए सिद्धिके स्वरूपरहस्यकी जिज्ञासा २१-२३

श्रीगणपतिकी आज्ञा ।

(२) सिद्धिका भगवच्छक्तिरूप होना और भगवान्के निरपेक्ष होने पर भी भगवत्सेवामें सदा उनका रत रहना, अध्यात्म अधिदैव अधिभूत और सहजरूपसे चतुर्विध सिद्धियां, सिद्धिके साथ भगवत्सम्बन्धविषयक दृष्टान्त, भगवान्की सिद्धिके साथ निर्लिप्तता, सिद्धियोंके भेदवर्णन, सिद्धि-प्राप्तिके प्रधान आठ उपाय और उनके उदाहरण, तप संयम और समाधिके द्वारा सकल सिद्धियोंकी प्राप्ति, चतुर्विध सिद्धियोंके लक्षण, योगी तपस्वी और जीवन्मुक्तोंमें प्रकाशित होनेवाली तेंतीस सहज सिद्धियां २३-२९

(३) भगवत्प्रकृति महामाया सिद्धियोंके द्वारा जीवोंको मोहित करके आवागमन चक्रमें फंसाती है, ज्ञानी उसमें मोहित नहीं होते, ज्ञानियोंकी सिद्धिका प्राकट्य कुलकामिनीके अङ्ग दर्शनके समान होता है, भक्तिहीन योगी लक्ष्य-हीन तपस्वी और ज्ञानहीन उग्रकर्म्मा साधक सिद्धियोंको बतलाकर पतित होते हैं, सिद्धिके चार आयुधोंका विज्ञान, अज्ञ साधक सिद्धियोंको प्राप्त करके स्वर्गनरक पितृ और प्रेतलोकोंमें भ्रमण करते रहते हैं किन्तु ज्ञानी भक्त मुझ सिद्धि-के अधीश्वरको प्राप्त होते हैं २९-३२

(४) आर्त्त अर्थार्थी और जिज्ञासु भक्तोंको मातृरूपिणी सिद्धि भगवान्की ओर अग्रसर करती है, परा प्रकृति और अपरा प्रकृति रूपसे सिद्धिके दो विभाग, अपरा सिद्धिका

पृष्ठाङ्क
विषय
अनेकविधत्व और पराका एकत्व, ऐशी सिद्धियोंका, प्रकाश भगवदाज्ञासे भगवदवतारोंमें तथा ज्ञानी भक्तोंमें जीवोंके समष्टि कर्म्मानुसार होना. परासिद्धिकी उपासनाकी आज्ञा और उसका फल. सिद्धिके मोदक और त्रिशूलकी ओर दृष्टि न रखकर चक्र और पद्मकी ओर दृष्टि रखनेकी आज्ञा और उसका कारण ३२–३६

तृतीय अध्याय ।

ज्ञानभूमिनिरूपण ३७–५३

ऋषियोंकी जिज्ञासा ।

(१) ऋषियोंके द्वारा परा सिद्धिके दर्शनके उपायोंकी जिज्ञासा ३७

श्रीगणपतिकी आज्ञा ।

(२) दिव्यदृष्टिसे ज्ञान भूमियोंमें परासिद्धिका उत्तरोत्तर स्पष्ट दर्शन होना, तटस्थ और स्वरूप ज्ञानके लक्षण. तटस्थमें सच्चिदानन्दभावोंकी पृथक् अनुभूति और स्वरूपमें उनका अद्वैतरूपसे अनुभव होना, तटस्थमें भावोंकी अनन्तता और स्वरूपमें अद्वैतता, स्वरूपकी प्राप्तिमें तटस्थकी कारणता, स्वरूपकी अवस्थाका वर्णन और उससे पूर्ण सात्त्विक ज्ञानका मिलान, तटस्थका अहङ्कारसे सम्बन्ध और स्वरूपका भगवद्रूपत्व, विभक्तज्ञानका अविद्याजन्यत्व और अविभक्तज्ञानका विद्याजन्यत्व. विभक्त ज्ञानसे अविभक्त ज्ञानमें ले जानेवाली सात ज्ञानभूमियां ... ३७–४१

(३) सप्त अज्ञान भूमियोंसे बचनेके लिये कर्म्म उपासना और ज्ञानकाण्डकी कारणता, सोपानारोहणके समान ज्ञानभूमियोंके अतिक्रमण करने पर भगवत्स्वरूप दर्शन. ज्ञान भूमियोंका परासिद्धिकी कृपासे स्वरूपज्ञान प्राप्तिमें कारणत्व. ज्ञानभूमियोंके नाम और उनकी प्राप्तिमें अज्ञानभूमियोंके अतिक्रमणकी आवश्यकता. चतुर्विध भूतसङ्गोंमें अज्ञानभूमि-

विषय पृष्ठाङ्क
योंका स्थितिक्रम, मनुष्योंमें अधम मध्यम उत्तमरूप पञ्चम षष्ठ और सप्तम अज्ञानभूमियोंकी स्थिति, उनके लक्षण और फल, एवं इनके निराकरणमें वेदोंकी तत्परता ... ४१-४४

(४) ज्ञानभूमियोंका शुद्ध सत्त्वगुणवर्द्धकत्व और उनका अनुभव, श्रवण मनन निदिध्यासनरूप त्रिविध पुरुषार्थ और उनकी ज्ञानभूमियोंमें उपकारिता, ज्ञानभूमियोंका विस्तृत लक्षण, महाकाशगोलकका वर्णन और उसमें छाया और ज्योतीरूपसे अज्ञान और ज्ञानके सप्त सप्त स्तरोंका विवेक, इन स्तरोंका मनुष्योंसे सम्बन्ध और इन्हींमें सब प्रकारके दर्शनशास्त्रोंकी स्थिति, इस अध्यात्मगोलके दर्शनका फल, दर्शनोंमें विरोधकल्पनाका अनौचित्य ४४-५३

चतुर्थ अध्याय ।

धर्म्मविज्ञाननिरूपण ५४-६४

ऋषियोंकी जिज्ञासा ।

(१) अज्ञानभूमियोंके प्रभावसे बचाकर मुमुक्षुको ज्ञान भूमियोंमें पहुंचानेके उपायोंकी जिज्ञासा ५४-५४

श्रीगणपतिकी आज्ञा ।

(२) सृष्टिका धारक धर्म्म ही अज्ञानभूमियोंसे बचाकर ज्ञानिभूमियोंमें पहुंचता है, भगवान्का धर्म्मकी स्थितिका अधिष्ठानत्व, भगवच्छक्तिका ही धर्म्मस्वरूपत्व, सात्त्विकी शक्तिका धर्म्मरूप होना, आकर्षण विकर्षणमें राजसी तामसी शक्ति होना और दोनोंके सामञ्जस्यमें सात्त्विकी शक्ति होना एवं उसीसे ब्रह्माण्डकी स्थिति, सृष्टिके सामञ्जस्यमें देवासुरयुद्धका कारणत्व, उद्भिज्जसे मनुष्यतक पहुंचनेमें धर्म्मका कारणत्व और उसमें मोक्षका अधिकारी होना, धर्म्मशक्तिका मनुष्यकी मुक्ति में कारणत्व, धर्म्मका महत्त्ववर्णन, धर्म्मके साधारण और विशेष भेद, साधारण धर्म्मके चौबीस तत्त्वोंके अनुरूप चौबीस भेद ५५-६०

(३) साधारण धर्म्मका महत्त्ववर्णन और उसका

विषय पृष्ठाङ्क

अन्यान्य धर्म्ममार्गोंका जनकत्व एवं उसका पितृभाव, सनातनधर्म्मका लक्षण, विशेषधर्म्मका लक्षण और उसके अङ्गभूत वर्णाश्रमधर्म्मका लक्षण, नारीधर्म्म और नृधर्म्मका तप और यज्ञमूलकत्व, प्रवृत्तिधर्म्म निवृत्तिधर्म्म राजधर्म्म प्रजाधर्म्म आपद्धर्म्म शैवधर्म्म वैष्णवधर्म्म आदिका विशेष धर्म्मत्व, सदाचारका विशेषधर्म्मोंमें प्राधान्य, विशेषधर्म्मका अन्तिम अधिकार सन्न्यास, सदाचारसे लेकर सन्न्यासतक विशेषधर्म्मका सम्बन्ध ६०–६३

(४) वर्णाश्रमादि विशेषधर्म्मोंके पालनसे ज्ञानभूमिके पथिक होकर साधारणधर्म्मके अधिकारी होना और उससे धर्म्मके सार्वभौमरूपका ज्ञान होना, सार्वभौमस्वरूपके पूर्णज्ञान होनेपर भगवत्सायुज्यकी प्राप्ति ६३–६५

पञ्चम अध्याय ।

वेदान्तनिरूपण ६५–८३

ऋषियों की जिज्ञासा ।

(१) वेदान्तविषयक जिज्ञासा ६५–६५

श्रीगणपतिकी आज्ञा ।

(२) श्रवण मनन और निदिध्यासनकी उपयोगिता, स्वभावजनित सहजकर्म और अविद्याके प्रभावसे जीवत्वका आविर्भाव, अविद्या और कर्म्मप्रवाहका अनादित्व, सहज कर्मका प्रकृतिसहजातत्व और उससे चतुर्विध भूतसंघकी उत्पत्ति, जीवका चिज्जड़ग्रन्थिरूपत्व, चैतन्यके जीवभावप्राप्तिका क्रम और विद्याकी सहायतासे उसकी मुक्ति, अविद्याके जाल और कर्म्मबन्धनसे भक्तिके द्वारा मुक्ति, प्रकृतिके तीन गुण और उनके कार्य्य ६६–६८

(३) तीन गुणोंमें तम और सत्त्वका प्राधान्य और रजका उभयसहायकत्व, तमोमयी प्रकृति अविद्या और सत्त्वमयी प्रकृति विद्या, सत्त्वमें तमका परिणाम और तममें सत्त्वका परिणाम, तममें सत्त्वके परिणामका उदाहरण, चिज्जड़ग्रन्थि,

विषय पृष्ठाङ्क

गिरा और अविद्याके कार्य्य और उनके फल ६८–७०

(४) ब्रह्म, स्थूल शरीर, सूक्ष्म शरीर, कारण शरीर, कोष, अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष, आनन्दमय कोष, जाग्रदादि अवस्थात्रय, प्राज्ञ तैजस एवं विश्व, इन सबके लक्षण ... ... ७१—७६

(५) चतुर्विंशति तत्त्व और पञ्चविंशतितम पुरुष, इन्द्रियोंके विषय, इन्द्रियोंमें दो इन्द्रियोंका विशेषत्व, अन्तःकरणके विषय, इन्द्रिय और अन्तःकरणके देवता, अन्तःकरणके प्रधान देवता ब्रह्मा, उनका चतुराननत्व, जीव और ईश्वरका लक्षण, अविद्या और मायाका स्वरूप और उनका कार्य्य, कोष शरीर अवस्था जीव ईश्वर इनसे आत्माका भिन्नत्व, नेति नेति विचारसे तत्त्वातीत पदकी प्राप्ति और भगवद्दर्शन ७७–८३

षष्ठ अध्याय ।

वेदान्तसिद्धान्तनिरूपण ८४–९३

श्रीगणपतिकी आज्ञा ।

(१) पञ्च कोषोंसे आत्माका आवरण, सृष्टिप्रकरण, पञ्चीकरणप्रकरण, प्रत्येक ब्रह्माण्डके चतुर्दश विभाग, विराडभिमानी जीव और अखिल ब्रह्माण्डाभिमानी ईश्वर और इनका अविद्या और मायासे सम्बन्ध, जीवेश्वरमें अभेद बुद्धि होना, वाच्यार्थ लक्ष्यार्थ रूपसे 'तत्त्वं' पदका एकीकरण, ब्रह्म सत्य, जगन्मिथ्या और जीव ब्रह्मकी एकता ८४–९१

(२) सर्वत्र ब्रह्मबुद्धि होनेसे मुक्ति, अविद्या और मायाकी उपाधिकी भ्रान्ति दूर होनेसे ब्रह्मरूपका दर्शन और उससे मुक्ति, जड़जीव, अज्ञानी जीव, ज्ञानी और जीवन्मुक्तोंकी संसार विषयक दृष्टि, 'वसुधैव कुटुम्बकम्,' इस सिद्धान्तवाले जीवन्मुक्तोंका परिवारविवरण और उसका फल ९१–९३

विषय पृष्ठाङ्क

सप्तम अध्याय।

विराट्स्वरूपवर्णन ९४–११०

ऋषियोंके द्वारा विराट्रूपका वर्णन।

(१) भगवत्कृपासे ऋषियों के तृतीय ज्ञाननेत्रका उन्मीलन और उसके द्वारा विराट्रूपका दर्शन, विराट्रूपका अद्भुत वर्णन, 'महाकाल' 'भूतस्रष्टा' 'भूतपालक' 'भूतहारी' 'विश्वचक्षु' 'विश्वचेता' 'रसमय' 'तेजोमय' 'विश्वाधार' 'भावातीत' 'त्रिगुणातीत' 'सर्वेश्वर' 'सवितः' 'नारायण' 'शक्तिमन्' 'शम्भो' 'सिद्धिपते' 'देवनायक' 'धीश' इत्य दि सम्बोधन पदोंसे भगवान्के अद्भुत कार्यों का वर्णन और प्रणाम ९४–१०२

व्यासजी की आज्ञा।

(२) ऋषियोंके इस प्रकार स्तुति करने पर भगवान्का आज्ञा करना १०२–१०३

श्री गणपतिकी आज्ञा।

(३) योगयुक्त दशामें सगुणरूप, आत्मयुक्त दशामें विराट्रूप और कर्मयुक्त दशामें विभूतिरूपका उपासनामें सहायक होना, स्वाधीन और प्राकृत दो प्रकारके जीव, प्राकृतोंमें गज और स्वाधीनोंमें मनुष्यका भगवद्रूप होना और इसी कारण गजानन और मनुष्य शरीररूपसे भगवान्के सगुण रूपका होना, भगवद्विभूतियोंका विस्तृत वर्णन १०३–१०७

(४) सिद्धिमें सात्त्विक श्रद्धा रखनेकी आज्ञा और उसके तीन भाव, धीशगीताका माहात्म्य, अधिकारी, फलश्रुति और अनुष्ठानविधि १०७–११०



श्रीगणेशाय नमः ॥



श्रीधीशगीता ।

भाषानुवादसहिता ।

स्वस्वरूपभावनिरूपणम् ।

सूत उवाच ॥ १ ॥

गुरो ! वेदान्ततत्त्वज्ञ ! वेदार्थद्योतकान्यहो ।
अनेकानि पुराणानि कृपातः श्रावितानि मे ॥२॥
अनेकोपनिषत्साररूपा गीताश्च कीर्त्तिताः ।
जातोऽस्म्यहं ततो देव ! कृतकृत्यो न संशयः ॥३॥
आश्रौषञ्च भवत्तोऽहं पुराख्यानप्रसङ्गतः ।
जगत्कर्त्ता जगद्धाता जगज्जन्मादिकारणम् ॥ ४ ॥

सूतजी बोले ॥ १ ॥

हे वेदान्तके तत्त्व जाननेवाले गुरो ! वेदार्थप्रतिपादक अनेक पुराण अहो ! आपने कृपापूर्व्वक मुझे सुनाये हैं ॥ २ ॥ और उपनिषत्साररूप अनेक गीताएँ भी कही हैं हे देव ! जिससे मैं निसन्देह कृतकृत्य होगया हूं ॥ ३ ॥ पूर्व कथाप्रसङ्गमें मैंने आपसे सुना है कि जगज्जन्मादिकारण जगत्कर्त्ता जगद्धाता जगद्बन्धु जगत्पिता

जगत्पिता जगद्बन्धुर्भगवान् विश्वपालकः ।
परे बुद्धेः स्थितो बुद्धिमधिष्ठाय कृपावशात् ॥ ५ ॥
मुक्तिं ददाति जीवेभ्यः शरणागतवत्सलः ।
अतः सम्प्रोच्यते धीश आम्नायैरखिलैरसौ ॥ ६ ॥
इत्यप्याकर्णितं नाथ ! भवतो वदनाम्बुजात् ।
यत्पुरा दिव्यमासाद्य धीशलोकं महर्षयः ॥ ७ ॥
श्रीमद्गणपतेर्देवाच्छ्रुतवन्तो हिताञ्च्छुभान् ।
अनेकोपनिषत्सारोपदेशान्मुक्तिदायकान् ॥ ८ ॥
तवासीमकृपाराशिर्मय्यास्ते या तयैव माम् ।
दिव्यां धीशार्षिसम्वादरूपां पुण्यमयीमतः ॥ ९ ॥
ज्ञानदां मुक्तिदां श्रव्यां धीशगीतां सुधोपमाम् ।
कुरुष्व श्रावयित्वा मां कृतकृत्यं कृपार्णव! ॥१०॥
कस्मान्महर्षिभिर्धीशलोकः प्राप्तः पुरा प्रभो !
क वासो धीशलोकोऽस्ति कथम्वा तत्र गम्यते ॥११॥

जगत्पालक श्रीभगवान् बुद्धि के परे स्थित हैं और वे शरणागतवत्सल कृपावश बुद्धिमें अधिष्ठान करके जीवों को मुक्तिप्रदान करते हैं इस कारण उनको सब वेदोंने धीश कहा है ॥ ४-६ ॥ हे नाथ ! मैंने आपके मुखकमल से यह भी सुना है कि पुराकालमें महर्षिगणने दिव्य धीशलोकमें उपस्थित होकर श्रीगणपतिदेवसे मुक्तिप्रद उपनिषत्सारूप हित और शुभ अनेक उपदेशोंको श्रवण किया था ॥ ७-८ ॥ अतः मेरे ऊपर जो आपकी अपार कृपाराशि है हे कृपासागर ! आप उससे ही मुझे धीश और महर्षिसम्वादरूप ज्ञान और मुक्ति देनेवाली श्रवणीय-अमृतरूप पवित्र दिव्य धीशगीताको सुनाकर कृतकृत्य कीजिये ॥ ९-१० ॥ हेप्रभो ! पुराकालमें महर्षिगण किस कारणसे धीशलोकमें पहुंचे थे और वह धीशलोक कहांपर है, किस प्रकारसे वहां जाना होता है और गणपतिदेवने

कान्यध्यात्मरहस्यानि धीशदेवेन प्रोचिरे ।
श्रावयित्वा च तत्सर्वं व्यासतो मां कृतार्थय ॥११॥
येन श्रौतरहस्यं तत्प्रचार्य्याहं पुनः पुनः ।
मुमुक्षूणां कृते लोके धन्यः स्यां हि स्वयं ध्रुवम् ॥१३॥

व्यास उवाच ॥ १४ ॥

सूत ! ते धर्म्मजिज्ञासाप्रवृत्त्या जन्मसिद्धया ।
भक्त्या गुरोश्च सद्बुद्ध्या विश्वकल्याणसक्तया ॥ १५ ॥
प्रसन्नोऽस्म्यहमत्यन्तं सौम्यात्ते च स्वभावतः ।
यत्त्वं जिज्ञाससे तात ! यत्त्वं वा शंकसे ह्यतः ॥१६॥
तत्समाधानदानेन नितान्तं मोदमावहे ।
यतो मे प्रियशिष्योऽसि मत्कृपापुञ्जभाजनम् ॥१७॥
जिज्ञासुप्राणिवृन्देभ्यः शिक्षादानं निरन्तरम् ।
मुमुक्षुसाधकेभ्यश्च तत्त्वज्ञानोपदेशनम् ॥१८॥

किन अध्यात्मरहस्योंका वर्णन किया था उन सबको विस्तार-पूर्वक सुनाकर मुझे कृतार्थ करें ॥ ११-१२ ॥ जिससे मैं उन वेद-रहस्योंको मुमुक्षु व्यक्तियोंके लिये जगत्में बारम्बार प्रचारित करके निश्चयही स्वयं धन्य होऊँ ॥ १३ ॥

व्यासजी बोले ॥ १४ ॥

हे सूत! तुम्हारी गुरुभक्ति जन्मसिद्ध धर्म्मजिज्ञासाप्रवृत्ति और जगत्कल्याणमें तत्पर सद्बुद्धि से एवं सौम्यस्वभावसे मैं अति-प्रसन्न हूँ इसी कारण हे तात! तुम जो जिज्ञासा करतेहो और तुम जो शंका करते हो उसका समाधान करनेसे मैं अत्यन्त आनन्दित होता हूँ; क्योंकि तुम मेरे प्रिय शिष्य और अतिकृपापात्र हो ॥१५-१७ ॥ जिज्ञासुप्राणियोंको निरन्तर उपदेशप्रदान, मुमुक्षु साधकोंको तत्त्वज्ञानोपदेश और ज्ञानमय वेदों का जगत्में प्रचार एवं

वेदानां ज्ञानरूपाणां विश्वस्मिंश्च प्रचारणम् ।
तेषां प्रकाशनञ्चास्ति जीवनस्य व्रतं मम ॥१९॥
सूत ! विश्वेशमाहात्म्यप्रचारः पुण्यवर्द्धनः ।
स्वभावाद्रोचते मह्यं तत्रासि त्वं सहायकः ॥ २० ॥
सानन्दं पूरयिष्येऽतः प्रार्थनामुत्तमामिमाम् ।
समाहितमना बुद्धया युक्तः श्रद्धान्वितः शृणु ॥ २१ ॥
ब्रह्माण्डमेतत्सप्ताधः सप्तोर्द्ध्वञ्चैव विद्यते ।
चतुर्दशमितेष्वेवं विभक्तं भुवनेष्वहो ॥ २२ ॥
चतुर्दशमितान्येतद्भुवनान्येव कोविदाः ।
ऊर्द्ध्वलोकानधोलोकान् सप्त सप्त वदन्ति च ॥ २३ ॥
स्वाभाविक्यसुरावासभूरधस्ताद् भवेत्तयोः ।
सप्तलोक्यां तथोर्द्ध्वस्था सप्तलोकी च देवभूः ॥ २४ ॥
चतुर्दशमितानाञ्च भुवनानां विराजते ।
मध्यसन्धिस्थितोमृत्युलोको मर्त्यनिवासभूः ॥ २५ ॥
असौ सूत ! किल प्राज्ञैर्भूलोकोऽपि निगद्यते ।

उनका प्रकाश करना मेरे जीवनका व्रत है ॥ १८-१९ ॥ हे सूत ! पुण्य वर्द्धक भगवत्महिमाप्रचारमें मेरी स्वाभाविक रुचि है और जगत्में भगवत्महिमाप्रचारकार्य्यमें तुम सहायक हो इस कारण मैं आनन्द-पूर्वक इस उत्तम प्रार्थनाको पूर्ण करूंगा, समाहितमन बुद्धियुक्त और श्रद्धान्वित होकर सुनो ॥ २०-२१ ॥ यह ब्रह्माण्ड अहो ! सात ऊपर और सात नीचे इसी प्रकार चतुर्दश भुवनोंमें विभक्त है इन्हीं चौदह भुवनोंको ही पण्डितगण सप्त ऊर्द्ध्वलोक और सप्त अधोलोक कहते हैं ॥ २२-२३ ॥ उनमेंसे सप्त अधोलोक असुरोंकी स्वाभाविक आवासभूमि है और सप्त ऊर्द्ध्वलोक देवभूमि है एवं मृत्युलोक चतुर्दश भुवनोंकी मध्यसन्धिमें स्थित होकर शोभायमान है जो मनुष्योंकी आवासभूमि है ॥ २४-२५ ॥ हे सूत ! विद्वान्लोग

पार्थिवो मृत्युलोकोऽस्य पितृलोकोऽस्ति दैविकः ॥ २६ ॥
युद्धे देवासुरे जाते क्वचित्केऽपि कदाचन ।
तयोर्निवासभूम्योः स्यात् कादाचित्को विपर्य्ययः ॥ २७ ॥
हे सूताध्यात्मराज्यस्य चालका ऋषयो यतः ।
तच्चतुर्दशलोकेषु गतिस्तेषामबाधिता ॥ २८ ॥
वासस्थानानि तेषान्तु लोकाः सप्तोर्द्ध्ववर्त्तिनः ।
श्रेण्योऽनेका महर्षीणामूर्द्ध्वलोकेषु सन्त्यतः ॥ २९ ॥
तेषां निवासभूमीनां नाना भेदा निरूपिताः ।
अधोलोका यथा सप्तासुरभावप्रधानकाः ॥ ३० ॥
भवन्त्यसुरराजेन विस्तरान्नियमेन च ।
सर्वदा सर्वथा नूनं नितान्तमनुशासिताः ॥ ३१ ॥
तथा नैवोर्द्ध्वलोकेषु देवराजानुशासनम् ।
आवश्यकं वर्त्तते तें यतः सत्त्वप्रधानकाः ॥ ३२ ॥
ऋषीणां नितरां तत्र सुलभाप्यस्ति सङ्गतिः ।
यस्मान्न पुनरावृत्तिः सत्यलोकस्त्वसौ सदा ॥ ३३ ॥

उसको भूलोक भी कहते हैं इसका पितृलोक दैवीलोक और मृत्युलोक पार्थिवलोक है ॥ २६ ॥ कभी देवासुरसंग्राम होने पर इसका सामयिकरूपसे कहीं कहीं विपर्य्ययभी होता है ॥ २७ ॥ हे सूत ! ऋषिगण अध्यात्मराज्यके संचालक हैं इसलिये उनकी गति चतुर्दश भुवनमें अबाधित है ॥ २८ ॥ परन्तु उनका निवासस्थल सप्त ऊर्द्ध्वलोक है । ऋषियोंकी श्रेणियां अनेक हैं इस कारण ऊर्द्ध्वलोकोंमें उनके वासस्थानके नाना भेद निरूपित हैं। जिस प्रकार सप्त अधोलोक असुरभाव प्रधानहोनेसे वे असुरराजके द्वारा सर्वदा नियमसे विस्तारपूर्वक सर्वथा अत्यन्तही अनुशासित हैं उसीप्रकार सप्त ऊर्द्ध्वलोकोंमें देवराजके अनुशासनकी आवश्यकता नहीं है क्योंकि वे देवलोकसमूह सत्त्वप्रधान हैं ॥ २९-३२ ॥ वहां ऋषियोंका समागम भी अत्यन्त सुलभ है।

मुक्तात्मभिस्तपोनिष्ठैर्योगयुञ्जानमानसैः ।
ब्रह्मसद्भावसंयुक्तै ऋषिभिः पूरितोऽस्त्यलम् ॥ ३४ ॥

सम्भवः पुनरावृत्तेः सगुणाखिललोकतः ।
सर्व्वेऽतः सगुणा लोका ऊर्द्ध्वस्थानाधिवर्त्तिनः ॥ ३५ ॥

लोकयोः सन्धिमध्यस्थास्तपःसत्याभिधानयोः ।
नात्र त्वं विस्मयं कुर्य्याः सूत ! दर्भाग्रधीषण ! ॥ ३६ ॥
ऊर्द्ध्वलोकेषु सर्व्वेषु निश्चितं निवसन्त्यहो ।
यथाधिकारसँल्लब्धि यथास्थानं महर्षयः ॥ ३७ ॥

निर्ज्जरा निखिलाः सूत ! लब्ध्वा येषां सुसङ्गतिम् ।
पारयन्ते स्वधर्म्मस्य पालनं कर्त्तुमुत्तमम् ॥ ३८ ॥
एकदा मिलिता नैके पुराकाले महर्षयः ।
अध्यात्मतत्त्वजिज्ञासा-सद्वाञ्छाभिश्च प्रेरिताः ॥ ३९ ॥

एकाग्रमानसाः श्रद्धाभक्तिभावसमन्विताः ।
एकतत्त्वयुताः शान्ता धीशलोकमधिश्रिताः ॥ ४० ॥

अपुनरावृत्तिभावको धारण करनेवाला सत्यलोक तो सदा मुक्तात्मा ब्रह्मसद्भावयुक्त तपोनिष्णात और योगाभ्यासपरायण ऋषियोंसे अत्यन्त पूर्ण है ॥ ३३-३४ ॥ सब सगुणलोकोंसे पुनरावृत्ति सम्भव है इस कारण सब सगुण ऊर्द्ध्वलोक तप और सत्यलोककी सन्धिमें स्थित हैं, हे कुशाग्रबुद्धि सूत ! इसमें तुम विस्मय न करो ॥३५-३६॥ अहो यथायोग्य अधिकारके ऋषि सब ऊर्द्ध्वलोकोंमें ही यथास्थान निवास करते हैं ॥ ३७ ॥ हे सूत ! जिनके सत्संगको प्राप्त होकर सब देवतागण उत्तम रीतिसे स्वधर्म्म के पालन करनेमें समर्थ होते हैं ॥ ३८ ॥ पुराकालमें एक समय अनेक ऋषि एकत्रित होकर अध्यात्मतत्त्वजिज्ञासाकी सद्वासनासे प्रेरित और एकाग्र-

श्रीमद्गणपतिं देवं सच्चिदानन्दविग्रहम् ।
तत्रैत्य भगवन्तं तं प्रार्थयामासुरादरात् ॥ ४१ ॥

ऋषय ऊचुः ॥ ४२ ॥

भगवन् ! धीश ! सर्वज्ञ ! जगन्मान्य ! जगद्गुरो ! ।
कृपातो भवतो वेदान् प्राप्तवन्तो वयं पुरा ॥ ४३ ॥
तेषामर्थानुसन्धाने कृतकार्य्या अभूम च ।
तवास्माभिः परं नैव ज्ञातं रूपं यथार्थतः ॥ ४४ ॥
अतो नैवाभवच्छान्तिरस्माकं चेतसि प्रभो ! ।
वयं शरणमापन्ना भवल्लोकमुपस्थिताः ॥ ४५ ॥
अद्य नः कृपया देहि स्वरूपज्ञानमात्मनः ।
तत्त्वज्ञाननिधेः सारं ज्ञानं तच्छात्रयामृतम् ॥ ४६ ॥
यत्स्याच्चोपनिषद्रूपमस्मान्निःश्रेयसप्रदम् ।
चिरशान्तिकरं देव ! ब्रह्मानन्दप्रदायकम् ॥ ४७ ॥

चित्त हो श्रद्धा भक्तिभाव और एकतत्त्वसे युक्त एवं शान्त होकर श्रीशलोकमें पहुंचे ॥ ३९–४० ॥ उन्होंने वहां पहुंचकर उन सच्चिदानन्दमय श्रीभगवान् गणपति देव से आदरपूर्वक प्रार्थना की ॥ ४१ ॥

ऋषिगण बोले ॥ ४२ ॥

हे जगन्मान्य ! हे सर्वज्ञ ! हे जगद्गुरो ! हे भगवन् धीश ! हमने पुराकालमें आपकी कृपासे वेदोंको प्राप्त करके उनके अर्थानुसन्धानमें भी कृतकार्य्यता प्राप्त की है परन्तु हे प्रभो ! आपका यथार्थ स्वरूप हमें परिज्ञात न होनेसे ही हमारे चित्तमें शान्ति प्राप्त नहीं हुई है । अब हम आपके लोकमें उपस्थित होकर आपके शरणागत हुए हैं । कृपया आप अपने स्वरूपका ज्ञान हमें प्रदान कीजिये और तत्त्वज्ञानोंका सार वह अमृतरूपी ज्ञान सुनाइये कि जो उपनिषद्रूप होकर हमारे लिये निःश्रेयसप्रद हो और हे देव ! जो हमें चिरस्थायी शान्ति और ब्रह्मानन्दप्रदानकारी हो ॥ ४३–४७ ॥

गणपतिरुवाच ॥ ४८ ॥

पारङ्गतोऽस्म्यलं विप्राः ! स्वसप्तज्ञानभूमितः ।
सच्चिदानन्दरूपेण विराजे चाहमव्ययः ॥ ४९ ॥
विभुं मामप्यहो भक्ता भावुकाः स्वेच्छया द्विजाः ! ।
नानारूपेषु पश्यन्ति कृतकृत्या भवन्ति च ॥ ५० ॥
रूपहीनोऽस्म्यहं विप्राः ! श्रद्धावन्तस्तथापि मे ।
भक्ता मां स्थूलरूपे वा ज्योतीरूपे निरीक्ष्य च ॥ ५१ ॥
सानन्दाः कृतकृत्याः स्युर्नात्र कार्य्या विचारणा ।
स्युः प्रपञ्चमयादस्मात् स्थूलाद्वै विषयात्परे ॥ ५२ ॥
इन्द्रियौघास्ततः सन्ति तन्मात्राण्यखिलानि च ।
तन्मात्रेभ्यः परे पारे वृत्तयश्च भवन्त्यहो ॥ ५३ ॥
ताभ्यः पारं गता भावा भावेभ्योऽपि परं महत् ।
महतोऽपि परं नित्यं कुर्वते दर्शनं मम ॥ ५४ ॥
ज्ञानिनो योगनिष्णाता भक्ता मे तत्त्वचिन्तकाः ।

श्रीगणपति बोले ॥ ४८ ॥

हे विप्रो ! मैं अपनी सप्त ज्ञानभूमियोंके ऊपर सच्चिदानन्दरूपसे अविनाशी होकर भलीभांति विराजमान हूँ ॥ ४९ ॥ हे ब्राह्मणो ! मेरे विभु होनेपर भी अहो ! भावुक भक्तगण अपनी इच्छाके अनुसार नानारूपमें मेरा दर्शन पाते हैं और कृतकृत्य होते हैं ॥ ५० ॥ हे विप्रो ! मैं रूपरहित हूं तथापि मेरे श्रद्धावान् भक्तगण मेरा स्थूल रूप अथवा ज्योतीरूपमें दर्शन करके आनन्दित और कृतकृत्य होते हैं इसमें विचारकी कोई बात नहीं है । इस स्थूलप्रपञ्चमय विषयसे परे इन्द्रियां हैं, इन्द्रियोंसे परे सब तन्मात्राएँ हैं, अहो ! तन्मात्राओंसे परे वृत्तियां हैं, वृत्तियोंसे परे भाव है, भावसे भी परे महत् है और महत्से परे मेरा दर्शन तत्त्वचिन्तक योगनिष्णात मेरे ज्ञानी

एतद्रूपं परं ज्ञात्वा चिरं शान्तिमवाप्नुत ॥ ५५ ॥
अहमेवास्मि सद्रूपश्चिद्रूपोऽपि महर्षयः ! ।
अहमानन्दरूपोऽस्मि नूनमत्र न संशयः ॥ ५६ ॥
विभुश्च निर्विकारोऽहं निराकारश्च निर्गुणः ।
द्वन्द्वातीतश्च निर्लिप्तो ज्ञानरूपोऽप्यहं ध्रुवम् ॥ ५७ ॥
स्वरूपावस्थितौ मूल-प्रकृतिर्मे महर्षयः ।
मल्लीना भावमद्वैतमाविर्भावयतेतराम् ॥ ५८ ॥
सा व्युत्थानदशायान्तु स्वं रूपं त्रिगुणात्मकम् ।
धृत्वा दृश्यप्रपञ्चस्य सृष्टिस्थितिलयक्रियाः ॥ ५९ ॥
कुर्वाणाऽऽस्ते सदा विप्राः ! मदाज्ञावशवर्त्तिनी ।
मत्प्रकृत्याश्च भो विप्राः ! तमस्सत्त्वरजोगुणाः ॥ ६० ॥
ज्ञायन्ते सच्चिदानन्दरूपैर्भावैस्त्रिभिर्मम ।
नन्वध्यात्माधिदैवाधिभूतभावैरहो त्रिभिः ॥ ६१ ॥
आविर्भूयात्मभक्तेभ्यो ज्ञानिभ्यः सत्त्वरं ध्रुवम् ।

भक्त नित्य करते हैं । इस परम रूपको जानकर आप लोग चिरकाल तक शान्ति प्राप्त करें ॥ ५१-५५ ॥ हे महर्षियो ! मैं ही सत्‌रूप हूँ, मैं ही चित्‌रूप भी हूँ और मैं ही आनन्दरूप हूँ इसमें सन्देह नहीं । मैं विभु निर्विकार निर्गुण निराकार निर्लिप्त द्वन्द्वातीत और निश्चय ही ज्ञानस्वरूप हूँ ॥ ५६-५७ ॥ हे महर्षिगण ! मेरी मूल प्रकृति स्वरूप-अवस्थामें मुझमें ही लीन रहकर अद्वैतभावको अवश्य उत्पन्न करती है । ॥ ५८ ॥ किन्तु हे विप्रो ! वह व्युत्थान दशामें अपने त्रिगुणात्मक रूपको धारण करके दृश्य प्रपञ्चकी सृष्टि स्थिति और लयक्रियाको मेरी आज्ञाके वशवर्तिनी होकर सदा करती रहती है । हे ब्राह्मणो ! मेरी प्रकृतिके सत्त्व रज तम ये तीनों गुण मेरे सच्चिदानन्दमय त्रिभावोंसे जाने जाते हैं । अहो ! मैं ही अध्यात्म अधिदैव और अधिभूत इन तीनों भावोंसे ही प्रकट होकर अपने ज्ञानी भक्तोंको

अहमेव प्रयच्छामि तत्त्वज्ञानं न संशयः ॥ ६२ ॥
तदा मे ज्ञानिनो भक्ता भावत्रय्याश्रयाद्ध्रुवम् ।
अघट्यघटनायां या प्रकृतिर्मे पटीयसी ॥ ६३ ॥
तस्यास्त्रैगुण्यमय्या हि कृत्वा तात्त्विकदर्शनम् ।
मामकीनां लभन्तेऽन्ते मुक्तिं सायुज्यनामिकाम् ॥ ६४ ॥
त्रिभावात्मकमेवास्ति तटस्थज्ञानमद्भुतम् ।
मत्स्वरूपावबोधाय सूपायः सर्वथोत्तमः ॥ ६५ ॥
मत्कारणदशायां वै सच्चिदानन्दरूपिणः ।
त्रिभावा अवतिष्ठन्तेऽद्वैतरूपे न संशयः ॥ ६६ ॥
नन्वध्यात्माधिदैवाधिभूतभावैस्त्रिभिर्ध्रुवम् ।
प्रकृतेर्मे प्रजातस्य कार्य्यब्रह्मण एव हि ॥ ६७ ॥
अङ्गोपाङ्गानि सर्वाणि व्याप्नुवन्नु पृथक् पृथक् ।
विश्वं प्रकाशये सर्वमहं वैचित्र्यसङ्कुलम् ॥ ६८ ॥
स्थानं तन्नास्ति विश्वास्मिन् व्याप्तं यन्न त्रिभावतः ।

निश्चय] ही शीघ्र तत्त्वज्ञान प्रदान करता हूँ इसमें सन्देह नहीं ५९-६२ ॥ तब मेरे ज्ञानी भक्त त्रिभावकी सहायतासे ही मेरी अघटनघटनापटीयसी त्रिगुणमयी प्रकृतिका यथार्थरूपमें दर्शन करके अन्तमें मेरी सायुज्य मुक्तिको प्राप्त होते हैं ॥ ६३-६४ ॥ मेरे स्वरूपज्ञानकी प्राप्तिके लिये सब प्रकारसे उत्तम त्रिभावात्मक अद्भुत तटस्थ ज्ञान ही श्रेष्ठ उपाय है ॥ ६५ ॥ मेरी कारणदशामें सत् चित् और आनन्दरूप तीनों भाव निस्सन्देह अद्वैतरूपमें ही रहते हैं ॥ ६६ ॥ मेरी ही प्रकृतिसे उत्पन्न कार्य्यब्रह्मके सब अङ्गोपाङ्गोंमें मैं ही अध्यात्म अधिदैव और अधिभूतरूपी तीनों पृथक् पृथक् भावोंसे अवश्य ही व्यापक रहकर नाना वैचित्र्य पूर्ण सम्पूर्ण जगत्को प्रकाशित करता हूँ ॥ ६७-६८ ॥ इस जगत्में ऐसा स्थान

यद्ब्रह्मेशविराड्रूपैः पश्यन्तो ज्ञानिनो हि माम् ॥ ६९ ॥
उन्मज्जन्ति निमज्जन्ति भक्ता मे भक्तिसागरे ।
तत्रापि कारणं वित्त नित्यभावत्रयं खलु ॥ ७० ॥
यत्तद्ब्रह्म मनोवाचामगोचरमितीरितम् ।
तत् सर्वकारणं वित्त सर्वाध्यात्मिकमित्यपि ॥ ७१ ॥
अनाद्यन्तमजं दिव्यमजरं ध्रुवमव्ययम् ।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं ब्रह्माग्रे संप्रवर्तते ॥ ७२ ॥
स्वेच्छया मायया यत्तज्जगज्जन्मादिकारणम् ।
ईश्वराख्यं तु तत्तत्त्वमधिदैवमिति स्मृतम् ॥ ७३ ॥
सर्वज्ञः सद्गुरुर्नित्यो ह्यन्तर्यामी कृपानिधिः ।
सर्वसद्गुणसारात्मा दोषशून्यः परः पुमान् ॥ ७४ ॥
यत्कार्यब्रह्म विश्वस्य निधानं प्राकृतात्मकम् ।
विराड्राख्यं स्थूलतरमधिभूतं तदुच्यते ॥ ७५ ॥

नहीं है जो त्रिभावसे व्याप्त न हो, मेरे ज्ञानी भक्त जो ब्रह्म ईश और विराट् रूपमें मेरा दर्शन करके ही भक्तिसागरमें उन्मज्जन और निमज्जन करते हैं वहां भी नित्य भावत्रयको ही कारण जानो ॥६९-७०॥ जो मन और वाणीके अगोचर कहे गये हैं वे ब्रह्म हैं उनको सबका कारण और सबका अध्यात्म जानो ॥ ७१ ॥ अनादि, अनन्त, अजन्मा, दिव्य, अजर, अमर, नाशरहित, अनूह और अज्ञेय ब्रह्म प्रथम हैं ॥ ७२ ॥ अपनी इच्छारूपिणी मायासे जो जगत्की सृष्टि स्थिति और लयके कारण हैं वे ईश्वर हैं । वे ईश्वर तत्त्व अधिदैव कहाते हैं ॥ ७३ ॥ वे सर्वज्ञ, सद्गुरु, नित्य, अन्तर्यामी, कृपासागर, सब सद्गुणोंके साररूप, दोषशून्य पुरुषोत्तम हैं ॥ ७४ ॥ और जो विश्वके निधान, प्राकृतात्मक, स्थूलतर और विराट्रूप कार्यब्रह्म हैं वे अधिभूत कहे जाते हैं ॥ ७५ ॥

पुनर्वः सम्प्रवक्ष्येऽहं श्रूयतां तत्त्वमुत्तमम् ।
नन्वध्यात्माधिदैवाधिभूतभावत्रयानुगम् ॥ ७६ ॥
यथाध्यात्माधिदैवाधिभूतभावत्रयं द्विजाः !।
विद्यते कारणे नूनं कार्य्येष्वपि तथैव तत् ॥ ७७ ॥
विस्तरात्सम्प्रवक्ष्येऽहं तत्स्वरूपं निशम्यताम् ।
अहमेव स्वकीयां तां महामायामुपाश्रितः ॥ ७८ ॥
बिभ्राणोऽध्यात्मभावेन ऋषिरूपं सदोत्तमम् ।
तथाधिदैवभावेन देवतारूपमादधत् ॥ ७९ ॥
तथाधिभूतभावेन पितृरूपमधिश्रयन् ।
नानाब्रह्माण्डसंघातं संरक्षामि महर्षयः ! ॥ ८० ॥
आकाशं प्रथमं भूतं श्रोत्रमध्यात्ममुच्यते ।
आधिभूतं तथा शब्दो दिशस्तत्राधिदैवतम् ॥ ८१ ॥
द्वितीयं मारुतं भूतं त्वगध्यात्मं च विश्रुतम् ।
स्पृष्टव्यमाधिभूतञ्च विद्युत्तत्राधिदैवतम् ॥ ८२ ॥

अध्यात्म अधिदैव और अधिभूतरूप भावत्रय-सम्बन्धी उत्तमतत्त्व फिर मैं आपलोगोंसे ही कहता हूँ सुनो ॥ ७६ ॥ हे ब्राह्मणो ! अध्यात्म अधिदैव और अधिभूत ये तीनों भाव जिसप्रकार कारण में हैं उसीप्रकार वे कार्य्यमें भी अवश्य हैं ॥ ७७ ॥ उनका विस्तारसे स्वरूप मैं कहता हूँ सुनो। हे महर्षियों! मैं ही अपनी उन महामायाका आश्रय करके सर्वदा अध्यात्मभावसे ऋषि, अधिदैव भावसे देवता और अधिभूत भावसे पितृरूप उत्तमतासे धारण करके अनेक ब्रह्माण्डसमूहका संरक्षण करता हूँ.॥ ७८-८० ॥ पञ्च महाभूतोंमें प्रथम भूत आकाश है, वहां श्रोत्र अध्यात्म, शब्द अधिभूत और दिशाएँ अधिदैव कहीगई हैं ॥ ८१ ॥ द्वितीय भूत वायु है, वहां त्वक् अध्यात्म, स्पर्श अधिभूत और विद्युत् अधिदैव कहे गये हैं ॥ ८२ ॥

तृतीयं ज्योतिरित्याहुश्चक्षुरध्यात्ममुच्यते ।
अधिभूतं ततो रूपं सूर्य्यस्तत्राधिदैवतम् ॥ ८३ ॥

चतुर्थमापो विज्ञेयं जिह्वा चाध्यात्ममुच्यते ।
अधिभूतं रसश्चात्र सोमस्तत्राधिदैवतम् ॥ ८४ ॥

पृथिवी पञ्चमं भूतं घ्राणञ्चाध्यात्ममुच्यते ।
अधिभूतं तथा गन्धो वायुस्तत्राधिदैवतम् ॥ ८५ ॥

पादावध्यात्ममित्याहुर्ब्राह्मणास्तत्त्वदर्शिनः ।
अधिभूतं तु गन्तव्यं विष्णुस्तत्राधिदैवतम् ॥ ८६ ॥

अवाग्गतिरपानश्च पायुरध्यात्ममुच्यते ।
अधिभूतं विसर्गश्च मित्रस्तत्राधिदैवतम् ॥ ८७ ॥

प्रजनः सर्वभूतानामुपस्थोऽध्यात्ममुच्यते ।
अधिभूतं तथा शुक्रं दैवतञ्च प्रजापतिः ॥ ८८ ॥

हस्तावध्यात्ममित्याहुरध्यात्मवेदिनो जनाः ।
अधिभूतं च कर्म्माणि शक्रस्तत्राधिदैवतम् ॥ ८९ ॥

तृतीय भूत ज्योति अर्थात् अग्नि है, वहां चक्षु अध्यात्म, रूप अधिभूत और सूर्य्य अधिदैव कहे गये हैं ॥ ८३ ॥ चतुर्थ भूत जल है वहां जिह्वा अध्यात्म, रस अधिभूत और सोम अधिदैव कहे गये हैं ॥ ८४ ॥ पञ्चम भूत पृथिवी है, वहां घ्राण अध्यात्म, गन्ध अधिभूत और वायु अधिदैव कहे गये हैं ॥ ८५ ॥ तत्त्वदर्शी ब्राह्मण कहते हैं कि पाद (पैर) अध्यात्म है, गन्तव्य अधिभूत है और वहां विष्णु अधिदैव हैं ॥ ८६ ॥ निम्न गतिशील अपान है, वहां पायु अध्यात्म, विसर्ग अधिभूत और मित्र अधिदैव है ॥ ८७ ॥ सब जीवोंका उत्पादक उपस्थ अध्यात्म है, शुक्र अधिभूत और प्रजापति अधिदैव हैं ॥ ८८ ॥ अध्यात्म शास्त्रके पण्डितगण दोनों हाथोंको अध्यात्म कहते हैं, कर्म्म

वैश्वदेवी ततः पूर्वा वागध्यात्ममिहोच्यते ।
वक्तव्यमधिभूतञ्च वह्निस्तत्राधिदैवतम् ॥ ९० ॥
अहङ्कारस्तथाऽध्यात्मं सर्वसंसारकारकम् ।
अभिमानोऽधिभूतञ्च रुद्रस्तत्राधिदैवतम् ॥ ९१ ॥
बुद्धिरध्यात्ममित्याहुर्यथावदभिदर्शिनः ।
बोद्धव्यमधिभूतं तु क्षेत्रज्ञश्चाधिदैवतम् ॥ ९२ ॥
अध्यात्मं मन इत्याहुः पञ्चभूतात्मवारकम् ।
अधिभूतञ्च संकल्पश्चन्द्रमाश्चाधिदैवतम् ॥ ९३ ॥
वेदः शब्दमयं ज्ञेयं मत्स्वरूपं न संशयः ।
मन्त्रास्तत्राधिभूतं स्यादीश्वरश्चाधिदैवतम् ॥ ९४ ॥
ज्ञानमध्यात्ममित्याहुर्वेदनिष्णातबुद्धयः ।
सरस्वत्याश्च गायत्र्याः सावित्र्याश्च तथैव हि ॥ ९५ ॥
मच्छक्तिरेव वेदेषु त्रीणि रूपाणि बिभ्रती ।
ज्ञानशक्तिः क्रियाशक्तिर्यज्ञशक्तिस्तथा द्विजाः ! ॥९६॥

अधिभूत और शक्र वहां अधिदैव है ॥ ८९ ॥ विश्वेदेवासे उत्पन्न प्रथम वाणी अध्यात्म है, वक्तव्य अधिभूत और वहां वह्नि अधिदैव है ॥ ९० ॥ समस्त संसारका कर्त्ता अहङ्कार अध्यात्म है, अभिमान अधिभूत और रुद्र वहां अधिदैव है ॥ ९१ ॥ यथार्थ देखनेवाले विद्वद्गण बुद्धिको अध्यात्म, ज्ञेयको अधिभूत और क्षेत्रज्ञको अधिदैव कहते हैं ॥ ९२ ॥ पञ्चभूतोंसे आत्माको आवृत करनेवाला मन अध्यात्म है, सङ्कल्प अधिभूत और चन्द्रमा अधिदैव है ॥ ९३ ॥ वेदको निःसन्देह मेरा शब्दमय स्वरूप जानना चाहिये । वेदविद्वर कहते हैं कि वहां श्रुतियां अधिभूत, ईश्वर अधिदैव और ज्ञान अध्यात्म है । हे विप्रो ! मेरी शक्तिही सरस्वती गायत्री और सावित्री ये तीन रूप धारण करके वेदोंमें ज्ञानशक्ति क्रियाशक्ति और यज्ञशक्ति इन

एतच्छक्तित्रयं नूनं समुत्पादयतेतराम् ।
नात्र कश्चन सन्देहो विद्यते विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ९७ ॥
निगमागमयोरैक्याच्छास्त्रेऽपि वेदसम्मते ।
सादृश्यं तु त्रिभावानामेवमेवास्त्यसंशयम् ॥ ९८ ॥
अन्तःकरणमेवास्ति कारणं बन्धमोक्षयोः ।
अहङ्कारो मनो बुद्धिश्चित्तश्चैतच्चतुष्टयम् ॥ ९९ ॥
तत्राधिभूतमेवास्ति ब्रह्मा तत्राधिदैवतम् ।
ममानन्दविलासश्च तत्राध्यात्मं समुच्यते ॥ १०० ॥
जगद्धारकधर्म्मस्याधिभूतं कर्म्म प्रोच्यते ।
उपासनाधिदैवं स्यादध्यात्मं ज्ञानमुच्यते ॥ १०१ ॥
धर्म्माङ्गेष्वपि सर्व्वेषु प्रत्येकं विद्यते द्विजाः ! ।
सम्बन्धो हि त्रिभावानां संशयो नात्र कश्चन ॥१०२॥
वेद एवास्ति भो विप्राः ! मदाज्ञायाः प्रकाशकः ।
वेदसम्मतशास्त्राणि तस्य व्याख्यानिभानि च ॥ १०३ ॥

तीन शक्तियोंको अवश्यही उत्पन्न करती है हे ब्राह्मणश्रेष्ठो ! इसमें कुछ सन्देह नहीं ॥ ९४–९७ ॥ वेद और वेदसम्मत शास्त्र एकही हैं इस कारण उन वेदसम्मत शास्त्रोंमें भी त्रिभावों का निःसन्देह ऐसाही सादृश्य है ॥९८॥ अन्तःकरणही बन्ध और मोक्षका कारण है, यहां मन बुद्धि चित्त और अहङ्कार ये चारोंही अधिभूत, ब्रह्मा अधिदैव और मेरा आनन्दविलास अध्यात्म कहा जाता है ॥ ९९–१०० ॥ जगद्धारक धर्म्मका अधिभूत कर्म्म, अधिदैव उपासना और अध्यात्म ज्ञानकाण्ड है ॥१०१॥ हे ब्राह्मणो ! सब धर्माङ्गोंमें से प्रत्येक धर्म्माङ्गके साथ भी भावत्रयका सम्बन्ध है इसमें कुछ संशय नहीं ॥ १०२ ॥ हे ब्राह्मणो ! वेदही मेरी आज्ञाका प्रकाशक है और वेदसम्मत शास्त्रसमूह

अहमेवास्म्यतो वेदे शास्त्रेषु तत्परेषु च ।
लौकिकी परकीया च समाधिनामिका तथा ॥ १०४ ॥
एतत्त्रयेण धृत्वाऽहं त्रिभावं भामि सन्ततम् ।
अधिभूतञ्च विद्यानां सर्वासां शास्त्रमुच्यते ॥ १०५ ॥
अधिदैवमृषिः प्रोक्तमध्यात्मं वेद उच्यते ।
अधिभूतं ध्रुवं सृष्टेः पिण्डसृष्टिर्महर्षयः ! ॥ १०६ ॥
ब्रह्माण्डसृष्टिरेवास्ति नूनं तत्राधिदैवतम् ।
सच्चितोर्नित्यमानन्दविलासोऽध्यात्ममुच्यते ॥ १०७ ॥
अनन्तकोटिब्रह्माण्ड-कारणं यच्च प्रोच्यते ।
पिण्डनाशोऽधिभूतं स्यात्प्रलयस्य महर्षयः ! ॥ १०८ ॥
प्राहुरज्ञाश्च यं मृत्युं जीवानां रोमहर्षणम् ।
ब्रह्माण्डप्रलयश्चास्ति विप्राः ! तत्राधिदैवतम् ॥ १०९ ॥
अध्यात्मं तत्र जीवानां मत्सायुज्यसमागमः ।
जीवस्यावरणं नूनं बन्धकारणमुच्यते ॥ ११० ॥

उसकी व्याख्यारूप है ॥ १०३ ॥ इस कारण वेद और वेदसम्मत शास्त्रोंमें मैं ही समाधिभाषा लौकिकभाषा और परकीयभाषा रूपसे त्रिविधभावोंको धारण करके निरन्तर प्रकाशित हूँ। सब विद्याओं का अधिभूत शास्त्र, अधिदैव ऋषि और अध्यात्म वेद कहागया है। हे महर्षिगण ! सृष्टिका अधिभूत पिण्ड सृष्टिही है, अधिदैव ब्रह्माण्ड सृष्टिही है और अध्यात्म मेरे चित् और सत्भावमें आनन्दका नित्य विलास कहा गया है जो अनन्त कोटि ब्रह्माण्डोंका कारण है। हे महर्षिगण ! प्रलयका पिण्ड प्रलय अधिभूत है जिसको अज्ञलोग जीवोंका रोमाञ्चकारी मृत्यु कहते हैं, अधिदैव ब्रह्माण्ड प्रलय है और अध्यात्म प्रलय जीवोंके मत्सायुज्य प्राप्त होने को कहते हैं। पाश अर्थात् आवरणही जीवके बन्धनका कारण कहा जाता है; हे

अधिभूतं हि यस्यास्ति कोपाणां पञ्चकं बुधाः ! ।
अधिदैवमविद्या मे सत्सत्ताऽध्यात्ममुच्यते ॥१११॥
सामञ्जस्यसुरक्षार्थं सृष्टेरुत्पद्यते तु यः ।
देवासुराख्यसंग्रामः पूर्णः सोऽपि त्रिभावतः ॥ ११२ ॥
विज्ञा महर्षयो नात्र काचित् कार्य्या विचारणा ।
धर्म्माधर्म्ममयीनां यद्वृत्तीनां द्वन्द्वसङ्गरम् ॥ ११३ ॥
अन्तःकरणमासाद्य जायते नित्यमद्भुतम् ।
देवासुराख्ययुद्धस्य तदेवाध्यात्ममुच्यते ॥ ११४ ॥
देवासुरं देवलोके युद्धं नैमित्तिकं तु यद् ।
भवेत्तदेव भो विप्रा आस्ते खल्वधिदैवतम् ॥ ११५ ॥
दैवीनामासुरीणाञ्च सम्पत्तीनां प्रभावतः ।
जायते मृत्युलोके यद्महायुद्धं परस्परम् ॥ ११६ ॥
अधिभूतं तदेवास्ति तस्य युद्धस्य निश्चितम् ।
ममैव प्रकृतिर्नूनमाश्रयेण ममैव तु ॥ ११७ ॥
आविर्भावयते सृष्टि-मपञ्चं सन्ततं द्विजाः ! ।

विप्रो ! जिसका पञ्चकोप अधिभूत अविद्या अधिदैव और मेरी सत्सत्ता अध्यात्म है ॥ १ ०४-११ ॥ हे विज्ञ ब्राह्मणो ! सृष्टि के सामञ्जस्यकी रक्षाके लिये जो देवासुर संग्राम हुआ करता है वह भी त्रिभावसे पूर्ण है यह निःसन्देह है । धर्म्मा-धर्म्म वृत्तियों का जो अन्तःकरणमें नित्य अद्भुत द्वन्द्व युद्ध होता है वही उसका अध्यात्म है ॥ ११२-११४ ॥ हे ब्राह्मणो ! देवलोकके नैमित्तिक देवासुर संग्राम ही अधिदैव हैं और मृत्युलोकमें दैवी और आसुरी सम्पत्तिके प्रभावसे जो परस्पर महा संग्राम होता है वही उसका अधिभूत है यह निश्चय है । हे विप्रो ! मेरी ही प्रकृति मेरे ही आश्रयसे सृष्टिप्रपञ्च निरन्तर प्रकट करती है इस

कारणं बन्धनस्यातः प्रकृतेर्मे गुणत्रयम् ॥ ११८ ॥
ये त्रिभावाश्रयान्मे तु पश्यन्ति प्रकृतिं मम ।
त्रिभिर्गुणैर्न बध्यन्ते प्रकृतेस्ते कदाचन ॥ ११९ ॥
मामकीनं स्वकीयञ्च गृहीत्वाऽऽदर्शमुत्तमम् ।
ममैषा प्रकृतिर्विप्राः ! संसारेऽपारसीमनि ॥ १२० ॥
नारीधारां नृधाराञ्च प्रोत्पाद्य विश्वमश्नुते ।
अतो धाराद्वयेऽस्मिंश्च बन्धमोक्षदशाद्वयम् ॥ १२१ ॥
कर्तुं सार्थकमेवास्ति द्विधा भावत्रयं खलु ।
सृष्टेर्दशायां दम्पत्योः क्षेत्रबीजे महर्षयः ! ॥ १२२ ॥
अधिभूतं तथा चास्ते पितरस्त्वधिदैवतम् ।
भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्म्मसंज्ञितः ॥१२३॥
अध्यात्मं प्रोच्यते तत्र नात्र कश्चन संशयः ।
मुक्तेर्दशायां दम्पत्योर्मल्लिङ्गं प्रकृतिश्च मे ॥ १२४ ॥
अधिभूतं तथास्ते सच्चिद्भावावधिदैवतम् ।

कारण मेरी प्रकृतिके तीन गुण बन्धनके हेतु होते हैं ॥ ११५-११८ ॥ परन्तु जो मेरे तीनों भावोंका आश्रय ग्रहण करके मेरी प्रकृतिको देखते हैं वे प्रकृतिके तीनों गुणोंसे कभी बन्धन प्राप्त नहीं होते ॥ ११९ ॥ हे विप्रो ! मेरे और अपने उदाहरणको लेकर मेरी यह प्रकृति अपार संसारमें स्त्रीधारा और पुरुषधाराको उत्पन्न करके जगत्को परिव्याप्त करती है इस कारण इन दोनों धाराओंमें बन्धन दशा और मुक्तदशा इन दोनोंकी चरितार्थके विचारसे निश्चय ही त्रिभावके दो भेद हैं । हे महर्षिगण ! सृष्टिदशामें स्त्री और पुरुषमें क्षेत्र और बीज अधिभूत, पितृगण अधिदैव और वहां भूतभावोद्भवकर विसर्गरूपी कर्म्म अध्यात्म कहा जाता है इसमें कुछ सन्देह नहीं और मुक्तिदशामें स्त्री और पुरुषमें मेरी प्रकृति और

परमानन्द एवास्ति तत्राध्यात्मं न संशयः ॥ १२५ ॥
ब्राह्मणाः ! इत्थमेवाहं त्रिभावैर्देशकालयोः ।
पात्रेऽपि दर्शनं दत्त्वा स्वभक्तान् ज्ञानिनो ध्रुवम् ॥१२६॥
प्रकृतेर्बन्धनान्नूनं मोचयामि न संशयः ।
एतद्गूढरहस्यं वः कथितं विप्रपुङ्गवाः ! ॥ १२७ ॥
शुद्धभावमयो यश्च पूर्णशक्तिप्रकाशकः ॥
ॐतत्सदिति मन्त्रो हि मद्भावत्रयवाचकः ॥ १२८ ॥
भावनाभिस्तदर्थानां तज्जपश्च निरन्तरम् ॥
मद्भक्तैर्ज्ञाननिष्णातैर्मन्त्रतत्त्वपरायणैः ॥ १२९ ॥
अविभक्तज्ञानपूर्णा तैरन्तर्दृष्टिराप्यते ॥
ममैव सच्चिदानन्द-भावत्रयसमाश्रयात् ॥ १३० ॥
नन्वध्यात्माधिदैवाधिभूतरूपं महर्षयः ! ॥
भावत्रयं हि सर्वास्मिन् कार्य्यब्रह्मणि भासते ॥ १३१ ॥
दृश्यं नातो भवेत् किञ्चिच्छून्यं भावत्रयेण वै ॥

मेरा लिङ्गरूप अधिभूत, मेरा सत् और चिद्भाव अधिदैव और यहां निःसन्देह परमानन्द ही अध्यात्म है ॥१२०-१२५॥ हे ब्राह्मणों ! मैं इसी प्रकारसे सब देश काल और पात्रोंमें त्रिभावोंसे दर्शन देकर प्रकृतिके बन्धनसे अपने ज्ञानी भक्तोंको निश्चय ही बचाया करता हूँ इसमें सन्देह नहीं ! हे ब्राह्मणश्रेष्ठो ! मैंने आपलोगोंसे यह गूढ रहस्य कहा है ॥ १२६-१२७ ॥ शुद्ध भावमय पूर्ण शक्ति प्रकाशक जो मेरे तीन भावोंका वाचक ॐतत्सत् मन्त्र है उसका निरन्तर जप और उसके अर्थों की भावना द्वारा ज्ञाननिष्णात और मन्त्रतत्त्व-परायण मेरे भक्तोंको अविभक्तज्ञानपूर्ण अन्तर्दृष्टि प्राप्त होती है। हे महर्षियो ! मेरे ही सत् चित् और आनन्द इन तीनों भावोंको आश्रय करके अध्यात्म अधिदैव और अधिभूतरूपी त्रिभाव सम्पूर्ण कार्य्यब्रह्ममें निश्चय ही प्रकट हैं ॥ १२८-१३१ ॥ इस कारण

प्राप्य भक्तेः पराकाष्ठां ज्ञानयोगान्तिमस्थलीम् ॥ १३२ ॥
यदा मे ज्ञानिनो भक्ता मां द्रष्टुं शक्नुवन्ति ह ।
सर्वेषु देशकालेषु तदा भावत्रयं मम ॥ १३३ ॥
भवन्त्यनुभवन्तस्ते मच्चित्ता नात्र संशयः ।
अघट्यघटनायां या मत्प्रकृतिर्मे पटीयसी ॥ १३४ ॥
सा त्रैगुण्यमयी देवी तमःसत्त्वरजोऽभिधैः ।
त्रिभिर्गुणैस्तदा नालं बद्धुं भक्तान् मम प्रियान् ॥ १३५ ॥
अहो मत्प्रकृतिश्चैव विद्यारूपं समाश्रिता ।
नयते ज्ञानिनो भक्तान् मत्सायुज्यं न संशयः ॥ १३६ ॥

इति श्रीधीशगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे धीशर्षि-संवादे स्वस्वरूपभावनिरूपणं नाम प्रथमोऽध्यायः ।

त्रिभावसे रहित कोई दृश्य हो ही नहीं सक्ता । मेरे ज्ञानी भक्त जब ज्ञानयोगकी अन्तिम स्थलरूपा भक्तिकी पराकाष्ठाको प्राप्त करके मेरे दर्शन करनेमें समर्थ होते हैं तब वे सब देश और कालमें मेरे त्रिभावका अनुभव करते हुए निःसन्देह मद्गतचित्त हो जाते हैं। उस समय अघटनघटनापटीयसी त्रिगुणमयी मेरी प्रकृतिदेवी सत्त्व रज और तमरूपी तीनों गुणोंसे मेरे भक्तोंको बन्धन करनेमें असमर्थ हो जाती है। अहो ! मेरी प्रकृति ही विद्यारूप धारण करके ज्ञानी भक्तोंको मत्सायुज्य प्राप्त कराती है, इसमें सन्देह नहीं ॥ १३२-१३६ ॥

इसप्रकार श्रीधीशगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धि धीशर्षि-सम्वादात्मक योगशास्त्रका स्वस्वरूपभावनिरूपण नामक प्रथम अध्याय समाप्त हुआ ।

सिद्धिस्वरूपनिरूपणम् ।

महर्षय ऊचुः ॥ १ ॥

ज्ञात्वा लोकोत्तरं दिव्यं तत्त्वातीतं कृपानिधे ! ।
परतत्त्वात्मकं सम्यक् स्वरूपं ते यथार्थतः ॥ २ ॥
दृश्यप्रपञ्चजातञ्च परिव्याप्नुवतोऽखिलम् ।
त्रिभावात्मकरूपस्य रहस्यं परमाद्भुतम् ॥ ३ ॥
समाकर्ण्य वयं जाताः कृतकृत्या न संशयः ।
किन्त्वन्यदेव नो जातं परं कौतूहलं हृदि ॥ ४ ॥
पश्यामः साम्प्रतं सप्त-ज्ञानभूमेरुपर्य्यहो ।
भवन्तं सुखमासीनं सुरम्ये कमलासने ॥ ५ ॥
धीश ! सर्वज्ञ ! सर्व्वात्मन्नासितस्यास्य ते विभो ! ।
सौन्दर्य्यं कमलस्यास्ते वाङ्मनोबुद्ध्यगोचरम् ॥ ६ ॥
शरीरं भवतो धीश ! रक्तवर्णमपि प्रभो ! ।

महर्षिगण बोले ॥ १ ॥

हे कृपानिधे ! आपके लोकोत्तर दिव्य और तत्त्वातीत परम-तत्त्वरूपी स्वरूपको यथार्थरूपसे भलीभांति जानकर और सम्पूर्ण दृश्यप्रपञ्चसमूहमें परिव्याप्त आपके त्रिभावात्मक स्वरूपका परम अद्भुत रहस्य सुनकर हम निस्सन्देह कृतकृत्य हुए हैं; परन्तु हमारे हृदयमें एक और ही महान् कौतूहल (आश्चर्य) उत्पन्न हुआ है॥२-४॥ अहो ! इस समय हम देख रहे हैं कि सप्त ज्ञानभूमिके ऊपर सुरम्य कमल पर आप सुखपूर्वक आसीन हैं ॥५॥ हे सर्वात्मन् ! हे विभो ! हे सर्वज्ञ धीश ! जिस पर आप बैठे हुए हैं, उस कमलका सौन्दर्य्य वाक् मन और बुद्धिसे अतीत है ॥ ६ ॥ हे प्रभो धीश ! आपके शरीरका वर्ण रक्त होने पर भी वह रक्त आदि सब रंगों

अतीतं सर्ववर्णेभ्यो रक्तादिभ्योऽधुनात्यलम् ॥ ७ ॥
तर्पयत्यस्मदीयां वै रूपदर्शनलालसाम् ।
चक्रपद्मत्रिशूलैस्तु मोदकेन च भूषितैः ॥ ८ ॥
करैर्दिव्यैरेभिरस्त्रैर्भवान् नित्यं चतुर्भुजः ।
कैवल्याभ्युदयौ दातुमिवाश्वासयते च नः ॥ ९ ॥
समाधत्ते च नो बुद्धिं भवान् भूत्वा गजाननः ।
उपदिष्टा वयं पूर्वं भवता यत्ततस्तव ॥ १० ॥
ईशा ज्ञातुं स्वरूपस्य रहस्यं यत्किमप्यहो ।
सुन्दरीं लोहिताङ्गीन्तु भवद्वामाङ्कवर्त्तिनीम् ॥ ११ ॥
शङ्खशक्त्यब्जचक्रातिविभूषितचतुर्भुजाम् ।
यां विश्वमोहिनीं देवीं षोडशीं शक्तिशालिनीम् ॥ १२ ॥
पश्यामो वयमेतस्याः स्वरूपस्याधुनावधि ।
नाज्ञासिष्म रहस्यं तत् कृपां कृत्वैव साम्प्रतम् ॥ १३ ॥

से अतीत होकर हमारी रूपदर्शनतृष्णाको इस समय भलीभांति तृप्त कर रहा है । आप चतुर्भुज होकर अपने चक्र पद्म त्रिशूल और मोदकरूप दिव्यास्त्रोंसे विभूषित इन हाथोंसे अभ्युदय और निःश्रेयस प्रदान करनेकेलिये मानों हमको नित्य आश्वासित कर रहे हैं ॥ ७-९ ॥ और आप गजवदन होकर हमारी बुद्धिको समाहित कर रहे हैं । आपने पहले जो हमें उपदेश दिया है उसके द्वारा अहो ! हम आपके स्वरूपके रहस्य को तो यत्किञ्चित् समझने में समर्थ हुए हैं परन्तु आपके वाम-अङ्क-वर्त्तिनी शङ्ख चक्र शक्ति और पद्म से अति विभूषित चतुर्भुजा लोहितवर्णाङ्गी और शक्ति शालिनी षोडशी जगत् मोहिनी जिस देवी को हम लोग देखते हैं उनके स्वरूप का रहस्य अभी तक हमारे समझ में नहीं आया, इस लिये इस समय कृपा करके ही वे कौन हैं ? उनका स्वरूप क्या है ?

"कास्तेऽसौ ? तत्स्वरूपं किं ? तद्रहस्यञ्च विस्तृतम् ?" ।
व्यासतो वर्णयित्वैतत् कृतकृत्यान् कुरुष्व नः ॥ १४ ॥

गणपतिरुवाच ॥ १५ ॥

शक्तिरेषा ममैवास्ते सर्वकार्य्यसहायिका ।
सिद्धि नाम्ना च यामाहुर्ब्राह्मणा वेदपारगाः ॥ १६ ॥
ममैव प्रकृतिर्विप्राः ! सदा त्रैगुण्यशोभिता ।
अत्यन्तं सा प्रसीदन्ती सिद्धिरूपञ्च बिभ्रती ॥ १७ ॥
सेवायां मे रता नित्यं मामुपाश्रित्य राजते ।
पूर्णाङ्गललिता रम्या षोड़शी सर्वसुन्दरी ॥ १८ ॥
चक्राब्जशङ्खशक्तीनां धारिणी शक्तिरूपिणी ।
सिद्धिर्विच्यवते नैव सेवातो मे कदाचन ॥ १९ ॥
अपि चेन्निरपेक्षोऽहं तत्सेवाऽऽदानकर्म्मणि ।
शुश्रूषते तथाप्येषा धृत्वा रूपं चतुर्विधम् ॥ २० ॥

और उनका विस्तारित रहस्य क्या है ? सो विस्तार पूर्वक वर्णन करके हमको कृतकृत्य कीजिये ॥ १३-१४ ॥

गणपति बोले ॥ १५ ॥

मेरे सब कार्य्यों में सहायिका ये देवी मेरी ही शक्ति हैं, वेदज्ञ ब्राह्मण गण जिनको सिद्धि नाम से अभिहित करते हैं ॥ १६ ॥ हे विप्रवृन्द ! मेरी त्रिगुणशोभित प्रकृति ही सिद्धिरूप धारण करके सदा मेरी सेवामें अति प्रसन्न होकर रत रहती हुई निरन्तर मेरा आश्रय करके शोभायमान है । पूर्ण अवयवसुशोभित षोड़शी सर्व सौन्दर्य्यसमन्विता मनोहारिणी शङ्ख चक्र शक्ति पद्मधारिणी शक्तिरूपिणी सिद्धि किसी समयभी मेरी सेवासे च्युत नहीं होती है ॥ १७-१९ ॥ यद्यपि मैं इसकी सेवा ग्रहण करनेमें निरपेक्ष रहता हूँ तौभी यह चतुर्विध रूप धारण करके मेरी सेवाकी इच्छा करती

नन्वध्यात्माधिदैवाधिभूतानि सहजं तथा ।
सिद्धेरस्या हि रूपाणि चत्वारि ब्राह्मणोत्तमाः ! ॥ २१ ॥
ऐश्वर्य्यस्य चिता यद्वत् बलस्य च सता यथा ।
सम्बन्धः कर्म्मणः शक्त्या रूपस्य तेजसा सह ॥ २२ ॥
तथैवास्ते च सम्बन्धः सिद्धेः सार्द्धं मया ध्रुवम् ।
सम्बन्धोऽयमपूर्वोऽस्ति नात्र कार्य्या विचारणा ॥ २३ ॥
विष्णोः प्रिया यथा लक्ष्मीः प्रिया श्यामा शिवस्य च ।
ब्रह्ममय्या महाशक्तेः प्रिय आस्ते यथा पुनः ॥ २४ ॥
चिद्विलासात्मको भावः स्वकार्य्यब्रह्मणः खलु ।
अरुणोऽस्ति यथा विज्ञाः ! सूर्य्यदेवस्य च प्रियः ॥ २५ ॥
महर्षयस्तथैवास्ते सिद्धिरेषा हि मे प्रिया ।
परन्तु निर्विकारं मां निर्लिप्तं ज्ञानरूपिणम् ॥ २६ ॥
स्वप्रेमावरणे सिद्धिर्नासज्जयितुमस्त्यलम् ।
अलौकिकोऽस्ति सम्बन्धः सिद्ध्यैवं मे महर्षयः ! ॥ २७ ॥

है ॥ २० ॥ इसी कारण हे ब्राह्मण श्रेष्ठो ! इस सिद्धिके चार भेद हैं यथा-अधिभूतसिद्धि, अधिदैवसिद्धि, अध्यात्मसिद्धि और सहजसिद्धि ॥ २१ ॥ जिस प्रकार चित्के साथ ऐश्वर्य्यका सम्बन्ध है, सत्के साथ बलका सम्बन्ध है, शक्तिके साथ कर्म्मका सम्बन्ध है और तेजके साथ रूपका सम्बन्ध है उसी प्रकार मेरे साथ सिद्धिका नित्य सम्बन्ध है । यह सम्बन्ध अलौकिक है, इसमें विचार न करना ॥ २२-२३ ॥ हे विज्ञो ! जिस प्रकार विष्णुको लक्ष्मी प्रिय है, शम्भुको श्यामा प्रिय है और पुनः जिस प्रकार ब्रह्मरूपिणी महाशक्तिको स्वकार्यब्रह्मका चिद्विलासरूप भाव प्रिय है, एवं जिस प्रकार सूर्य्यदेवको अरुण प्रिय है उसी प्रकारसे हे महर्षिगण ! मुझको यह सिद्धि ही प्रिय है; परन्तु निर्लिप्त निर्विकार और ज्ञानस्वरूप मुझको सिद्धि अपने प्रेमके आवरणसे फंसा नहीं सकी । हे महर्षिगण ! इस प्रकारका सिद्धिके साथ मेरा अलौकिक सम्बन्ध

मन्त्रसिद्धिस्तपःसिद्धिर्योगसिद्धिस्तथैव च ।
एवं नानाविधा लोके विख्याता याश्च सिद्धयः ॥ २८ ॥
उत याः सिद्धयो विप्रा ऐश्यः सन्त्यणिमादयः ।
जैव्यो वा सिद्धयः सन्ति या मेधाप्रतिभादयः ॥ २९ ॥
ओषधीसिद्धयो याश्च या रसायनमूलिकाः ।
पदार्थसिद्धयो याश्च विश्वस्मिन्मन्त्रदर्शिनः ! ॥ ३० ॥
धनसिद्धिर्बलसिद्धिः सिद्धिश्च पुरुषार्थगा ।
सम्मोहनादयः ख्याताः सन्ति वा याश्च सिद्धयः ॥ ३१ ॥
ज्ञानस्य सिद्धयो नाना वेदशास्त्रप्रकाशिकाः ।
सर्व्वास्तास्सन्ति मत्सिद्धेरङ्गभूता न संशयः ॥ ३२ ॥
जन्मौषधिपदोपास्तितपोमन्त्रसमाधिभिः ।
संयमेनापि लभ्यन्ते सिद्धयोऽलौकिका द्विजाः ! ॥ ३३ ॥
अष्टोपायाः प्रधाना हि सन्तीमे सिद्धिलब्धये ।
सन्ति जातिस्मरत्वादिसिद्धयो जन्मसिद्धयः ॥ ३४ ॥

है ॥ २४-२७ ॥ जगत्में जो मन्त्रसिद्धि तपसिद्धि और योगसिद्धि, इस प्रकार नानाविध सिद्धियां प्रचलित हैं और हे विप्रगण ! जगत्में जो अणिमा लघिमा आदि ऐशी सिद्धियां हैं अथवा जो मेधा प्रतिभा आदि जैवसिद्धियां प्रचलित हैं या जगत्में जो औषधिसिद्धि रसायनसिद्धि और पदार्थसिद्धि नामसे प्रचलित हैं और हे मन्त्रदर्शिगण ! जगत्में जो धनसिद्धि, बलसिद्धि, पुरुषार्थसिद्धि, संमोहिन करनेकी सिद्धि आदि प्रचलित हैं और जगत्में जो वेद तथा नानाशास्त्रके प्रकाशकी जो नानाज्ञानसम्बन्धीय सिद्धियां हैं वे सब मेरी सिद्धिकी ही अङ्गभूत हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ २८-३२ ॥ हे विप्रो ! जन्म, पद, औषधि, मन्त्र, उपासना, तप, संयम और समाधिके द्वारा अलौकिक सिद्धियां प्राप्त होती हैं ॥ ३३ ॥ सिद्धिलाभके लिये ये ही आठ उपाय प्रधान हैं । जातिस्मरत्व आदि सिद्धियां जन्म-

या सिद्धगुटिका कायकल्पश्चैव रसायनम ।
अन्या चैवंविधा सिद्धिरोषधीसिद्धिरुच्यते ॥ ३५ ॥
नैमित्तिकयश्च या देव-शक्तयो राजशक्तयः ।
अन्याश्चैवंविधाः सर्वाः शक्तयः पदसिद्धयः ॥ ३६ ॥
उपास्तेः सिद्धयः सन्ति देवतादर्शनादयः ।
यासु सिद्धिषु लब्धासु जायतेऽभ्युदयो ध्रुवम् ॥ ३७ ॥
षड्वशीकरणादीनि यानि कर्म्माणि सन्ति च ।
अन्यान्यन्तर्भवन्त्येवं मन्त्रसिद्धौ न संशयः ॥ ३८ ॥
नैवास्त्येवाम्विधा सिद्धिर्दैवी वा कापि लौकिकी ।
या संयमसमाधिभ्यां लभ्येत तपसा न वा ॥ ३९ ॥
चतुर्विधा हि लभ्यन्ते सिद्धयो निश्चितं द्विजाः ! ।
उपायैरष्टाभिः प्रोक्तैर्नात्र कार्य्या विचारणा ॥ ४० ॥
अनन्ताः सिद्धयो याश्च लोके मच्छक्तिसम्भवाः ।
विभक्तास्सन्ति तास्सर्वाश्चतुर्धैव मया पुरा ॥ ४१ ॥

सिद्धियां हैं ॥३४॥ सिद्धगुटिका कायाकल्प रसायन और इस प्रकार की अन्यान्य सिद्धियां ओषधि सिद्धियां कहाती हैं ॥ ३५ ॥ राजशक्ति और नैमित्तिक देवशक्ति और अन्यान्य इस प्रकारकी सब शक्तियां पद-सिद्धियां कहाती हैं ॥ ३६ ॥ देवदर्शनादि उपासना सिद्धियां कहाती हैं जिनके प्राप्त होने पर अवश्य अभ्युदय होता है ॥ ३७ ॥ वशीकरणादि षट्कर्म्म तथा उसी प्रकार की और सिद्धियां मन्त्रसिद्धि के अन्तर्गत हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ ३८ ॥ तप संयम और समाधि द्वारा दैवी या लौकिकी ऐसी कोई भी सिद्धि नहीं जो प्राप्त न हो सके ॥ ३९ ॥ हे विप्रो ! इन आठ उपायों के द्वारा चतुर्विध ही सिद्धियां निश्चय प्राप्त हुआ करती हैं इसमें विचार न करो ॥ ४० ॥ संसारमें मेरी शक्तिसे उत्पन्न जो अनन्त प्रकारकी सिद्धियां हैं मेरे द्वारा पहले ही से वे सब चार श्रेणियोंमें विभक्त हैं और

तासाञ्च लब्धये नूनमुपाया अष्ट निर्मिताः ।
तैरेव ताश्च प्राप्यन्ते निश्चितं विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ४२ ॥

कुर्वाणा लौकिकं कार्य्यं सन्ति याः सिद्धयोऽखिलाः ।
ता ज्ञेया निखिला विप्रा आधिभौतिकसिद्धयः ॥ ४३ ॥

या दैवकार्य्यकारिण्यः सिद्धयः सम्प्रकीर्त्तिताः ।
ता ज्ञेया आधिदैविक्यः सिद्धयो निखिलाः खलु ॥ ४४ ॥

सिद्धयो ज्ञानविज्ञान-प्रकाशिन्यश्च या इह ।
आध्यात्मिक्यश्च सर्वास्ताः सिद्धयः प्रोचिरे बुधैः ॥ ४५ ॥

भवतां मन्त्रद्रष्टॄणां सिद्धयोऽन्तर्गता इह ।
नैवात्र विस्मयः कार्य्यो भवद्भिर्विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ४६ ॥

सहजाख्या तु या सिद्धिर्वर्त्तते विज्ञसत्तमाः !।
एताभ्यः सर्वसिद्धिभ्यः सा नितान्तमलौकिकी ॥ ४७ ॥

ममावतारवृन्देऽसौ स्वत एव प्रकाशते ।
तत्त्वज्ञानैर्महात्मानो मनोनाशेन वै ध्रुवम् ॥ ४८ ॥

उनकी प्राप्तिके लिये ही आठ उपाय मैंने विधान किये हैं, हे ब्राह्मणो! उन्हीं के द्वारा वे अवश्य प्राप्त होती हैं ॥ ४१-४२ ॥ हे विप्रो । सब लौकिक कार्य्यकारिणी सिद्धियोंको आधिभौतिक सिद्धियां, दैवकार्यकारिणी सब सिद्धियोंको आधिदैविक सिद्धियां और ज्ञानविज्ञानप्रकाशक सब सिद्धियोंको संसारमें बुधगण अध्यात्मिकसिद्धियां कहते हैं ॥ ४३-४५ ॥ मन्त्रद्रष्टा आपलोगोंकी सिद्धियां हे विप्रश्रेष्ठो ! इसी सिद्धिके अन्तर्गत हैं इसमें विस्मय न करो ॥ ४६ ॥ परन्तु हे विज्ञवरो ! सहज नाम्नी जो सिद्धि है वह इन सब सिद्धियोंसे अत्यन्त अलौकिक है ॥ ४७ ॥ मेरे अवतारोंमें इस सहज सिद्धिका स्वतःही अत्यन्त विकाश होता है और महापुरुषगण जब तत्त्वज्ञान वासनाक्षय और मनोनाशके द्वारा अपने जीवभाव को निश्चय

निर्वासनतया चैवोन्मूलयन्तः स्वजीवताम् ।
शिवरूपीभवन्तश्च समाधौ निर्विकल्पके ॥ ४९ ॥
तिष्ठन्तो यान्ति मय्येव लयमेकान्ततो यदा ।
मदिच्छया तदा तेषु सहजा कर्हिचिद्भवेत् ॥ ५० ॥
उन्नताः सहजा बह्व्यः सिद्धयो यद्यपि द्विजाः ! ।
तास्वहो सन्ति मुख्यास्तु त्रयस्त्रिंशच्च केवलम् ॥ ५१ ॥
योगिवृन्देऽवतारेषु जीवन्मुक्तमहात्मसु ।
तपस्विषु प्रकाशन्ते त्रयस्त्रिंशच्च सिद्धयः ॥ ५२ ॥
समाहितैर्भवद्भिस्ताः श्रूयन्तां वर्णयाम्यहम् ।
तासां नामानि पुण्यानि भवतामन्तिके द्विजाः ! ॥ ५३ ॥
एताः सर्वाः सिद्धयो हि वेदशास्त्रेषु वर्णिताः ।
अणिमा लघिमा प्राप्तिः प्राकाम्यं महिमा तथा ॥ ५४ ॥
वशित्वं गरिमेशित्वे तथा कामावसायिता ।
दूरश्रवणमेवालं परकायप्रवेशनम् ॥ ५५ ॥

नाश करके ही शिवस्वरूप हो निर्विकल्प समाधिस्थ रहते हुए मुझमें ही एकदम लीन होते हैं तब उनमें मेरी इच्छासे कभी कभी सहज सिद्धिका विकाश हुआ करता है ॥ ४८-५० ॥ हे ब्राह्मणों ! यद्यपि उच्चश्रेणीकी सहज सिद्धियां अनेक हैं तौभी अहो ! उनमें से केवल तैंतीस ही मुख्य हैं ॥ ५१ ॥ अवतारोंमें, योगियोंमें और जीवन्मुक्त महापुरुषों तथा तपस्वियोंमें तैंतीस प्रकारकी सिद्धियां प्रकट होती हैं ॥ ५२ ॥ हे ब्राह्मणो ! उनके पवित्र नामोंका वर्णन आपके समीप करता हूँ उनको आपलोग सावधान होकर सुनो ॥ ५३ ॥ अणिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, वशित्व, गरिमा, ईशित्व, कामावसायिता, दूरश्रवण, परकायप्रवेश, मनोयायित्व, अभीप्सित सर्वज्ञत्व, वह्निस्तम्भ, जलस्तम्भ, चिरजी-

मनोयायित्वमेवेति सर्वज्ञत्वमभीप्सितम् ।
वह्निस्तम्भो जलस्तम्भः चिरजीवित्वमेव वा ॥ ५६ ॥
वायुस्तम्भः क्षुत्पिपासानिद्रास्तम्भनमेव च ॥
कायव्यूहश्च वाक्सिद्धिर्मृतानयनमीप्सितम् ॥ ५७ ॥
सृष्टिसंहारकर्तृत्वं प्राणाकर्षणमेव च ।
प्राणानाञ्च प्रदानञ्च लोभादीनाञ्च स्तम्भनम् ॥ ५८ ॥
इन्द्रियाणां स्तम्भनञ्च बुद्धिस्तम्भनमेव च ।
कल्पवृक्षत्वसत्यानुसन्धाने अमरत्वकम् ॥ ५९ ॥
अघटयघटनायां या प्रकृतिर्मे पटीयसी ।
जगद्विमोहिनी सैव महामायापराभिधा ॥ ६० ॥
महतो ज्ञानिनश्चैवं योगिनोऽपि तपस्विनः ।
सिद्धिसार्थैरनेकैर्हि मोहयन्ती निरन्तरम् ॥ ६१ ॥
आवागमनचक्रेऽस्मिन् स्वविलासात्मके मुहुः ।
मोक्षमार्गञ्च रुन्धाना घूर्णयेत समन्ततः ॥ ६२ ॥
ब्राह्मणाः ! प्रकृतिर्मेऽसौ महामायापराभिधा ।

वित्व, वायुस्तम्भ, क्षुत्स्तम्भ, पिपासास्तम्भ, निद्रास्तम्भ, कायव्यूह, वाक्सिद्धि, ईप्सितमृतानयन, सृष्टिकर्तृत्व, संहारकर्तृत्व, प्राणाकर्षण, प्राणप्रदान, लोभादिस्तम्भन, इन्द्रियस्तम्भन, बुद्धिस्तम्भन, कल्पवृक्षत्व, अमरत्व और सत्यानुसन्धान, ये सब सिद्धियां वेद और शास्त्रोंमें वर्णित हैं ॥ ५४-५९ ॥ जो अघटनघटनापटीयसी जगद्विमोहिनी मेरी प्रकृति है और जिसका दूसरा नाम महामाया है वही तपस्वियोंको योगियोंको और बड़े बड़े ज्ञानियोंको भी नानासिद्धियोंके द्वारा ही निरन्तर विमोहित करके मुक्तिमार्गको रोकती हुई अपने विलासस्वरूप इस आवागमनचक्रमें चारों ओर बारबार घुमाया करती है ॥ ६०-६२ ॥ परन्तु हे ब्राह्मणो ! महामायानाम्नी वह मेरी

किन्तु मे ज्ञानिनो भक्तान् मोहितुं न कदाप्यलम् ॥ ६३ ॥
कुलाङ्गनानां साध्वीनामङ्गानीव दर्शनम् ।
ज्ञानिनां मम भक्तानां भवेत् सिद्धिप्रकाशनम् ॥ ६४ ॥
पुरुषांश्च परान् कांश्चिद् यथा काश्चित् कुलाङ्गनाः ।
दर्शनाय निजाङ्गानां न क्षमन्ते कदाचन ॥ ६५ ॥
भवन्त्युत्कण्ठिताः किन्तु सर्वथा जनसंसदि ।
दर्शनाय निजाङ्गानां निर्लज्जाः कुलटा मुहुः ॥ ६६ ॥
सर्वसामर्थ्यवन्तोऽपि मद्भक्ता ज्ञानिनस्तथा ।
सिद्धिं स्वां नैव भो विप्राः! द्योतयन्ते कदाचन ॥ ६७ ॥
योगिनो भक्तिहीनास्तु लक्ष्यहीनास्तपस्विनः ।
साधका उग्रकर्म्माणो ज्ञानहीनास्तथा द्विजाः! ॥ ६८ ॥
स्वीयाः सिद्धीर्वणिग्वृत्त्या सम्प्रकाश्य पतन्त्यलम् ।
प्रकाश्याः सिद्धयो नैव सर्वथाऽतो महात्मभिः ॥ ६९ ॥
कदाचिद्भ्रातरः पुत्रा आत्मीयाः स्वजना उत ।

प्रकृति मेरे ज्ञानी भक्तोंको कदापि विमोहित नहीं कर सकी ॥ ६३ ॥ मेरे ज्ञानी भक्तोंका सिद्धियोंको प्रकाश करना सती कुलकामिनियोंके अङ्ग दिखानेके समान होता है ॥ ६४ ॥ जिस प्रकार हे विप्रो! कोई भी कुलकामिनियां कदापि किन्हीं परपुरुषोंको अपने अङ्गोंको नहीं दिखा सकतीं परन्तु निर्लज्जा कुलटा अर्थात् व्यभिचारिणी स्त्रियां जनसमाजमें सब प्रकारसे अपने अङ्गोंको वार वार दिखानेके लिये उत्कण्ठित रहती हैं उसी प्रकार मेरे ज्ञानी भक्तगण सर्व्वसमर्थ होनेपर भी अपनी सिद्धिको कदापि प्रकट नहीं करते; किन्तु हे ब्राह्मणो! लक्ष्यहीन तपस्वी, भक्तिहीन योगी और ज्ञानहीन उग्रकर्म्मा साधक वणिक्वृत्तिसे अपनी सिद्धियोंको प्रकट करके अत्यन्त पतित होते हैं; इसलिये सर्वथा महात्माओंको सिद्धियां प्रकाशित नहीं करना चाहिये ॥ ६५-६९ ॥ जिस प्रकार भ्राता पुत्र

दैवादनिच्छयेक्षेरन् यथाङ्गानि कुलस्त्रियाः ॥ ७० ॥
ज्ञानिनां मम भक्तानां सिद्धीनां वैभवं तथा ।
प्रकटत्वं हठाद्याति दैवाल्लोके कदाचन ॥ ७१ ॥
हस्ताभ्यां मे यथा सिद्धिर्द्वाभ्यां विप्रा निरन्तरम् ।
मायामोहितजीवेभ्यः शक्त्यर्थौ प्रददत्यलम् ॥ ७२ ॥
बध्नात्यस्मिन् हि संसारे कारागारे चिरन्तने ।
तथाऽन्याभ्यां स्वहस्ताभ्यां धर्म्मार्थौ वितरन्त्यहो ॥ ७३ ॥
प्रदत्ते ज्ञानिभक्तेभ्यः कैवल्याभ्युदयौ ध्रुवम् ।
साधका मोहिता अज्ञाः कर्म्मस्वासक्तमानसाः ॥ ७४ ॥
माययोत्पादिताः सिद्धीः संसारे क्षणभङ्गुराः ।
परिणामस्वभावा हि लब्ध्वा तत्सेवया मुहुः ॥ ७५ ॥
नरके स्वर्गलोके च लोकयोः पितृप्रेतयोः ।
नित्यं घूर्णायमानास्ते सन्तप्यन्ते त्रितापतः ॥ ७६ ॥
किन्तु मे ज्ञानिनो भक्ताः परमानन्दसागरम् ।

आत्मीय और स्वजन अनिच्छासे कभी कभी कुलकामिनीका अङ्ग-दर्शन दैवात् कर लेते हैं उसी प्रकार मेरे ज्ञानी भक्तोंका सिद्धिवैभव दैवात् कभी कभी जगत्में हठात् प्रकाशित हो पड़ता है ॥ ७०-७१ ॥ हे विप्रो ! मेरी सिद्धि जिस प्रकार दो हाथोंसे मायाविमोहित जीवोंको निरन्तर अर्थ और शक्तिको भलीभांति देती हुई चिरन्तन कारागार रूपी संसारमें फंसा रखती है, उसी प्रकार अपने अन्य दो हाथोंसे धर्म्म और अर्थ देती हुई ज्ञानीभक्तोंको अभ्युदय और निःश्रेयस अवश्य प्रदान करती है। मोहित, ज्ञानहीन, कर्म्मासक्तचित्त साधक क्षणभङ्गुर परिणामशील और मायासे उत्पन्न सिद्धियोंको संसारमें प्राप्त करके उनकी सेवाद्वारा वारवार नरकलोक स्वर्गलोक प्रेतलोक और पितृलोकमें नित्य घूमते हुए वे त्रितापसे तापित होते रहते हैं ॥ ७२-७६ ॥ परन्तु मेरे ज्ञानीभक्तगण परमानन्दसागर

स्वरूपं तत्त्वतो ज्ञात्वा सच्चिदानन्दरूपकम् ॥ ७७ ॥
समस्तासिद्धिसर्वस्वं मामेव प्राप्नुवन्त्यलम् ।
निरापदं पदं श्रेष्ठमधिकुर्वन्ति मे ततः ॥ ७८ ॥

मच्छक्तिरूपिणी सिद्धिः प्रभावात्यन्तशोभिनी ।
मद्भक्तेर्विमुखाञ्जीवान् मत्तोऽलञ्च निवर्त्त्य सा ॥ ७९ ॥

संसारापारपाथोधावज्ञानावर्त्तसम्भ्रमे ।
निपात्य नितरां शश्वत् क्लिश्नातीह महर्षयः ! ॥ ८० ॥

भजतोऽनन्यभक्त्या मां भूयोऽसौ साधकान् वरान् ।
मत्समीपं समानीय कृतार्थान् कुरुते द्रुतम् ॥ ८१ ॥

यथा स्नेहमयी माता स्वात्मजानतियत्नतः ।
वर्द्धयन्ती प्रसादेन पुष्णन्ती पालयन्त्यपि ॥ ८२ ॥

अधिकारयते क्षिप्रं परमं मङ्गलास्पदम् ।
तथा कारुण्यपूर्णाऽसौ सिद्धिर्मातेव सर्वदा ॥ ८३ ॥

सच्चिदानन्दमय स्वरूपको यथार्थरूपसे जानकर समस्त सिद्धियोंका सर्वस्व अर्थात् परमसिद्धि रूपी मुझको ही भलीभांति प्राप्त करते हैं उसके बाद मेरे परमपदके अनायास अधिकारी होजाते हैं ॥ ७७-७८ ॥ मेरी शक्तिरूपिणी सिद्धि अतिप्रभावशालिनी है; हे महर्षिगण! वह मुझमें भक्तिहीन जीवोंको मुझसे अत्यन्त विमुख करके और अज्ञानरूपी आवर्त्त (जलभंवर) से संकुल इस संसाररूपी अपार समुद्रमें निरन्तर गिराकर सर्वदा क्लेशित करती है ॥ ७९-८० ॥ और पुनः वह मुझमें अनन्य भक्ति करनेवाले श्रेष्ठ साधकोंको मेरे निकट पहुंचा कर शीघ्र कृतार्थ कर देती है ॥ ८१ ॥ जिस प्रकार स्नेहमयी माता अपने पुत्रोंको बड़े यत्न से पालती पोसती और प्रसन्नतासे बढ़ाती हुई परममङ्गलमय अधिकारको शीघ्र प्राप्त करा देती है उसी प्रकार करुणामयी यह सिद्धि सदा

आर्त्तानर्थार्थिनो भक्तान् जिज्ञासूंस्तीनिमान्मम ।
नूनमानन्दसन्दोहमुत्साहञ्च ददत्यलम् ॥ ८४ ॥
निधत्तेऽग्रेसरान् क्षिप्रमाभिमुख्येन मे च तान् ।
मम सेवारतायाश्च स्वरूपं प्रकृतेर्द्विधा ॥ ८५ ॥
विभक्तं वर्त्तते विज्ञाः! नात्र कार्य्या विचारणा ।
एका पराभिधा ज्ञेया द्वितीयाऽपरनामिका ॥ ८६ ॥
अपरानामिका जीवान् प्रकृतिर्मेऽखिलानलम् ।
गुणत्रयात्मके जाले स्वस्मिन्नाश्लिष्य मायया ॥ ८७ ॥
द्वन्द्वस्यानुभवं तैश्च कारयन्ती निरन्तरम् ।
स्वविलासात्मकं लीलामयं जनयते जगत् ॥ ८८ ॥
परा मे प्रकृतिर्धन्या साधकानां हृदम्बुजे ।
भृङ्गावलीं पराभक्तिं सन्निवेश्य महर्षयः! ॥ ८९ ॥
दीपयन्ती त्रयाणाञ्च गुणानां वैभवं मुहुः ।

माताके समान आर्त्त जिज्ञासु और अर्थार्थी इन मेरे त्रिविध भक्तोंको निश्चय ही परम आनन्दसमूह और उत्साह भलीभांति देती हुई उनको शीघ्र मेरी ओर अग्रसर करती है । हे विबुधवरो ! मेरी सेवामें रता प्रकृतिके स्वरूप दो प्रकारसे विभक्त हैं, इसमें विचारनेकी कोई बात नहीं है, एक को परा और एकको अपरा जानो ॥ ८२-८६ ॥ अपरा नाम्नी मेरी प्रकृति अपने त्रिगुणात्मक जाल में सब जीवों को मायासे फंसा कर उनको द्वन्द्वका अनुभव निरन्तर कराती हुई अपने विलासरूपी लीलामय संसारको प्रकट करती है ॥ ८७-८८ ॥ और हे महर्षिगण ! मेरी धन्या परा प्रकृति साधकोंके हृदयकमलमें मेरी भक्तिरूपिणी भृङ्गावलीको संनिविष्ट करके त्रिगुणवैभवको बारबार दर्शन कराती हुई उनको द्वन्द्वातीत

द्वन्द्वातीतं पदं नीत्वा मामेनान् दर्शयत्यहो ॥ ९० ॥
अतो विज्ञवरा अत्र प्रकृतेर्मे दशाद्वये ।
मम सिद्धिस्वरूपस्य विकाशोऽपि द्विधा भवेत् ॥ ९१ ॥
अपरा सिद्धिरेकास्ति द्वितीया च परामिधा ।
नैकोक्तसिद्धिरूपाणि नानारूपाणि बिभ्रती ॥ ९२ ॥
सिद्धिर्मेऽस्त्यपरानाम्नी नात्र वः संशयो भवेत् ।
ज्ञानाधिकारिणो विप्राः ! पूज्या सिद्धिः पराभिधा ॥ ९३ ॥
चिन्मयी सात्त्विकी नित्या हिताऽद्वैतविधायिनी ।
स्वरूपानन्दसन्दोहद्योतिनी सा प्रकीर्त्तिता ॥ ९४ ॥
ऐश्यो मे सिद्धयो विप्राः ! कामनामन्तरेण मे ।
प्रकटत्वं हि संसारे नैव यान्ति कदाचन ॥ ९५ ॥
मामकीना यतः शक्तिर्न स्वेच्छाचारिणी भवेत् ।
अतो ममावतारेषु ज्ञानिष्वपि कदाचन ॥ ९६ ॥
भद्भक्तेषु प्रकाशेरन्नैश्यो मे सिद्धयः स्वतः ।

पदमें पहुंचाकर अहो ! मेरा दर्शन करादेती है ॥ ८९-९० ॥ इसी कारण हे विज्ञवरो ! मेरी प्रकृतिकी इन दो दशाओंमें मेरी सिद्धि-के स्वरूपका विकाश भी द्विविध होता है। एक परा सिद्धि और दूसरी अपरा सिद्धि नामसे अभिहित होती है। सिद्धि के जो अनेक रूप पहले कहे गये हैं वह नाना रूपधारिणी सिद्धि मेरी अपरा सिद्धि है इसमें आपलोगोंको सन्देह न होना चाहिये। हे ज्ञानके अधिकारी ब्राह्मणो ! जो पूज्या परानाम्नी सिद्धि है वह चिन्मयी सात्त्विकी नित्या हिता अद्वैतकारिणी और स्वरूपानन्दसन्दोहप्रकाशिनी कही गई है ॥ ९१-९४ ॥ हे ब्राह्मणो ! मेरी ऐशी सिद्धियां मेरी इच्छाके विना संसारमें कदापि प्रकाशित नहीं हो सकी ॥ ९५ ॥ क्योंकि मेरी शक्ति स्वेच्छाचारिणी नहीं हो सकी; इसी कारण मेरे अवतारोंमें

ममावतारवृन्दानामाविर्भावो महर्षयः ॥ ९७ ॥
अथवा ज्ञानिभक्तेषु ह्येवंस्याः सिद्धेः प्रकाशनम् ।
समष्टेर्जीववर्गस्य कर्म्मणो निघ्नमस्त्यहो ॥ ९८ ॥
सन्त्यतः सिद्धयो विप्रा ऐश्योऽत्यन्तं सुदुर्लभाः ।
स्वरूपं मम सिद्धेश्च ज्ञात्वा सम्यङ्महर्षयः ! ॥ ९९ ॥
कदाचिदपरासिद्धेर्मां श्लिष्यध्वं हि बन्धने ।
चिन्मय्या मे परासिद्धेर्महत्त्वं परमाद्भुतम् ॥ १०० ॥
ज्ञात्वोपास्य च तामेवाद्वैतानन्दप्रकाशकम् ।
द्वन्द्वातीतं लभध्वं हि शाश्वतं परमं पदम् ॥ १०१ ॥
स्थिरं लक्ष्यं विधायैवं द्विजाः ! सिद्धिस्वरूपिणि ।
आयुधे मोदके नूनं त्रिशूले मे त्रितापके ॥ १०२ ॥
दृष्टिक्षेपं न कुर्व्वीरन् भवन्तो हि कदाचन ।

और कभी कभी मेरे ज्ञानी भक्तोंमें भी मेरी ऐसी सिद्धयोंका प्रकाश स्वतः हुआ करता है । हे महर्षिगण ! मेरे अवतार समूहका अविर्भाव अथवा ज्ञानी भक्तोंमें ऐसी सिद्धिका विकाश अहो ! जीवोंके समष्टि कर्म्माधीन है ॥ ९६-९८ ॥ इसी कारण हे ब्राह्मणो ! ऐसी सिद्धियां अत्यन्त दुर्लभ हैं । हे महर्षियो ! आप मेरे स्वरूप और मेरी सिद्धिके स्वरूपको भलीप्रकार जानकर कभी भी मेरी अपरा सिद्धिके बन्धन-जालमें न फंसो और मेरी चिन्मयी परासिद्धिके परम अद्भुत महत्त्वको जानकर और उसकी ही उपासना करके द्वन्द्वातीत अद्वैतानन्दप्रकाशक सनातन परमपदको प्राप्त करो ॥ ९९-१०१ ॥ हे ब्राह्मणो ! आप इस प्रकार स्थिर लक्ष्य रखकर मेरे त्रितापरूपी त्रिशूल और सिद्धिरूपी मोदक जो आयुध हैं उनकी ओर कभी भी दृष्टि न रक्खो और चक्र और पद्मरूपी धर्म्म और मोक्ष पर निरन्तर

चक्रपद्मस्वरूपौ हि धर्म्ममोक्षौ निरन्तरम् ॥ १०३ ॥
अग्रेसरेयुः संलक्ष्य बाधां नेयुः कदाचन ।
सत्यमेतद्धि जानीत नात्र कश्चन संशयः ॥ १०४ ॥

इति श्रीधीशगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योग-
शास्त्रे धीशर्षिसंवादे सिद्धिस्वरूपनिरूपणं
नाम द्वितीयोऽध्यायः ।

लक्ष्य रखकर अग्रसर हों, कभी बाधाको प्राप्त नहीं होंगे, इसको सत्य जानो, इसमें कुछ संशय नहीं है ॥ १०२–१०४ ॥

इस प्रकार श्रीधीशगीतोपनिषद्में ब्रह्मविद्यासम्बन्धी
योगशास्त्रका धीशर्षिसम्वादात्मक सिद्धिस्वरूपनिरू-
पण नामका द्वितीय अध्याय समाप्त हुआ ।

ज्ञानभूमिनिरूपणम् ।

महर्षय ऊचुः ॥ १ ॥

हे सर्वशक्तिमन् ! धीश ! भगवन् ! सर्वसिद्धिद ! ।
हे विभो ! सर्वसिद्धीनां नित्याधारस्वरूपवन् ! ॥ २ ॥
परासिद्धेः कृपाप्राप्त्यै पूर्वं तद्दर्शनं ध्रुवम् ।
आवश्यकीयमेवास्ति तदुपायानतो वद ॥ ३ ॥
येनः स्यादर्शनं नूनं परासिद्धेर्निरापदम् ।
यथा वा नः कृतार्थत्वमुपादिश्यामहे तथा ॥ ४ ॥

गणपतिरुवाच ॥ ५ ॥

विद्यास्वरूपिणीं नित्यां परासिद्धिं मदाश्रयाम् ।
तत्त्वज्ञाननिष्णाताः महापौरुष्यशालिनः ॥ ६ ॥
दिव्यदृष्ट्या निरीक्षन्ते ज्ञानिनो ज्ञानभूमिषु ।
तत्त्वज्ञाः शान्तचेतस्काः साधकास्तु यथायथम् ॥ ७ ॥

महर्षिगण बोले ॥ १ ॥

हे सर्व्वशक्तिमन् विभो ! हे सर्व्वसिद्धियोंके नित्य आधार स्वरूप ! हे सर्व्वसिद्धिदायिन् ! हे भगवन् धीश ! परासिद्धिकी कृपा-प्राप्तिके लिये प्रथम उनके दर्शनलाभकी निश्चय ही आवश्यकता है अतः उसके उपाय कहें जिनके द्वारा परासिद्धिके दर्शन हमलोगोंको अनायास ही हों अथवा जिस प्रकारसे हमलोग कृतार्थ होवें सो उपदेश कीजिये ॥ २-४ ॥

गणपति बोले ॥ ५ ॥

नित्या और विद्यास्वरूपिणी मेरी परासिद्धिका दर्शन ज्ञान-भूमियोंमें तत्त्वज्ञाननिष्ठ ज्ञानी महापुरुषोंको दिव्यदृष्टिसे हुआ करता है और इस संसारमें शान्तचित्त तत्त्वज्ञानी साधक क्रमशः

क्रमादग्रेसरन्तीह सप्तसु ज्ञानभूमिषु ।
मम विद्यास्वरूपायाः परासिद्धेस्तथातथम् ॥ ८ ॥
उत्तरोत्तरमत्यन्तं स्पष्टं रूपस्य दर्शनम् ।
प्राप्नुवन्तो निमज्जन्ति परमानन्दसागरे ॥ ९ ॥
अहं ज्ञानस्वरूपोऽस्मि नूनं विज्ञवरा द्विजाः ! ।
तटस्थञ्च स्वरूपञ्च द्विविधं ज्ञानमीरितम् ॥ १० ॥
ज्ञाता ज्ञानं तथा ज्ञेयमेषां भानैः समन्वितः ।
यत्र त्रिपुटिसम्बन्धो विद्यते विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ११ ॥
ज्ञानं स्यात्तत्तटस्थाख्यं स्वरूपज्ञानकारणम् ।
ज्ञानेऽस्मिंश्च तटस्थाख्ये स्वरूपस्य द्विजोत्तमाः ! ॥ १२ ॥
सच्चिदानन्दभावानामनुभूतिः पृथक् पृथक् ।
स्यादतस्तत्र सम्पूर्णं दृश्यजातं प्रतीयते ॥ १३ ॥
यत्र त्रिपुटिसम्बन्धलेशमात्रं न विद्यते ।
सच्चिदानन्दभावानामनुभूतिः पृथङ्न च ॥ १४ ॥

जैसे जैसे सप्तज्ञान भूमियोंमें अग्रसर होते जाते हैं वैसे वैसे उत्तरोत्तर मेरी विद्यारूपिणी परासिद्धिके स्वरूपका अत्यन्त स्पष्ट दर्शन प्राप्त करते हुए परमानन्दसागरमें निमग्न होते जाते हैं ॥६-९॥ हे विज्ञवर ब्राह्मणो ! मैं ज्ञानस्वरूप ही हूँ और ज्ञान दो प्रकारका कहा गया है; एक तटस्थज्ञान और दूसरा स्वरूपज्ञान। हेश्रेष्ठ ब्राह्मणो ! जहां ज्ञाता ज्ञान और ज्ञेयोंके भानसे युक्त त्रिपुटिका सम्बन्ध है वही स्वरूपज्ञानका कारण भूत तटस्थ ज्ञान है हे ब्राह्मणो ! इस तटस्थज्ञान में सत् चित् और आनन्दभावोंका स्वरूप पृथक् पृथक् अनुभूत होता है इस कारण उस अवस्थामें सम्पूर्ण दृश्यसमूह प्रतीत होता है ॥ १०-१३ ॥ जहां त्रिपुटि सम्बन्धका लेशमात्र नहीं है, जहां सत्-चित् और आनन्द भावका स्वतंत्र अनुभव नहीं है और जहां ये

यत्राप्येतत्त्रयं तिष्ठेद्भावेऽद्वैते निरन्तरम् ।
उदेति निश्चितं तत्र स्वरूपज्ञानमुत्तमम् ॥ १५ ॥
यतोऽस्तित्वं तटस्थस्याहंमहत्तत्वयोगतः ।
तटस्थज्ञानमस्त्यस्माद्बहुभावैः समन्वितम् ॥ १६ ॥
पूर्णं ज्ञानं स्वरूपन्तु शाश्वतञ्चाविकारि च ।
तत्त्वातीते पदेऽस्त्यस्य परमे नित्यसंस्थितिः ॥ १७ ॥
परिणामितटस्थाख्याज्ज्ञानान्नूनं शनैः शनैः ।
स्वरूपमुदयज्ज्ञानं यदाऽस्ते विप्रपुङ्गवाः ! ॥ १८ ॥
सर्वेषु प्राणिवृन्देष्वविभक्तं निखिलेषु च ।
देशेषु सर्वकालेषु पात्रेषु विविधेषु च ॥ १९ ॥
विकाररहितं सर्वभूतेष्वेकत्वदर्शकम् ।
उन्नतं सात्त्विकं ज्ञानं तत्त्वज्ञेषु महात्मसु ॥ २० ॥
तदा प्रकाशते नूनं स्वत एव न संशयः ।
तत्प्रभावात्स्वरूपस्य ज्ञानस्यानुभवं किल ॥ २१ ॥

तीनों ही अद्वैत भावमें निरन्तर स्थित हैं वहीं उत्तम स्वरूपज्ञानका उदय होता है ॥ १४-१५ ॥ तटस्थ ज्ञान बहुभावोंसे युक्त है क्योंकि अहंतत्त्व और महत्तत्त्व दोनोंके संयोगके उसका अस्तित्व है ॥ १६ ॥ परन्तु स्वरूपज्ञान नित्य अविकारी और पूर्ण है और तत्त्वातीत परमपदमें उसकी नित्यस्थिति विद्यमान रहती है ॥ १७ ॥ हे ब्राह्मणश्रेष्ठो ! जब परिणामशील तटस्थज्ञानसे ही शनैः शनैः स्वरूपज्ञानका उदय होने लगता है उस समय तत्त्वज्ञानी महात्माओंमें सर्व्वभूतोंमें अविभक्त, सब देश काल और पात्रोंमें विकाररहित और सर्व्वभूतोंमें एक भावको दिखानेवाला ही उन्नत सात्विक ज्ञान स्वतः ही प्रकाशित होता है, इसमें सन्देह नहीं हे महर्षिगण ! उसके प्रभावसे ही मुक्तात्मा स्वरूपज्ञानका अनुभव अनायास ही

कुर्वन्त्येव निरायासं मुक्तात्मानो महर्षयः ! ।
नैवात्र विस्मयः कार्य्यः सत्यमेतद्ब्रवीमि वः ॥ २२ ॥
यथा शब्दं विनाऽऽकाशो विना स्पर्शं समीरणः ।
रूपेणैवं विना वह्निर्जलं खलु रसंविना ॥ २३ ॥
यथा गन्धं विना पृथ्वी नैव तिष्ठेत् कदाचन ।
तथा तटस्थज्ञानस्य नोदयोऽहङ्कृतिं विना ॥ २४ ॥
नैव सम्भाव्यते किन्तु स्वरूपे द्वैतमण्वपि ।
अतो ज्ञानं स्वरूपाख्यं स्वस्वरूपं ममैव तत् ॥ २५ ॥
अविद्याजनितं विप्रा विभक्तज्ञानमस्त्य हो ।
विद्यासम्भूतमेवास्त्यविभक्तज्ञानमुत्तमम् ॥ २६ ॥
अस्म्यहं ज्ञानरूपत्वाच्चेज्ज्ञानद्वयमप्यहो ।
अविभक्तं तथाप्येतज्ज्ञानं दत्ते परम्पदम् ॥ २७ ॥
मत्तो जीवान् दवयते विभक्तज्ञानमत्यहो ।
विभक्तज्ञानतो नीत्वाऽविभक्तज्ञानमन्दिरम् ॥ २८ ॥

करलेते हैं, मैं आपलोगोंसे सत्य कहता हूँ इसमें विस्मय न करो ॥१८-२२॥जैसे शब्दके विना आकाश, स्पर्शके विना वायु, रूपके विना अग्नि, रसके विना जल और गन्धके विना पृथिवीका अस्तित्व कभी भी नहीं रह सका उसी प्रकार अहंकारके विना तटस्थ ज्ञानका उदय नहीं हो सक्ता ॥ २३-२४ ॥ परन्तु स्वरूपज्ञानमें अणुमात्र भी द्वैतकी संभावना नहीं है इसकारण वह मेरा ही स्वरूप है ॥ २५ ॥ हे ब्राह्मणो ! अहो विभक्त ज्ञान अविद्यासम्भूत है और उत्तम अविभक्त ज्ञान विद्यासम्भूत ही है ॥ २६ ॥ अहो ! मैं ज्ञानरूप हूँ इस कारण यद्यपि दोनों ज्ञान मैं हूँ तथापि यह अविभक्त ज्ञान परम-पदकी प्राप्ति कराता है ॥ २७ ॥ और अहो ! विभक्त ज्ञान जीवोंको मुझसे अत्यन्त अलग स्थित रखता है । मुमुक्षुओंको विभक्तज्ञानसे

मुमुक्षून् स्वस्वरूपं मे नूनं नेतुं निरापदम् ।
श्रुतिभिर्वर्णिताः पूर्वं सप्तैव ज्ञानभूमयः ॥ २९ ॥
विश्वबन्धनकर्त्रीषु सप्तस्वज्ञानभूमिषु ।
अज्ञानान्धाः सदा जीवा आसज्जन्ते विमोहिताः ॥ ३० ॥
श्रौतानां कर्म्मकाण्डानां साहाय्यात्साधकाः खलु ।
पूर्वं शरीरसंशुद्धिं मनःशुद्धिं ततः परम् ॥ ३१ ॥
कृत्वा पश्चान्ममोपास्त्या चित्तवृत्तीः प्रशम्य च ।
अधिकारं लभन्तेऽन्ते तत्त्वज्ञानस्य दुर्लभम् ॥ ३२ ॥
ततश्च क्रमशो विप्राः ! सोपानारोहणं यथा ।
ज्ञानभूमीश्च सप्तैवमतिक्रम्य शनैः शनैः ॥ ३३ ॥
ज्ञानपूर्णान्तरात्मानो मामन्ते प्राप्नुवन्ति ते ।
ज्ञानक्रमविकाशैर्हि पूर्णाः स्वाभाविकैरतः ॥ ३४ ॥
सप्तैता ज्ञानभूम्यो मे परासिद्धेः कृपावशात् ।
स्वरूपज्ञानसँल्लब्ध्येर्वदन्ते हेतुतामलम् ॥ ३५ ॥

अविभक्तज्ञानमन्दिरमें पहुंचाकर मेरे स्वस्वरूपमें अनायास ही पहुंचानेके लिये वेदोंने पहले ही सात ज्ञानभूमियोंका वर्णन किया है ॥ २८–२९ ॥ विश्वको बन्धन प्राप्त करानेवाली सात अज्ञानभूमिकाओंमें अज्ञानान्ध जीव विमोहित होकर सदा फंसे रहते हैं ॥३०॥ वेदविहित कर्म्मकाण्डकी सहायतासे साधक प्रथम शरीरकी शुद्धि और तदनन्तर मनकी शुद्धि सम्पादन करके तत्पश्चात् मेरी उपासनाके द्वारा चित्तकी वृत्तियोंको शान्त करके अन्तमें तत्त्वज्ञानका दुर्लभ अधिकार प्राप्त करते हैं ॥ ३१–३२ ॥ एवं तदन्तर हे ब्राह्मणो ! क्रमशः सातों ज्ञानभूमियोंको सोपानारोहणके समान शनैः शनैः अतिक्रमण करके अन्तमें वे पूर्ण ज्ञानी होकर मुझको प्राप्त करलेते हैं इसकारण स्वभावसिद्ध ज्ञानके क्रमविकाशसे पूर्ण ये सातों ज्ञानभूमियां मेरी परासिद्धिकी कृपासे मेरे स्वरूपज्ञानप्राप्तिकी

सप्तानां ज्ञानभूमीनां प्रथमा ज्ञानदा भवेत् ।
सन्न्यासदा द्वितीया स्यात्तृतीया योगदा भवेत् ॥ ३६ ॥
लीलोन्मुक्तिश्चतुर्थी स्यात्पञ्चमी सत्पदा स्मृता ।
षष्ठ्यानन्दपदा ज्ञेया सप्तमी च परात्परा ॥ ३७ ॥
यावज्जीवैरतिक्रान्ता न सप्ताऽज्ञानभूमयः ।
तावन्न प्रथमा भूमिर्ज्ञानस्य ज्ञानदाऽऽप्यते ॥ ३८ ॥
उद्भिज्जानां चिदाकाशे प्रथमाऽज्ञानभूमिका ।
स्वेदजानां चिदाकाशे सा द्वितीया प्रकीर्तिता ॥ ३९ ॥
तृतीयाऽण्डजजातिश्चाज्ञानभूमिश्चिदाश्रिता ।
जरायुजपशूनाञ्च चिदाकाशे चतुर्थगौ ॥ ४० ॥
पञ्चकोषपरिपूर्णत्वाधिकारिण्येव वै नृषु ।
सन्ति शेषा अधिकृतास्तिस्रस्त्वज्ञानभूमयः ॥ ४१ ॥
तिस्रस्ता एव कथ्यन्ते उत्तमाधममध्यमाः ।
विगदं ताः प्रवक्ष्येऽहं श्रूयन्तां विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ४२ ॥

अत्यन्त कारणरूपा हैं ॥ ३३-३५ ॥ सातों ज्ञानभूमियोंमें से प्रथमा ज्ञानदा, द्वितीया सन्यासदा, तृतीया योगदा, चतुर्थी लीलोन्मुक्ति, पञ्चमी सत्पदा, षष्ठी आनन्दपदा और सप्तमी परात्परा है ॥ ३६-३७ ॥ जब तक जीवोंने सप्त अज्ञानभूमियोंका अतिक्रमण नहीं किया है तब तक प्रथम ज्ञानभूमि ज्ञानदाकी प्राप्ति नहीं होती है ॥ ३८ ॥ उद्भिज्जोंके चिदाकाशमें प्रथम अज्ञानभूमि है, स्वेदजोंके चिदाकाशमें द्वितीय अज्ञानभूमि कहीगई है ॥ ३९ ॥ अण्डजोंके चिदाकाशमें तृतीय अज्ञानभूमि है और जरायुज पशुओंके चिदाकाशमें चतुर्थ अज्ञानभूमि है ॥ ४० ॥ परन्तु पांचकोषोंके पूर्णताकी अधिकारिणी मनुष्ययोनिमें ही शेष तीनों अज्ञानभूमियोंका अधिकार है ॥ ४१ ॥ वेही तीनों उत्तम मध्यम और अधम अज्ञानभूमियां कहाती हैं हे श्रेष्ठ ब्राह्मणो ! मैं उनको स्पष्टरूपसे कहता

एना अज्ञानभूमीर्हि तिसृरेव समूलतः ।
मूर्त्तिमन्तः स्वयं वेदा निराकर्त्तुं समुद्यताः ॥ ४३ ॥
अधमाऽज्ञानभूमौ हि यावन्मर्त्यः प्रसज्जते ।
कृतेऽपराधे दण्डः स्यात्तिर्य्यग्योनौ तदुद्भवः ॥ ४४ ॥
मध्यमाज्ञानभूमश्च मानवैरधिकारिभिः ।
पितृलोकास्तथा विप्राः ! नारकाश्च पुनः पुनः ॥ ४५ ॥
प्राप्यन्ते मृत्युलोकश्च सुखदुःखादिपूरितः ।
दृढात्यूर्द्ध्वञ्च स्वर्लोकमुत्तमाऽज्ञानभूमिका ॥ ४६ ॥
अधमाज्ञानभूमिश्च प्राप्ता मर्त्या भवन्त्यहो ।
देहात्मवादिनोऽनार्य्या नास्तिकाः शौचवर्जिताः ॥ ४७ ॥
मध्यमाऽज्ञानभूमस्तु मानवा अधिकारिणः ।
आस्तिकत्वेन भो विप्राः ! सद्विचारपरायणाः ॥ ४८ ॥
देहात्मनोर्हि पार्थक्यं विश्वसन्तोऽपि सर्वथा ।
इन्द्रियाणां सुखे मग्ना नितरामैहलौकिके ॥ ४९ ॥

हे सुनो ॥ ४२ ॥ इन्हीं तीनों अज्ञानभूमियोंके समूल निराकरणके लिये वेद स्वयं मूर्त्तिधारण करके प्रवृत्त हैं ॥ ४३ ॥ अधम अज्ञान-भूमिमें जब तक मनुष्य फंसा रहता है उसको अपराध करने पर तिर्य्यक् योनिकी प्राप्ति दण्डरूपसे हुआ करती है ॥ ४४ ॥ और हे ब्राह्मणो ! मध्यम अज्ञानभूमिके अधिकारी मनुष्योंको पितृलोक, नरकलोक और सुखदुःखपूर्ण मृत्युलोककी प्राप्ति बार बार होती है एवं सर्व्वोन्नत अज्ञानभूमि ऊर्द्ध स्वर्गलोक प्रदानकारी है ॥ ४५-४६ ॥ अधम अज्ञानभूमिप्राप्त मनुष्य अहो ! नास्तिक देहात्म-वादी अशुचि और अनार्य्य होते हैं ॥ ४७ ॥ परन्तु हे ब्राह्मणो ! मध्यम अज्ञानभूमिके अधिकारी मनुष्य आस्तिक होनेसे देहसे आत्माकी पृथकता पर सर्व्वथा विश्वास करते हुए और सद्विचार-परायण होते हुए भी वे महामूढ़ ऐहलौकिक इन्द्रियसुखमें

विस्मरन्ति महामूढाः सुखं ते पारलौकिकम् ।
उत्तमाऽज्ञानभूमिर्वै पुण्यवन्तोऽधिकारिणः ॥ ५० ॥
आत्माऽतिरिक्तं मे शक्तेर्मन्वाऽस्तित्वं द्विजर्षभाः ! ।
स्वर्गीयस्य सुखस्यैव जायन्ते तेऽधिकारिणः ॥ ५१ ॥
अधमाऽज्ञानभूमिर्वै तमोमुख्या विजृम्भते ।
तमोरजःप्रधाना च मध्यमाऽसौ प्रकीर्तिता ॥ ५२ ॥
उत्तमाऽज्ञानभूमिश्च रजःसत्त्वप्रधानिका ।
शुद्धसत्त्वविकाशस्य स्थले नूनं यथाक्रमम् ॥ ५३ ॥
पुण्यभाजां मनुष्याणां चित्ताकाशे ततो द्विजाः ! ।
सप्तानां ज्ञानभूमीनामधिकाराः क्रमेण हि ॥ ५४ ॥
समुद्यन्ति ध्रुवं देवदुर्लभानां स्वभावतः ।
ज्ञानभूम्यश्च सप्तैता साधकान्तर्हृदि क्रमात् ॥ ५५ ॥
शुद्धं सत्त्वगुणं सम्यग्वर्द्धयन्त्यो निरन्तरम् ।
निःश्रेयसपदं नित्यं गुणातीतं नयन्त्यलम् ॥ ५६ ॥
यत्किञ्चिदासीज्ज्ञातव्यं ज्ञातं सर्व्वं मयेति धीः ।

अत्यन्त मग्न होकर पारलौकिक सुखको भूले रहते हैं। हे ब्राह्मणो ! उत्तम अज्ञानभूमिके ही पुण्यवान् अधिकारी आत्मासे अतिरिक्त मेरी शक्तिका अस्तित्व मानकर वे स्वर्गीय सुखके ही अधिकारी हुआ करते हैं ॥ ४८-५१ ॥ अधम अज्ञानभूमि तमप्रधान, मध्यम अज्ञानभूमि तमरजप्रधान और उत्तम अज्ञानभूमि रजसत्त्वप्रधान कही गई है । इसके अनन्तर हे ब्राह्मणो ! शुद्ध सत्त्वके क्रमविकाशस्थलरूपी पुण्यवान् मनुष्योंके चित्ताकाशमें देवदुर्लभ सप्तज्ञानभूमियोंके अधिकार क्रमशः स्वभावसे ही उदय होते हैं और क्रमशः ये सातों ज्ञानभूमियाँ साधकके अन्तःकरण-में शुद्ध सत्त्वकी भलीभांति निरन्तर वृद्धि करती हुई नित्य और गुणातीत कैवल्यपद में निश्चय पहुंचादेती हैं ॥ ५२-५६ ॥ मुझे जो

आद्याया भूमिकायाश्चानुभवः परिकीर्त्तितः ॥ ५७ ॥
त्याज्यं त्यक्तं मयेत्येवं द्वितीयोऽनुभवो मतः ।
प्राप्या शक्तिर्मया लब्धानुभवो हि तृतीयकः ॥ ५८ ॥
मायाविलसितं चैतद्दृश्यते सर्व्वमेव हि ।
न तत्र मेऽभिलाषोऽस्ति चतुर्थोऽनुभवो मतः ॥ ५९ ॥
जगद्ब्रह्मेत्यनुभवः पञ्चमः परिकीर्त्तितः ।
ब्रह्मैवेदं जगत् षष्ठोऽनुभवः किल कथ्यते ॥ ६० ॥
अद्वितीयं निर्विकारं सच्चिदानन्दरूपकम् ।
ब्रह्माऽहमस्मीति मतिः सप्तमोऽनुभवो मतः ॥ ६१ ॥
इमां भूमिं प्रपद्यैव ब्रह्मसारूप्यमाप्यते ।
नात्र कश्चन सन्देहो विद्यते मुनिसत्तमाः ! ॥ ६२ ॥
श्रवणं मननञ्चैव निदिध्यासनमेव च ।
पुरुषार्थास्त्रिधा प्रोक्ता एत एव महर्षयः ! ॥ ६३ ॥

कुछ जानने योग्य था सो सब कुछ जानलिया है ऐसी बुद्धि होना प्रथम ज्ञानभूमिका अनुभव कहागया है ॥ ५७ ॥ मुझे त्यागना था सो त्याग दिया है यह दूसरी ज्ञानभूमिका अनुभव मानागया है। मुझे जो शक्ति प्राप्त करनी थी सो प्राप्त करली है यह तीसरी ज्ञान भूमिका अनुभव है ॥ ५८ ॥ यह मायाकी लीला मुझे सबही दिखाई देती है मैं उसमें मोहित नहीं होता यह चतुर्थ ज्ञानभूमिका अनुभव है ॥५९॥ जगत् ही ब्रह्म है यह पञ्चम ज्ञानभूमिका अनुभव कहा गया है। ब्रह्म ही यह जगत् है निश्चय ही यह षष्ठ ज्ञानभूमिका अनुभव कहा गया है ॥ ६० ॥ और मैं अद्वितीय निर्विकार सच्चिदानन्दमय ब्रह्म हूँ ऐसी बुद्धि सप्तम ज्ञानभूमिका अनुभव माना गया है ॥ ६१ ॥ इस भूमिको प्राप्त करके ही साधक ब्रह्मस्वरूप हो जाता है हे मुनिश्रेष्ठो ! इसमें कुछ सन्देह नहीं है ॥ ६२ ॥ हे महर्षियो ! श्रवण मनन निदिध्यासनरूप ये ही त्रिविध पुरुषार्थ कहे गये हैं॥६३॥

मुमुक्षूणां त्रिभिः सम्यङ्ममसामीप्यलब्धये ।
पुरुषार्थैरुपेतानामेतैः साधनशैलयः ॥ ६४ ॥
सप्तानां ज्ञानभूमीनां सप्त सोपानसन्निभाः ।
प्रासादपृष्ठमारोढुं यथा सोपानपङ्क्तयः ॥ ६५ ॥
तथा तटस्थज्ञानस्य सप्तैता ज्ञानभूमयः ।
सप्तसोपानतुल्याः स्युः स्वरूपज्ञानलब्धये ॥ ६६ ॥
आद्यायां ज्ञानदाम्न्यां ज्ञानभूम्यां मुमुक्षवः ।
अन्तर्दृष्टिं लभेरंस्ते तत्त्वजिज्ञासवो द्विजाः ! ॥ ६७ ॥
तदा जिज्ञासवो नूनं परमाणुस्वरूपतः ।
स्थूलान्येव ममाङ्गानि ज्ञात्वा नित्यानि सर्वथा ॥ ६८ ॥
षोड़शधा विभक्तानि दृष्ट्वा तान्येव मे पुनः ।
वादसाहाय्यतो वापि पर्य्यालोचनलोचनैः ॥ ६९ ॥
सृष्टिं निरीक्ष्य तस्याश्च कर्त्तारं केवलं हि माम् ।
शक्नुवन्ति बुधा विप्राः ! अनुमातुं कुलालवत् ॥ ७० ॥

मुमुक्षुओंको मेरे पास अच्छी तरह पहुंचनेके लिये इन्हीं त्रिविध पुरुषार्थोंसे युक्त सातों ज्ञानभूमियोंकी साधनशैलियां सात सोपानरूप हैं। जिस प्रकार किसी राजभवनकी छतपर चढ़नेके लिये पौडियां होती हैं उसी प्रकार स्वरूपज्ञानमें पहुंचनेके लिये तटस्थज्ञानकी ये सात ज्ञानभूमियां सात पौडियोंके समान हैं ॥ ६४-६६ ॥ हे तत्त्वजिज्ञासु ब्राह्मणो ! ज्ञानदाम्नी प्रथम ज्ञानभूमि में वे मुमुक्षु अन्तर्दृष्टि प्राप्त करने लगते हैं ॥ ६७ ॥ हे ब्राह्मणो ! उस समय जिज्ञासु पण्डितगण मेरे स्थूल अवयवोंको ही परमाणुरूपसे सर्व्वथा नित्य जानकर और उन्हीं मेरे स्थूल अवयवरूप विभागों-को षोडश संख्यामें विभक्त देखकर ही वादकी सहायतासे अथवा पर्य्यालोचना दृष्टिके द्वारा सृष्टिको देखकर और मुझको कुलालके समान केवल उस सृष्टिके कर्त्तारूपसे ही अनुमान करनेमें समर्थ

अस्याञ्च ज्ञानभूमौ हि क्षेत्रे तत्त्वज्ञमानसे ।
आत्मज्ञानीयबीजस्य प्ररोहो जायते ध्रुवम् ॥ ७१ ॥
एनां वदन्त्यतो भूमिं ज्ञानदां ज्ञानिनो जनाः ।
ददात्येषा यतो भूमिर्ज्ञानं नित्यं मुमुक्षवे ॥ ७२ ॥
आरूढानां ज्ञानभूमावेतस्यां नियमेन च ।
ममोपास्तौ मनस्तानां येन केन प्रकारतः ॥ ७३ ॥
मुमुक्षूणां ध्रुवं चित्ते ज्ञानवायुप्रकम्पितम् ।
मूलमज्ञानवृक्षस्य सर्वथा शिथिलायते ॥ ७४ ॥
सन्न्यासदाभिधायां हि ज्ञानभूम्यामवस्थिताः ।
मुमुक्षवः शरीरं मे स्थूलमल्पसमीपतः ॥ ७५ ॥
सम्पश्यन्तो ममाङ्गेषु स्थूलेष्वेव महर्षयः ।
कुर्वन्तः सूक्ष्मशक्तीनामनुभूतिं निरन्तरम् ॥ ७६ ॥
धर्म्माधर्म्मौ च निर्णीय ह्यधर्म्मं त्यक्तुमीशते ।
ज्ञानभूमिर्द्वितीयाऽत एषा सन्न्यासदोच्यते ॥ ७७ ॥

होते हैं ॥ ६८-७० ॥ इसी प्रथम ज्ञानभूमिमें तत्त्वज्ञानीके हृदयरूप क्षेत्रमें आत्मज्ञानरूप बीजका अङ्कुर निश्चय उत्पन्न होजाता है॥७१॥ इस कारण ज्ञानीलोग इस ज्ञानभूमिको ज्ञानदा कहते हैं क्योंकि यह ज्ञानभूमि मुमुक्षुको नित्य ज्ञान प्रदान करती है ॥ ७२ ॥ इस ज्ञानभूमिमें पहुंचे हुए और किसी न किसी प्रकारसे मेरी उपासनामें नियमपूर्वक लगे हुए मुमुक्षुओंके चित्तमें ज्ञानवायुसे भलीभांति कंपाया हुआ अज्ञानवृक्षका मूल सर्व्वथा शिथिल होजाता है ॥ ७३-७४ ॥ हे महर्षियों ! सन्न्यासदानाम्नी द्वितीय ज्ञानभूमिमें स्थित मुमुक्षु ही मेरे स्थूल शरीरको कुछ निकटसे देखते हुए मेरे स्थूल अवयवोंमें ही सूक्ष्म शक्तियोंका निरन्तर अनुभव करते हुए और धर्म्माधर्म्मका निर्णय करके अधर्म्मके त्याग करनेकी योग्यता प्राप्त कर ही लेते हैं इसी कारण इस दूसरी ज्ञानभूमिका नाम

योगदायां तृतीयायां ज्ञानभूम्यां मुमुक्षवः ।
चित्तवृत्तिनिरोधस्य कुर्वन्तोऽभ्यासमुत्तमम् ॥ ७८ ॥
मच्छक्तिं संयमेनैतां माम्पुनर्ब्राह्मणोत्तमाः ! ।
अभ्यासेनैकतत्त्वस्य पृथक्त्वेन निरीक्षितुम् ॥ ७९ ॥
यस्मिन् काले प्रवर्त्तन्ते सूक्ष्मदृष्टिस्वरूपकम् ।
साधकेषु तदोदेति प्रत्यक्षं नन्वलौकिकम् ॥ ८० ॥
ज्ञानभूमिमिमां विज्ञा योगदाञ्च वदन्त्यतः ।
चित्तवृत्तिनिरोधं यद्योगमेषा ददात्यलम्॥ ८१ ॥
लीलोन्मुक्तिं चतुर्थीं वै ज्ञानभूमिं प्रपद्य च ।
अघट्यघटनायां हि पटीयस्या मुमुक्षवः ॥ ८२ ॥
त्रैगुण्यलीलामय्या मे तत्त्वम्वै प्रकृतेर्विदुः ।
तदा लीलामयी स्वस्यां लीलायां प्रकृतिः पुनः ॥ ८३ ॥
नासज्जयितुमीष्टे तान् साधकान् विज्ञसत्तमाः ! ।
लीलोन्मुक्तिं बुधाः प्रोचुर्ज्ञानभूमिमिमामतः ॥ ८४ ॥

सन्न्यासदा कहा जाता है ॥ ७५-७७ ॥ हे श्रेष्ठ ब्राह्मणो ! योगदा नाम्नी तीसरी ज्ञानभूमिमें मुमुक्षु चित्तवृत्तिनिरोध करनेका उत्तम अभ्यास करते हुए संयमके द्वारा इस मेरी शक्तिको और एकतत्त्वके अभ्यास द्वारा मुझको अलग अलग रूपसे देखनेमें जब प्रवृत्त होते हैं उस समय साधकोंमें सूक्ष्मदृष्टिरूपी अलौकिक प्रत्यक्षका उदय होता है ॥ ७८-८० ॥ इसी कारण विज्ञलोग इस ज्ञानभूमिको योगदा कहते हैं क्योंकि यह चित्तवृत्तिनिरोधरूपी योगको भलीभांति प्रदान करती है ॥ ८१ ॥ और हे विज्ञवरो ! लीलोन्मुक्ति नाम्नी चतुर्थी ज्ञानभूमिमें पहुंचकर ही मेरी लीलामयी अघटनघटना-पटीयसी त्रिगुणात्मिका प्रकृतिके तत्त्वको मुमुक्षु निश्चय ही पहचान लेते हैं, उस समय लीलामयी प्रकृति अपनी लीलामें उन साधकोंको पुनः नहीं फंसा सकी, इस कारण इस ज्ञानभूमिको बुधगणने

पञ्चमीं ज्ञानभूमिं ते यदा सम्प्राप्य सत्पदाम् ।
अभेदज्ञानमाप्तुं वै चित्ते स्वस्मिन् मुमुक्षवः ॥ ८५ ॥
आरभन्ते तदा तेषामनुभूतेर्हि शक्तयः ।
विशेषेण विवर्द्धन्ते नात्र कार्य्या विचारणा ॥ ८६ ॥
अस्त्येकत्वादभेदो यो मन्मत्प्रकृतिगोचरः ।
यो वाऽभेदोऽस्ति मे विप्राः ! कार्य्यकारणरूपयोः ॥ ८७ ॥
तं वैज्ञानिकनेत्रेण विस्पष्टं ज्ञातुमीशते ।
ज्ञात्वा सम्यग्रहस्यञ्च विश्वोत्पादककर्म्मणः ॥ ८८ ॥
जगदेवास्म्यहमिति मां निरीक्ष्य विचारतः ।
कार्य्यब्रह्मण एतस्य विबुध्यन्ते स्म सत्यताम् ॥ ८९ ॥
एनां वदन्ति विद्वांसो भूमिं वै सत्पदामतः ।
सद्भावस्य यतोऽमुष्या ज्ञानं लोकैरवाप्यते ॥ ९० ॥
नन्वानन्दपदां षष्ठीं ज्ञानभूमिं प्रपद्य वै ।

लीलोन्मुक्ति कहा है ॥ ८२-८४ ॥ सत्पदानाम्नी पञ्चमी ज्ञानभूमिमें पहुंचकर वे मुमुक्षु जब अपने ही अन्तःकरणमें अभेद ज्ञानको प्राप्त करने लगते हैं उसी समय उनकी अनुभवशक्तियां विशेष बढ़ने लगती हैं इसमें विचारनेकी बात नहीं है ॥८५-८६॥ हे विप्रो ! एकत्वके कारण मुझमें और मेरी प्रकृतिमें जो अभेद है अथवा मेरे कारणस्वरूप और कार्य्यस्वरूपमें जो अभेद है वैज्ञानिक दृष्टिके द्वारा उसको वे स्पष्टरूपसे समझनेमें समर्थ होते हैं और जगदुत्पत्तिकारक कर्म्मका रहस्य अच्छी तरह समझकर जगत् ही मैं हूँ इस विचारसे मुझको देखकर इस कार्य्यब्रह्मकी सत्यता जानलेते हैं ॥ ८७-८९ ॥ इसी कारण इस ज्ञानभूमिको ही विद्वान्लोग सत्पदा कहते हैं क्योंकि इसके द्वारा सद्भावका ज्ञान लोगोंको प्राप्त होता है ॥ ९० ॥ और हे विप्रो ! आनन्दपदानाम्नी षष्ठी ज्ञानभूमिमें पहुंचकर ही

एकाधारे तु मय्येव मम भक्ता मुमुक्षवः ॥ ९२ ॥
कर्म्मराज्यं जडं विप्राः ! देवराज्यञ्च चेतनम् !
शक्नुवन्ति यदा द्रष्टुं तदा मे रससागरे ॥ ९३ ॥
उन्मज्जन्तो निमज्जन्तो जगदित्थमवेक्ष्य माम् ।
समीक्षमाणा अद्वैतमानन्दमनुभुञ्जते ॥ ९४ ॥
बुधाः सम्प्रोचुरानन्दपदां भूमिमिमामतः ।
आनन्दः साधकैरस्यामादृत्यां भूमावाप्यते ॥ ९५ ॥
अन्तिमां ज्ञानभूमिं मे सप्तमीञ्च परात्परात् ।
सम्प्राप्य ज्ञानिनो भक्ताः कार्य्यकारणयोर्दिजाः ! ॥ ९६ ॥
भेददृष्टिलयं कृत्वा स्वरूपे यान्ति मे लयम् ।
भेदज्ञानलयेनैव तेषां शुद्धान्तरात्मनि ॥ ९७ ॥
सर्वेषु प्राणिवृन्देषु किञ्चैक्यप्रदर्शकम् ।
अद्वैतभावजनकाऽविभक्तज्ञानमुत्तमम् ॥ ९७ ॥
उदेति नात्र सन्देहोऽज्ञानध्वान्तापनोदकम् ।

मेरे भक्त मुमुक्षु मुझमें ही जड़मय कर्म्मराज्य और चेतनमय देव राज्यको एकाधारमें जब देखनेमें समर्थ होते हैं तब वे मेरे रससागरमें उन्मज्जन निमज्जन करते हुए मैं ही जगत् हूं इस प्रकार मुझको देखकर अद्वैत आनन्दका उपभोग करते हैं ॥ ९१-९४ ॥ इसी कारण इस ज्ञानभूमिको बुधगण आनन्दपदा कहते हैं क्योंकि इस भूमिमें साधक आनन्द प्राप्त करते हैं ॥ ९५ ॥ हे विप्रो ! परात्परा नाम्नी सप्तमी और अन्तिम ज्ञानभूमिमें मेरे ज्ञानीभक्त पहुंच कर कार्य्य कारणकी भेददृष्टिका लय करके मेरे स्वरूपमें लय हो जाते हैं और भेदज्ञानके लय होनेसे ही उनके विशुद्ध अन्तःकरणमें, सर्व्वभूतोंमें ऐक्यप्रदर्शक अज्ञानान्धकारापनोदक और अद्वैतभाव-उत्पादक अविभक्त ज्ञानका उत्तमरीतिसे उदय होता है इसमें सन्देह; ही नहीं। उस समय मेरे ज्ञानिभक्तोंमें और मुझमें

तदा मे ज्ञानिभक्तेषु मयि भेदश्च नश्यति ॥ ९८ ॥
लीयन्ते मत्स्वरूपे ते स्वरूपज्ञानसंश्रयाद् ।
अतो वदन्ति विद्वांस इमां भूमिं परात्पराम् ॥ ९९ ॥
एतासां ज्ञानभूमीनां केचित्तत्त्वबुभुत्सवः ।
स्थूलदृष्ट्या विरोधं यच्छङ्कन्ते तन्न साम्प्रतम् ॥ १०० ॥
हे विज्ञानविदो विभाः ! नन्वज्ञानस्य सप्तभिः ।
प्रपूर्णं सप्तभिः सम्यक् तथा ज्ञानस्य भूमिभिः ॥ १०१ ॥
नूनमास्ते महाकाश-गोलकं परमाद्भुतम् ।
तस्य निम्नस्तराः सप्त सप्तच्छायाप्रपूरिताः ॥ १०२ ॥
उच्चैः सप्तस्तराः सप्तज्योतिर्भिश्चैव पूरिताः ।
अधः छायास्तराः सन्ति चत्वारो हि समष्टितः ॥ १०३ ॥
चतुर्धा भूतसङ्घानां चिदाकाशेन पूरिताः ।
स्तरा अज्ञानभूमीनां तत उद्ध्वं गतास्त्रयः ॥ १०४ ॥
ज्ञानभूमिस्तराः सप्त तथा दशविधानमून् ।
धृत्वाऽधिकारान् सम्पूर्णान् पिण्डान् दैवांश्च मानवान्॥१०५॥

भेदभाव नष्ट हो जाता है ॥ ९५-९८ ॥ वे मेरे स्वरूपमें स्वरूपज्ञानके अवलम्बनसे विलीन होजाते हैं इसी कारण इस भूमिको विद्वान् लोग परात्परा कहते हैं ॥ ९९ ॥ साधारण दृष्टिसे इन सातों ज्ञान-भूमियोंमें कोई कोई तत्त्वजिज्ञासु जो विरोध भावकी शंका करते हैं वह ठीक नहीं है ॥ १०० ॥ हे विज्ञानविद् ब्राह्मणो ! सप्त अज्ञान-भूमि और सप्त ज्ञानभूमिसे ही भलीभांति पूर्ण परमाद्भुत महाकाश गोलक है, उस गोलकके नीचेके सात स्तर सप्त छायासे पूर्ण हैं ॥१०१-१०२॥और ऊपरके सात स्तर सप्त ज्योतिसे ही पूर्ण हैं, नीचेके चार छाया स्तर चतुर्विध भूतसङ्घके समष्टि चिदाकाशसे पूर्ण हैं। उसके ऊपरकी तीन अज्ञानभूमियोंके स्तर तथा सात ज्ञानभू-मियोंके स्तर ये दश स्तर दशविध अधिकारोंको धारण करके

व्याप्नुवन्ति न सन्देहस्तस्माद्विज्ञानवित्तमाः! ।
एतद्दशविधेष्वेवाधिकारेष्वखिला हिताः ॥ १०६ ॥
निम्नान्निम्नतरा एवमुच्चैरुच्चतमास्तथा ।
दार्शनिकाधिकारा हि सन्ति सम्मिलिता ध्रुवम् ॥ १०७ ॥
अघट्यघटनायां सा प्रकृतिर्मे पटीयसी ।
मत्तो व्यक्ता महाकाश-गोलकेऽत्र प्रकाशते ॥ १०८ ॥
ऊर्ध्वगाः सप्तभूमीर्वै सा विद्यारूपतोऽश्नुते ।
अविद्यारूपतो विप्राः! सप्तभूमीश्च निम्नगाः ॥ १०९ ॥
सप्तच्छायाभिरेताभिर्ज्योतिर्भिः सप्तभिस्तथा ।
परिपूर्णं महाकाश-गोलकं मे जड़ात्मिका ॥ ११० ॥
बिभर्त्ति प्रकृतिर्नित्यं नूनमाधाररूपतः ।
अहं तस्योपरिष्ठाच्च सन्तिष्ठे शुद्धचिन्मयः ॥ १११ ॥
ज्ञानिनः स्याद्धि यस्यादोऽध्यात्मगोलकदर्शनम् ।
मद्दर्शनं ध्रुवं कर्त्तुं शक्नुयात्सर्वथैव सः ॥ ११२ ॥

समस्त मानव और दैवपिण्ड में व्याप्त हैं। इस कारण हे विज्ञान-विद्वरो !।इन दशों अधिकारमें ही निम्नसे निम्नतर और उच्चसे उच्चतम सब हितकर दार्शनिक अधिकार सम्मिलित हैं यह निश्चय है॥१०३-१०७॥ मेरी वह अघटनघटनापटीयसी प्रकृति मुझसे व्यक्ता होकर इस महाकाशगोलकमें प्रकाशित है ॥ १०८ ॥ हे विप्रो ! वही विद्यारूपसे ऊपरकी सप्त भूमिकाओंमें और अविद्यारूपसे नीचेकी सप्त भूमिकाओंमें परिव्याप्त है ॥ १०९ ॥ इन सप्त छांया और सप्त ज्योतियोंसे पूर्ण महाकाश गोलकको अधाररूपसे मेरी जडा प्रकृति नित्य ही धारण कर रही है और मैं शुद्ध चिन्मय होकर उसके ऊपर स्थित हूँ ॥ ११०-१११ ॥ इस अध्यात्मगोलकका दर्शन जिस ज्ञानवान्को ही होता है वह निश्चय ही मेरे दर्शन करनेमें

वैदिकैर्दर्शनैरुक्तं ज्ञानमेवास्ति लोचनम् ।
एतदर्थं न सन्देहः सत्यं सत्यं ब्रवीमि वः ॥ ११३ ॥
सप्तानां ज्ञानभूमीनामतो दर्शनसप्तके ।
विरोधं येऽनुकल्पन्ते ते भक्ता ज्ञानिनो न मे ॥ ११४ ॥
ज्ञानिभक्ता भवन्तो मे भवन्तो मे द्विजोत्तमाः ! ।
अद्वैतमविभक्तश्च विकाररहितं तथा ॥ ११५ ॥
ज्ञानं प्राप्य परासिद्धेः कृपादृष्ट्यानुतोषिताः ।
मत्सायुज्यं समासाद्य लभेरन् कृतकृत्यताम् ॥ ११६ ॥

इति श्रीधीशगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे
धीशर्षिसंवादे ज्ञानभूमिनिरूपणं
नाम तृतीयोऽध्यायः

सर्वथा समर्थ होता है ॥११२॥ वैदिक दर्शनोक्त ज्ञानही इसके लिये नेत्र-स्वरूप है निःसन्देह मैं सत्य सत्य कहता हूँ ॥ ११३ ॥ अतः जो सप्त ज्ञानभूमियोंके सप्त दर्शनशास्त्रोंमें विरोधकल्पना करते हैं वे मेरे ज्ञानी भक्त नहीं हैं ॥ ११४ ॥ हे श्रेष्ठ ब्राह्मणो ! आपलोग मेरे ज्ञानी-भक्त होते हुए अविभक्त, विकारहीन और अद्वैत ज्ञानको प्राप्त करके परासिद्धिकी कृपादृष्टिसे आश्वासित हो मत्सायुज्यको प्राप्त करके कृतकृत्यताको प्राप्त हों ॥ ११५-११६ ॥

इस प्रकार श्रीधीशगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी योग-
शास्त्रका धीशर्षिसम्वादात्मक ज्ञानभूमिनिरूपण
नामक तृतीय अध्याय समाप्त हुआ ।

धर्म्मविज्ञाननिरूपणम्।

ऋषय ऊचुः ॥ १ ॥

रहस्यं ज्ञानभूमीनां हे सर्व्वज्ञ ! महाद्भुतम् ।
तथाऽविभक्तज्ञानस्य शैलीं श्रुत्वा प्रकाशिकाम् ॥ २ ॥
अस्माकं संशयाः सर्व्वे दूरीभूता न संशयः ।
अस्मानुपदिशैतच्च कृपां कृत्वाऽधुना प्रभो ! ॥ ३ ॥
को नन्वज्ञानभूमीनां प्रभावादूरक्षयन् मुदा ।
मुमुक्षून् साधकाञ्जीवान्नयते ज्ञानभूमिकाः ॥ ४ ॥
अतीत्याज्ञानभूमीश्च कैरुपायैर्मुमुक्षवः ।
लभन्ते ज्ञानभूमीर्हि साधकाः सत्त्वरं ध्रुवम् ॥ ५ ॥
क्रमादग्रेसरन्तश्च सप्तसु ज्ञानभूमिषु ।
भवन्तं प्राप्नुवन्त्यन्ते सच्चिदानन्दरूपिणम् ॥ ६ ॥

ऋषिगण बोले ॥ १ ॥

हे सर्व्वज्ञ ! ज्ञानभूमियोंका महान् अद्भुत रहस्य और अविभक्तज्ञानके प्रकाश करनेवाली शैलीको सुनकर हमारी सब शङ्काएँ दूर हो गई हैं इसमें सन्देह नहीं। अब हे प्रभो ! कृपा करके हमको यह भी आज्ञा कीजिये कि अज्ञानभूमियोंके प्रभावसे बचाकर मुमुक्षु साधकजीवोंको आनन्दपूर्व्वक ज्ञानभूमियोंमें कौन पहुंचाता है ? ॥ २-४ ॥ किन उपायों द्वारा मुमुक्षुसाधक अज्ञानभूमियोंको अतिक्रमण करके शीघ्रही ज्ञानभूमियोंका प्राप्त करते हैं ॥ ५ ॥ और सातों ज्ञानभूमियोंमें क्रमशः अग्रसर होते हुए अन्तमें सच्चिदानन्दस्वरूप आपका प्राप्त होते हैं ॥ ६ ॥

गणपतिरुवाच ॥ ७ ॥

ब्राह्मणाः ! नयते नूनं सर्वलोकहितप्रदः ।
ब्रह्माण्डपिण्डरूपायाः सृष्टेश्च धारको महान् ॥ ८ ॥
मानवान् धर्म्म एवायं कैवल्याभ्युदयप्रदः ।
संरक्ष्याज्ञानभूमिभ्यो ज्ञानभूमीर्निरन्तरम् ॥ ९ ॥
ददद्भ्युदयं सम्यक् सम्प्रापय्यान्तिमां क्रमात् ।
ज्ञानभूमिं ततो दत्ते निःश्रेयसमहो परम् ॥ १० ॥
अहमेवास्मि धर्म्मस्य स्थितिस्थानं द्विजर्षभाः ! ।
धर्म्माकृतिर्ममैवास्ते शक्तिरेव सनातनी ॥ ११ ॥
विराट्सृष्टेः प्रवाहस्य धारणं कृतवत्यहो ।
ममैव सात्त्विकी शक्तिर्नूनं धर्म्मो महर्षयः ! ॥ १२ ॥
नात्र कश्चन सन्देहो विद्यते द्विजसत्तमाः ! ।
नियते विप्रशार्दूलाः ! शक्तिर्मे त्रिगुणात्मिका ॥ १३ ॥

गणपति बोले ॥ ७ ॥

हे ब्राह्मणो ! सर्वलोकहितकर, ब्रह्माण्डपिण्डात्मक सृष्टिका धारक और अभ्युदय और मुक्तिविधायक यह महान् धर्महीं मनुष्योंको अज्ञानभूमियोंसे बचाकर ज्ञानभूमियोंमें निरन्तरही पहुंचा-देता है ॥८-९॥ और क्रमशः अभ्युदयको सम्यक् प्रदान करता हुआ अन्तिम ज्ञानभूमिमें पहुंचाकर अहो ! तदनन्तर कैवल्य प्रदान करता है ॥ १० ॥ हे विप्रो ! धर्म्मका मैं ही स्थिति स्थान हूँ और धर्म्मरूपा मेरी ही सनातनी शक्ति अहो ! विराट् सृष्टिके प्रवाहको निश्चय ही धारण किये हुए है । हे महर्षिगण ! निश्चय मेरी ही सत्त्वगुणमयी शक्ति धर्म्म है. हे ब्राह्मणश्रेष्ठो ! इस विषयमें कोई सन्देह नहीं है हे विप्रपुङ्गवो ! मेरी शक्ति त्रिगुणात्मिका है ॥ ११-१३ ॥

आकर्षणविशिष्टा या सा शक्तीराजसी मता।
विकर्षणेन सम्पृक्ता शक्तिर्मे तामसी तथा ॥ १४ ॥
सामञ्जस्यं प्रकुर्वाणा तयोः शक्त्योर्द्वयोरिह।
सात्त्विकी सैव धर्म्मोऽस्ति शक्तिर्मे नात्र संशयः ॥ १५
परिव्याप्नोति धर्म्मस्य शक्तिरेषा धारिका।
परमाणुभ्य आ नूनं पूर्णां ब्रह्माण्डविस्तृतिम् ॥ १६ ॥
शक्तेः संधारिकाया मे धर्म्मस्यैव प्रभावतः।
सूर्य्येन्द्वादिग्रहाः सर्व्वे तथा नक्षत्रमण्डलम् ॥ १७ ॥
उपग्रहादयोऽप्येवं विराड्देहे ममानिशम्।
स्वस्वकक्षामुपाश्रित्य भ्रमन्ते हि समन्ततः ॥ १८ ॥
सृष्टेरक्षाञ्च कुर्वन्ति साहाय्यं ददतो मिथः।
देवासुरेण युद्धेन दैव्याः सृष्टेः पवित्रताम् ॥ १९ ॥
सम्पादयन्ती धर्म्मस्य धारिका शक्तिरुत्तमा।
प्रतिष्ठापयते देवान् स्वस्वलोकेऽसुरांस्तथा ॥ २० ॥

आकर्षणशक्तिविशिष्ट राजसिकशक्ति कहाती है और विकर्षण-शक्तिविशिष्ट तामसिक कहलाती है ॥ १४ ॥ और उन दोनों शक्तियोंका इस संसारमें समन्वय करनेवाली मेरी जो सात्त्विक शक्ति है वही धर्म्म है इसमें सन्देह नहीं ॥ १५ ॥ यही धर्म्मकी धारिका शक्ति परमाणुसे लेकर ब्रह्माण्डके विस्तार पर्य्यन्तमें परिव्याप्त है ॥१६॥ धर्म्मकी धारिकाशक्तिके प्रभावसे ही सब सूर्य्य चन्द्रादि ग्रहउपग्रहादि और नक्षत्रमण्डल मेरे विराट् देहमें चौतरफ अपनी अपनी कक्षामें निरन्तर परिभ्रमण करते हैं ॥ १७–१८ ॥ और परस्परको सहायता देकर सृष्टिकी रक्षा करते हैं। धर्म्मकीउत्तम धारिका शक्ति देवासुर संग्रामके द्वारा दैवी सृष्टिकी पवित्रता सम्पादन करती हुई देवताओं और असुरोंको अपने अपने लोकोंमें

निश्चितं मातृभावेन विप्राः ! धर्म्ममयेन मे ।
प्रकृतेः पालिता जीवाः पोषिताश्च निरन्तरम् ॥२१॥
उद्भिज्जात्स्वेदजं गत्वा स्वेदजादण्डजं तथा ।
ततो गच्छन्त्यहो विप्राः ! अण्डजाच्च जरायुजम् ॥ २२ ॥
जरायुजाद्योनितो हि मर्त्ययोनिं गताः पुनः ।
भवन्ति मोक्षमार्गस्य नूनमेतेऽधिकारिणः ॥ २३ ॥
ज्ञानं हि धर्माधर्म्मस्य मानवेभ्यो हि केवलम् ।
कृतास्ते मोक्षमार्गस्य पथिका ददता मया ॥ २४ ॥
धारिका शक्तिरेवासौ धर्म्मस्य विप्रपुङ्गवाः ! ॥
क्रमादुन्नमयन्ती वै मानवानुत्तरोत्तरम् ॥ २५ ॥
कृत्वाऽधिकारिणो ज्ञानभूमेरन्ते च तानहो ।
कैवल्यपदवीं तेभ्यः प्रदत्ते च शनैः शनैः ॥ २६ ॥
सर्व्वेषां रक्षको धर्म्मः सर्वजीवहितप्रदः ।
निखिलव्यापकश्चास्ति सर्व्वेभ्योऽभ्युदयप्रदः ॥ २७ ॥

सुप्रतिष्ठित रखती है ॥ १९–२० ॥ हे विप्रो ! मेरी प्रकृतिके धर्म्ममय मातृभावके द्वारा ही निरन्तर पालित पोषित होकर जीव हे विप्रो ! उद्भिज्जसे स्वेदज, स्वेदजसे अण्डज, अण्डजसे जरायुज और जरायुज योनिसे मनुष्ययोनिमें पहुंचकर अवश्य ही वे कैवल्यमार्ग अर्थात् मोक्षमार्गके अधिकारी बन जाते हैं ॥ २१–२३ ॥ मैंने केवल मनुष्यों-को ही धर्म्माधर्म्मका ज्ञान प्रदान करके उनको कैवल्यमार्गका पथिक बना दिया है ॥ २४ ॥ हे विप्रश्रेष्ठो ! यह धर्म्मकी धारिका शक्ति ही मनुष्योंकी क्रमशः उत्तरोत्तर उन्नति कराकर ही और अहो ! अन्तमें उनको ज्ञानभूमिका अधिकारी बनाकर शनैः शनैः कैवल्यपद प्रदान करती है ॥ २५–२६ ॥ धर्म्म सर्व्वव्यापक सर्व्वजीवहितकारी सर्व्व-रक्षक सबको अभ्युदयप्रद और सबके हृदयमें मेरे स्वरूपका प्रकाश

सर्व्वेषां मानसे नूनं मत्स्वरूपप्रकाशकः ।
साधकानां हि जीवानां शिवत्वस्य विधायकः ॥ २८ ॥
धर्म्मोऽयं ब्राह्मणाः ! प्रोक्तः सार्वभौमस्वरूपभाक् ।
साधारणविशेषाभ्यां द्विधा भिन्नो न संशयः ॥ २९ ॥
साधारणस्तयोर्धर्म्मः सर्वजीवहिते रतः ।
अधिकारविशेषस्य जीवानां केन्द्रभागिनाम् ॥ ३० ॥
विशेषस्तु विशेषेण हितं सम्पादयत्यलम् ।
साधारणस्य धर्म्मस्य वर्णयेऽङ्गानि साम्प्रतम् ॥ ३१ ॥
आकर्ण्यन्तां भवद्भिश्च सावधानेन चेतसा ।
चतुर्विंशतितत्त्वानां नूनं सन्त्यनुरूपतः ॥ ३२ ॥
अङ्गानि पूर्णधर्म्मस्य चतुर्विंशतिरेव भोः ! ।
दानं हि त्रिविधं प्रोक्तं विद्यार्थाभयभेदतः ॥ ३३ ॥
कायिकं वाचिकञ्चैव तथा मानसमेव च ।
तपोऽपि त्रिविधः प्रोक्तं तपोविद्भिर्महात्मभिः ॥ ३४ ॥
पञ्चविधः कर्म्मयज्ञोऽस्ति नित्यो नैमित्तिकस्तथा ।

करनेवाला एवं साधक जीवोंको शिवत्वप्रदानकारक है ॥२७-२८॥ हे ब्राह्मणो ! साधारण और विशेष रूपसे दो प्रकारका यह सार्व्वभौमस्वरूपी धर्म कहा गया है यह निःसन्देह है ॥ २९ ॥ उनमेंसे साधारण धर्म्म सर्व्वजीवहिततत्पर है और अधिकारविशेषके केन्द्रोंसे युक्त जीवोंका विशेष धर्म्म निश्चय ही परम हित सम्पादन करता है। मैं इस समय साधारण धर्म्मके अङ्गवर्णन करता हूँ आप सावधान चित्तसे सुनो। चौवीस तत्त्वोंके अनुरूप पूर्णावयव साधारण धर्म्मके निश्चय चौवीस ही अंग हैं। दान त्रिविध कहा गया है, यथा–अर्थदान, विद्यादान और अभयदान ॥ ३०–३३ ॥ तपोवेत्ता महात्माओंने तपके भी शारीरिक वाचनिक मानसिक रूपसे तीन भेद कहे हैं ॥ ३४ ॥ कर्म्मयज्ञ नित्य नैमित्तिक काम्य

काम्योऽध्यात्मोऽधिदैवश्च षष्ठश्चैवाधिभौतिकः ॥ ३५ ॥
उपास्तियज्ञभेदाश्च विद्यन्ते नवधा ननु ।
ते सर्व्वे भक्तिमूलाः स्युर्योगमूलास्तथैव च ॥ ३६ ॥
उपासेरस्ति योगो हि स्थूलो देहो न संशयः ।
तस्याश्चैव द्विजाः ! ज्ञेया भक्तिः प्राणस्वरूपिणी ॥ ३७ ॥
मन्त्रो हठो लयो राज इति भेदाच्चतुर्विधात् ।
चतुर्धोपासना वेद्या नूनं योगविचारतः ॥ ३८ ॥
तथा भक्तिप्रभेदेन पञ्चधोपासनास्त्यहो ।
रागद्वेषादिसञ्जुष्टा भक्ता मेऽशुचयो द्विजाः ! ॥ ३९ ॥
मां सदोपासते मूढा आसुरीष्वेव शक्तिषु ।
सकामाः फलमिच्छन्तः शुभं भक्तगणा मम ॥ ४० ॥
मामेवोपासते शश्वन्नूनं दैवीषु शक्तिषु ।
विषयानन्द एवाहो ब्रह्मानन्दानुभावकाः ॥ ४१ ॥
स्वभावादेव जायन्ते भक्तवृन्दा ममोन्नताः ।
मल्लीलाविग्रहोपास्तौ रतात्मानो न संशयः ॥ ४२ ॥

और अध्यात्म अधिदैव अधिभूत रूपसे षड्विध है ॥ ३५ ॥ उपासनायज्ञके नौ ही भेद हैं वे सब भक्ति और योगमूलक हैं ॥ ३६ ॥ उपासनाका योग स्थूलदेह है यह निस्सन्देह है । हे ब्राह्मणो ! भक्ति उसीकी ही प्राणरूपिणी है ॥ ३७ ॥ योगके विचारसे उपासना मन्त्र हठ लय राज इन चतुर्विध भेदोंसे निश्चय ही चतुर्विध जाननी चाहिये ॥ ३८ ॥ और अहो ! भक्तिके भेदसे उपासना पंचविध है । हे ब्राह्मणो ! रागद्वेषयुक्त और अशुचि मेरे मूढ़ भक्तगण आसुरी शक्तियोंमें ही मेरी सदा उपासना करते हैं । शुभ फलेच्छु सकाम भक्तगण मेरी दैवी शक्तियोंमें निरन्तरही मेरी ही उपासना करते हैं । अहो ! विषयानन्दमें ही ब्रह्मानन्दका अनुभव करनेवाले मेरे उन्नत भक्तगण स्वभावसे ही मेरे लीलाविग्रहकी उपासनामें रतात्मा

भक्ता मे ज्ञानिनो रूपे सगुणे निर्गुणे तथा ।
मामुपास्य निमज्जन्ति परमानन्दसागरे ॥ ४३ ॥
श्रवणं मननञ्चैव निदिध्यासनमेव च ।
ज्ञानयज्ञस्य भेदाः स्युस्त्रिविधा हि महर्षयः ! ॥ ४४ ॥
चतुर्विंशतिरेतानि धर्म्मस्य प्राकृतान्यहो ।
अङ्गानि सर्वजीवानां साधकानि हितस्य नु ॥ ४५ ॥
विभिन्नरुचयो लोका नानाशक्तिमया यतः ।
अतः साधारणो धर्म्मः सर्वप्राणिहितावहः ॥ ४६ ॥
अङ्गैः पूर्णस्य धर्म्मस्य चतुर्विंशतिसङ्ख्यकैः ।
स्वरूपं चेद्विजानीयुः सर्वलोकाहितालयम् ॥ ४७ ॥
धर्म्मजिज्ञासवो नूनमुदारहृदयास्तदा ।
श्रीगुरोः पदवीं पूज्यां प्राप्नुयुः सर्वप्राणिनाम् ॥ ४८ ॥
यावन्तो धर्म्ममार्गा वै जनिष्यन्ते युगे युगे ।
साधारणस्य धर्म्मस्य कियन्त्यङ्गान्यमीषु ते ॥ ४९ ॥

होते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ ३६-४२ ॥ और ज्ञानीभक्तगण मेरे सगुणरूप तथा निर्गुणरूपमें मेरी उपासना करके परमानन्दसागरमें मग्न होते हैं ॥ ४३ ॥ हे महर्षिगण ! श्रवण मनन और निदिध्यासन रूपसे ज्ञानयज्ञके तीन भेद कहे गये हैं ॥ ४४ ॥ धर्म्मके अहो ! ये चतुर्विंशति स्वभावसिद्ध अङ्ग सर्व्वजीवहितसाधक कहे गये हैं ॥ ४५ ॥ क्योंकि लोकमें रुचि विभिन्न है और सामर्थ्य भी विभिन्न है इस कारण साधारण धर्म्म सर्व्वप्राणिहितप्रद है ॥ ४६ ॥ यदि चौबीस अङ्गोंसे पूर्ण धर्म्मके सर्व्वलोकहितकर स्वरूपको धर्म्मजिज्ञासु जानजायँ तो वे उदारहृदय होकर सब प्राणियोंके ही गुरुकी पूज्यपदवीको प्राप्त कर लेते हैं ॥ ४७-४८ ॥ युगयुगमें जितने ही धर्म्ममार्ग पैदा होंगे वे सब साधारण धर्म्मके इन अङ्गोंमेंसे कुछ अङ्गोंका आश्रय लेकर ही निःसन्देह कृतकृत्यताको प्राप्त होंगे ।

गृहीत्वैव प्रयास्यन्ति कृतार्थत्वमसंशयम् ।
प्रादुर्भूताश्च ये लोके धर्म्ममार्गा द्विजोत्तमाः ! ॥ ५० ॥
अधुनावधि तेऽप्येवं कृतार्थत्वं गता ध्रुवम् ।
नात्र कश्चन सन्देहो विद्यते विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ५१ ॥
प्रपूर्णत्वं हि धर्मस्य शाश्वतस्येदमेव नु ।
एतदेव महत्त्वञ्च पितृभावोऽप्ययं ध्रुवम् ॥ ५२ ॥
अन्यधर्म्मान्न यो द्वेष्टि बाधते वा कदाचन ।
यथायोग्यन्तु सर्वेभ्यो द्वित्रिधाऽभ्युदयप्रदः ॥ ५३ ॥
निःश्रेयसस्य चाऽध्वानं यस्तु दर्शयतेऽखिलान् ।
धर्म्मः सनातनो नूनमियं ह्युपनिपन्मता ॥ ५४ ॥
विप्राः ! विशेषधर्म्मस्य स्वरूपं महददद्भुतम् ।
यथा वार्णाश्रमो धर्म्म आर्य्यजातेः शुभावहः ॥ ५५ ॥
अनार्य्यजातिजातानां न तथास्त्युपयोगभाक् ।
अतोऽयं वर्त्तते धर्म्मो विशेषो नात्र संशयः ॥ ५६ ॥

हे ब्राह्मणश्रेष्ठो ! अबतक संसारमें जितने धर्म्ममार्ग उत्पन्न हुए हैं वे भी ऐसेही कृतार्थताको प्राप्त हुए हैं हे विप्रो ! इसमें कुछ सन्देह नहीं है ॥ ४९-५१ ॥ यही शाश्वत धर्म्मकी निश्चय पूर्णता है, यही महत्त्व है और निश्चय यही पितृभाव है ॥ ५२ ॥ जो धर्म्म अन्यधर्मोंसे द्वेष न करे अथवा अन्यधर्मोंको कभी बाधा न दे और सबको यथाधिकार उभयविध अभ्युदय प्रदान करे और सबको निःश्रेयसका मार्ग बतावे वही सनातन धर्म्म है यही उपनिषद् है ॥ ५३-५४ ॥ हे विप्रो ! विशेष धर्म्मका स्वरूप अतिविचित्र है । जैसे आर्य्य जातिके लिये वर्ण और आश्रमधर्म्म परमहितकर कहा गया है वैसे अनार्य्य जातिके लिये वह उपयोगी नहीं है इस कारण यह वर्ण और आश्रम धर्म्म विशेष धर्म्म है इसमें सन्देह

प्रवृत्तिरोधको नूनं वर्णधर्मो महर्षयः ! ।
निवृत्तेः पोषकश्चास्ति धर्म्म आश्रमगोचरः ॥ ५७ ॥

धर्म्मावेतावुभावेव सञ्जीव्य शाश्वतीः समाः ।
आर्य्यजातिं सुरक्षेतां साङ्कर्य्यात् पतनात्तथा ॥ ५८ ॥

नारीधर्म्मस्तपोमूलो नृधर्म्मो यज्ञमूलकः ।
एतौ द्वावपि वर्त्तेते धर्म्मौ विप्राः ! विशेषकौ ॥ ५९ ॥

प्रवृत्तिधर्म्म एकोऽस्ति निवृत्तिधर्म्म इत्यपि ।
राजधर्म्मः प्रजाधर्म्मः शाक्तः शैवश्च वैष्णवः ॥ ६० ॥

सौर्य्यो धर्म्मोऽपि भो विप्राः ! आपद्धर्म्मादयस्तथा ।
एते विशेषधर्म्मस्य विद्यन्तेऽन्तर्गताः खलु ॥ ६१ ॥

सर्वप्रधान आद्यश्च वरीयान् व्यापकस्तथा ।
सदाचारो विशेषेषु धर्म्मेषु विद्यते द्विजाः ! ॥ ६२ ॥

यतो धर्म्मानुकूलो यो व्यापारो वपुषोऽखिलः ।
सद्भिः प्रोक्तः सदाचारो नन्वसौ पुण्यवर्द्धनः ॥ ६३ ॥

नहीं ॥ ५५-५६ ॥ हे महर्षियो ! वर्णधर्म्म प्रवृत्तिरोधक और आश्रम धर्म्म निवृत्तिपोषक है । आर्य्य जातिको ये दोनों धर्म्म ही चिरकाल पर्य्यन्त जीवित रखकर संकरता दोष और पतनसे बचाते हैं ॥ ५७-५८ ॥ हे ब्राह्मणो ! तपमूलक नारीधर्म्म और यज्ञमूलक पुरुषधर्म्म ये दोनों भी विशेष धर्म्म हैं ॥ ५९ ॥ प्रवृत्तिधर्म्म निवृत्ति धर्म्म राजधर्म्म प्रजाधर्म्म शाक्तधर्म्म शैवधर्म्म वैष्णवधर्म्म सौर्यधर्म्म और आपद्धर्म्म आदि, ये सब हे ब्राह्मणो ! विशेष धर्म्मके अन्तर्गत ही हैं ॥ ६०-६१ ॥ हे ब्राह्मणो ! विशेष धर्म्मोंमें सबसे प्रधान श्रेष्ठ व्यापक और प्रथम धर्म्म सदाचार है ॥ ६२ ॥ क्योंकि धर्म्मानुकूल सब शारीरिक व्यापारोंको सत्पुरुष सदाचार कहते हैं यह निश्चय

आस्ते विशेषधर्म्मस्य ह्यधिकारोऽन्तिमो द्विजाः ! ।
सन्न्यासाश्रम एवासौ नात्र कार्य्या विचारणा ॥ ६४ ॥
सन्न्यासो न भवेद्विप्राः ! कर्मत्यागेन केवलम् ।
किन्तु सन्न्याससंसिद्धिर्वासनात्यागतो भवेत् ॥ ६५ ॥
अतो विशेषधर्म्मस्याधिकारस्यातिविस्तृतेः ।
वैचित्र्याच्च परात्स्थूलस्वांगसञ्चालनात्मिकाम् ॥ ६६ ॥
सदाचारमयीं स्थूलस्थूलामारभ्य सत्क्रियाम् ।
सूक्ष्मसूक्ष्मतमब्रह्मसद्भावप्राप्तिकारणम् ॥ ६७ ॥
परिव्याप्य च सन्न्यासं सम्बन्धस्तस्य विद्यते ।
नात्र कश्चन सन्देहो विद्यते ब्राह्मणोत्तमाः ! ॥ ६८ ॥
वर्णाश्रमादिधर्म्माणां विशेषाणां द्विजोत्तमाः ! ।
पालनेनैव मे भक्ताः क्रमशोऽज्ञानभूमितः ॥ ६९ ॥
निवृत्य ज्ञानभूमीनां जायन्ते पथिका ध्रुवम् ।
साधारणस्य धर्म्मस्य साधकाः क्रमशो वरम् ॥ ७० ॥

ही पुण्यवर्द्धक है ॥ ६३ ॥ विशेष धर्म्मका अन्तिम अधिकार ही हे ब्राह्मणो ! यह सन्न्यास है यह निश्चित है ॥ ६४ ॥ हे विप्रवरो ! केवल कर्म्मके त्यागसे सन्न्यास नहीं होता किन्तु वासनाके त्यागसे ही सन्न्यासकी सिद्धि होती है इस कारण विशेष धर्म्मका अधिकार अति विचित्र और अति विस्तृत होनेसे अपने स्थूल अङ्गके संचालनरूपी सदाचारमय स्थूलातिस्थूल सत् क्रियासे लेकर सूक्ष्मातिसूक्ष्म ब्रह्मसद्भावके प्राप्तिके कारणरूपी सन्न्यास तकसे उसका सम्बन्ध है । हे ब्राह्मणश्रेष्ठो ! इसमें कोई सन्देह नहीं ॥ ६५-६८ ॥ हे विप्रो ! वर्णाश्रम आदि विशेष धर्म्मोंके पालन द्वारा ही मेरे भक्त क्रमशः अज्ञानभूमियोंसे बचकर ज्ञानभूमिके ही पथिक बनते हैं और हे द्विजश्रेष्ठो ! क्रमशः साधारण धर्म्मके सार्व्वभौम

सार्वभौमं स्वरूपं वै सर्वजीवहितप्रदम् ।
सर्वशक्तिमयं दिव्यं व्यापकं मोक्षसाधकम् ॥ ७१ ॥
प्राणिनोऽनुभवन्त्यत्र यावदेव द्विजोत्तमाः ! ।
ज्ञानस्य तावतीं भूमिमारोहन्ति समुन्नताम् ॥ ७२ ॥
श्रेष्ठं वेदान्तसिद्धान्तानुभवं प्राप्य सत्वरम् ।
मत्सायुज्यं लभन्तेऽन्ते ततो यान्ति कृतार्थताम् ॥ ७३ ॥

इति श्रीधीशगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे
धीशर्षिसंवादे धर्म्मविज्ञाननिरूपणं नाम
चतुर्थोऽध्यायः ।

सर्व्वजीवहितकारी मोक्षसाधक और सर्व्वशक्तिमय श्रेष्ठ व्यापक दिव्य स्वरूपको साधक जीवधारी यहां जितना ही अनुभव करते जाते हैं वे उतनी ही उन्नतसे उन्नततर ज्ञानभूमिमें आरोहण करते जाते हैं ॥ ६९-७२ ॥ अन्तमें वेदान्तसिद्धान्तके श्रेष्ठ अनुभवको शीघ्र प्राप्त करके मत्सायुज्यको प्राप्त करते हैं और इसके बाद कृतार्थ हो जाते हैं ॥ ७३ ॥

इसप्रकार श्रीधीशगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी धीशर्षि संवादात्मक योगशास्त्रका धर्म्मविज्ञाननिरूपण नामक चतुर्थ अध्याय समाप्त हुआ ।

वेदान्तनिरूपणम् ।

ऋषय ऊचुः ॥ १ ॥

जगद्गुरो ! आदिगुरो ! पूज्य ! वेदान्तकृद्विभो ! ।
भवदुदयादेव प्राप्तवन्तो वयं श्रुतीः ॥ २ ॥
देवापारकृपासिन्धोश्चलद्वीचेस्तटाश्रयात् ।
श्रुतवन्तो रहस्यानि त्वत्तोऽनेकानि साम्प्रतम् ॥ ३ ॥
तत्कृतार्थीभवन्तोऽद्य तदेव प्रार्थयामहे ।
ज्ञानरत्नाब्धिवेदेषु यद्वेदान्तं प्रचक्षते ॥ ४ ॥
तस्य सर्व्वोत्तमं तत्त्वज्ञानमस्मानुपादिश ।
वयं येन परां शान्तिमाप्नुयामः सुनिश्चितम् ॥ ५ ॥

ऋषिगण बोले ॥ १ ॥

हे जगद्गुरो ! हे आदिगुरो ! हे वेदान्तकृत् ! हे पूज्य ! हे विभो ! हे देव ! आपकी कृपाके उदयसे ही हमलोगोंने वेदोंको प्राप्त किया था ॥ २ ॥ और इस समय आपके चलत्तरङ्ग अपार कृपारूपी समुद्रके तटाश्रयसे हमलोगोंने आपसे वेदके अनेक रहस्य सुने हैं । ॥ ३ ॥ जिससे कृतकृत्यताको प्राप्त करते हुए आज यही प्रार्थना करते हैं कि ज्ञानरत्नके समुद्र वेदोंमें जिसको वेदान्त कहा है ॥ ४ ॥ उसी सर्व्वोत्तम तत्त्वज्ञान का हमको उपदेश दें जिससे हम निश्चित रूपसे परमशान्ति प्राप्त करें ॥ ५ ॥

गणपतिरुवाच ॥ ६ ॥

सर्वोपनिषदां सारः पीयूषं वेदवारिधेः ।
विज्ञाः ! वेदान्तयोगोऽयमिदानीं वर्ण्यते मया ॥ ७ ॥
मननाच्छ्रवणाद्यस्य निदिध्यासनतस्तथा ।
त्रितापतो विनिर्मुक्तास्तत्त्वज्ञानाब्धिपारगाः ॥ ८ ॥
क्षमन्तेऽव्ययमात्मानं साक्षात्कर्त्तुं मुमुक्षवः ।
नात्र कश्चन सन्देहः कर्त्तव्यो विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ९ ॥
स्वभावजस्य प्रकृतेः कर्मणः सहजस्य मे ।
पाशसङ्गादविद्याया अनाद्यायाः प्रभावतः ॥ १० ॥
आविर्भवति जीवत्वं चिज्जड़ग्रन्थिरूपकम् ।
अविद्येयमनाद्याऽस्ति जीवभावप्रकाशिनी ॥ ११ ॥
त्रिगुणात्मप्रकृत्याश्च लौल्यात्स्वाभाविकाद्बुधाः ! ।
नूनं कर्मप्रवाहोऽयमनादिर्विद्यते खलु ॥ १२ ॥
यतोऽस्ति सहजं कर्म्म कथितं पाशसन्निभम् ।

गणपति बोले ॥ ६ ॥

हे विज्ञवरो ! मैं तुमसे सब उपनिषदोंके साररूप और वेद समुद्रके अमृतरूप इस वेदान्तयोगका वर्णन करता हूं जिसके श्रवण मनन और निदिध्यासन द्वारा मुमुक्षु ज्ञानसमुद्रको पार करके त्रितापसे मुक्त होते हुए अव्यय आत्माका साक्षात्कार करनेमें समर्थ होते हैं हे विप्रश्रेष्ठो ! इसमें कोई सन्देह नहीं करना चाहिये ॥ ७-९ ॥ मेरी प्रकृतिके स्वभावसे उत्पन्न सहज कर्म्मके जालमें फंसनेसे और अनादि अविद्याके प्रभावसे जीवका चिज्जड़ग्रन्थिरूप जीवत्व प्रकट होता है । यह जीवभावप्रकाशिनी अविद्या अनादि है ॥ १०-११ ॥ हे विज्ञो ! त्रिगुणमयी प्रकृतिके स्वाभाविक चाञ्चल्यहेतु यह कर्म्मप्रवाह भी अनादि है ॥ १२ ॥ क्योंकि सहज कर्म्म

मत्प्रकृत्याः स्वभावेन सहजातं न संशयः ॥ १३ ॥
भूतभावोद्भवकराद्विसर्गात्सहजादलम् ।
चतुर्धा भूतसङ्घोऽयं जायते कर्मणः स्वतः ॥ १४ ॥
अनाद्याया अविद्यायाः प्रभावेण महर्षयः ! ।
जायते चिज्जडग्रन्थिर्दृढोऽज्ञानमयो हि यः ॥ १५ ॥
जीवभावः स एवास्ति संसारावर्त्तपातकः ।
अविद्योपहितं विप्राः ! चैतन्यं प्रकृतेर्मम ॥ १६ ॥
सत्सत्तायाः प्रभावेण व्यष्ट्यहङ्कारघूर्णितम् ।
द्वैतस्योद्बोधकं विज्ञाः ! जीवभावं प्रपद्यते ॥ १७ ॥
पुनर्मे ज्ञानिनो भक्ता विद्यासाहाय्यतो द्विजाः ! ।
प्राप्य नित्यस्थितं मोक्षं विलीयन्ते ध्रुवं मयि ॥ १८ ॥
अविद्याया दृढं जालं कर्मबन्धञ्च दुर्दमम् ।
मम विप्राः ! प्रभावेण मद्भक्ता अतियन्त्यहो ॥ १९ ॥

पाश सदृश और मेरी प्रकृतिके स्वभावके साथ उत्पन्न कहा गया है इसमें सन्देह नहीं ॥ १३ ॥ भूतभावोद्भवकर विसर्गरूपी सहज-कर्मके द्वारा इस चतुर्विधभूतसङ्घ की उत्पत्ति स्वतः ही होती है ॥ १४ ॥ हे महर्षिगण ! अविद्याके प्रभावसे जो दृढ अज्ञानमयी चिज्जडग्रन्थि उत्पन्न होती है वही संसाररूपी भंवर में डालने वाला जीवभाव है । हे विज्ञ विप्रो ! अविद्योपहित चैतन्य मेरी प्रकृति की सत्सताके प्रभावसे व्यष्टि अहङ्कार के चक्र में पड़कर द्वैतभाव-उद्बोधक जीवत्वको प्राप्त करता है ॥ १५-१७ ॥ पुनः हे ब्राह्मणो ! मेरा ज्ञानी भक्त विद्याकी सहायता प्राप्त कर नित्य-स्थित कैवल्यपद को प्राप्त करता हुआ मुझमें ही मिलजाता है ॥ १८ ॥ हे ब्राह्मणो ! मेरे भक्त अविद्याके दृढ़ जालको और दुर्दम कर्मके बन्धनको अहो ! मेरे प्रभावसे अतिक्रमण करलेते

यतस्त्रैगुण्यमय्यास्ते प्रकृतिर्मम तामतः।
स्वभावेनोपतिष्ठन्ते रजःसत्त्वतमोगुणाः ॥ २० ॥
उत्पत्तिं रजसा विप्राः ! स्थितिं सत्त्वेन सन्ततम्।
तमोगुणेन संहारं करोति प्रकृतिः स्वतः ॥ २१ ॥
अस्मिन् स्वभावसिद्धेऽपि प्रकृतेर्मे गुणत्रये।
उभावेव प्रधानौ स्तस्तमःसत्त्वाभिधानकौ ॥ २२ ॥
प्रवृत्तिपरकत्वेन सृष्टिकारितया तथा।
रजस्तु केवलं ज्ञेयं तमःसत्त्वसहायकम् ॥ २३ ॥
अतस्तमोमयी विप्राः ! यदास्ते प्रकृतिर्मम।
विद्याविद्याप्रभेदज्ञैरविद्या सोच्यते तदा ॥ २४ ॥
प्रकृतिर्मे यदा त्वेषा शुद्धा सत्त्वमयी भवेत्।
नाम्ना विद्या तदा लोके तत्त्वज्ञैरभिधीयते ॥ २५ ॥
परिणामो भवेत् सत्त्वे तमसो नात्र संशयः।
सत्त्वस्यापि भवेन्नूनं परिणामस्तमस्यहो ॥ २६ ॥

हैं ॥ १९ ॥ क्योंकि मेरी प्रकृति त्रिगुणमयी है अतः सत्त्व रज तम ये तीनों गुण उसमें स्वभावसे रहते हैं ॥ २० ॥ हे ब्राह्मणो ! प्रकृति रजोगुणसे उत्पत्ति सत्त्वगुणसे निरन्तर स्थिति और तमोगुण से लय अर्थात् संहार स्वभावसे करती रहती है ॥ २१ ॥ मेरी प्रकृतिके ये तीनों गुण स्वभावसिद्ध होने पर भी तम और सत्त्व ये दो गुण ही प्रधान हैं ॥ २२ ॥ रजोगुण प्रवृत्तिपर और सृष्टि कारी होने से वह तो तमोगुण और सत्त्वगुणका केवल सहायक है ॥ २३ ॥ इसी कारणसे हे ब्राह्मणो ! मेरी प्रकृति जब तमोमयी रहती है तब उसको विद्या और अविद्याके भेदको जाननेवाले अविद्या कहते हैं ॥ २४ ॥ और जब वह शुद्ध सत्त्वमयी रहती है तब संसारमें तत्त्वज्ञानी उसको विद्या कहते हैं ॥ २५ ॥ अहो ! सत्त्वमें तमका परिणाम और तममें भी सत्त्वका परिणाम अवश्य होता

रजोगुणो यतो नूनं साहाय्यं कुरुते द्वयोः ।
स्वभावात्प्रकृतिर्मेऽस्ति यतश्च परिणामिनी ॥ २७ ॥
अतः स्वभावसिद्धोऽयं परिणामो मिथस्तयोः ।
महर्षयः ! न चैवायं सिद्धान्तो विस्मयावहः ॥ २८ ॥
यतः पूर्णे यदा सत्त्वपरिणामस्तमोगुणे ।
जायते चिज्जडग्रन्थिस्तत्रैवोत्पद्य प्रस्फुटम् ॥ २९ ॥
प्रकाशभावमापन्नः परमाणौ जडात्मके ।
उत्पादयति जीवत्वं साक्षात्प्रामाण्यबोधकम् ॥ ३० ॥
सा चैतन्यमयी सत्ता चिज्जडग्रन्थिरूपिणी ।
क्रमाद्विकाशमापन्नोद्भिज्जयोनौ महर्षयः ! ॥ ३१ ॥
प्राप्य स्वेदजयोनिं तामाण्डजीं योनिमाश्रिता ।
तस्माज्जारायुजीं योनिं मर्त्ययोनिं प्रपद्यते ॥ ३२ ॥
तत्र सत्त्वप्रपूर्णत्वाश्रयेण प्रकृतेर्मम ।

है इसमें सन्देह नहीं ॥ २६ ॥ क्योंकि रजोगुण ही उभय सहायक है, और मेरी प्रकृति स्वभाव से परिणामशीला है ॥ २७ ॥ हे महर्षिगण ! इन दोनों गुणोंका आपसमें यह परिणाम स्वभावसिद्ध है इस कारण यह सिद्धान्त आश्चर्य्यकारक नहीं ही है ॥ २८ ॥ जब पूर्ण तमोगुणमें स्वभावसे सत्त्वपरिणाम उत्पन्न होता है वहीं चिज्जडग्रन्थि उत्पन्न होकर सुस्पष्ट प्रकाशभावको प्राप्त होती हुई जड परमाणुओंमें प्रत्यक्षप्रामाण्यबोधक जीवत्व उत्पन्न करती है ॥२९-३०॥ हे महर्षिगण ! उद्भिज्जयोनिमें वह चिज्जडग्रन्थिरूपिणी चेतनसत्ता क्रमविकाशको प्राप्त करती हुई स्वेदजयोनिमें पहुंचती है स्वेदजयोनिसे अण्डज योनिमें पहुंचती है, अण्डजयोनिसे जरायुजयोनिमें पहुंचती है और जरायुजयोनिसे मनुष्ययोनिमें पहुंचती है और वहां सत्त्वगुणकी पूर्णताके आश्रयसे मेरी विद्या-

कृपां विद्यास्वरूपायाः प्राप्ता स्वं रूपमश्नुते ॥ ३३ ॥

एतद्वो वर्णितं विप्राः ! रहस्यं गूढ़मद्भुतम् ।
उत्पत्तेरपि मोक्षस्य जीवानां नु महर्षयः ! ॥ ३४ ॥

वर्त्तते गुप्तमेतद्धि सर्वासूपनिषत्स्वपि ।
न प्राप्तुं कोऽपि शक्नोति श्रीगुरोः कृपया विना ॥ ३५ ।

अघट्यघटनायां या प्रकृतिर्मे पटीयसी ।
मास्त्यविद्यास्वरूपेण जीवबन्धनकारिणी ॥ ३६ ॥

पुनः सत्त्वमयी सैव विद्यारूपस्य धारिणी ।
ददाति जीववर्गेभ्यः कैवल्यपदमुत्तमम् ॥ ३७ ॥

नोपासतेऽथ ये जीवा विद्यां स्वाधीनतां गताः ।
ते जीवा निश्चितं विप्राः ! अविद्याच्छन्नमानसाः ॥ ३८

त्रैगुण्यपरिणामस्य चक्रेऽस्मिञ्छाश्वतीः समाः ।
तापत्रयं सुभुञ्जाना नितरां प्रभ्रमन्त्यहो ॥ ३९ ॥

रूपिणी प्रकृतिकी कृपाप्राप्त होकर स्वस्वरूपको प्राप्त होजाती है ॥ ३१-३३ ॥ हे विश्वमहर्षियो ! यह जीवोंकी उत्पत्ति और मुक्तिका अद्भुत और गूढ़ रहस्य मैंने आपलोगोंसे वर्णन किया ॥ ३४ ॥ यह सब उपनिषदोंमें भी गुप्तही है, श्रीगुरुकी कृपा विना कोईभी इसको प्राप्त नहीं कर सक्ता ॥ ३५ ॥ अघटनघटनापटीयसी मेरी प्रकृति अविद्यारूप से जीवका बन्धन करती है और पुनः वही सत्त्वमयी बनकर विद्यारूप धारण करके जीवोंको उत्तम कैवल्यपद प्रदान करती है ॥ ३६-३७ ॥ और जो जीव स्वाधीनताको प्राप्त करके विद्याकी उपासना नहीं करते हैं हे ब्राह्मणो ! अविद्यासे आच्छन्नचित्त वे जीव निश्चय इस त्रिगुण परिणामके चक्रमें अनन्तकाल पर्य्यन्त त्रितापको भोग करते हुए अहो ! निरन्तर भ्रमण करते रहते हैं

विशिष्टैर्लक्षणैः सत्ताऽनुभूतिं ब्रह्मजीवयोः ।
मायाप्रपञ्चरूपायाः सृष्टेश्चैव द्विजर्षभाः ! ॥ ४० ॥
रहस्यं वर्णयाम्येतत् सावधानैर्निशम्यताम् ।
येन सम्यगुभवेज्ज्ञानं भवतां ब्रह्मजीवयोः ॥ ४१ ॥
कारणस्थूलसूक्ष्मेभ्यः शरीरेभ्यो बहिर्गतम् ।
अतीतं पञ्चकोशेभ्यो ह्यवस्थात्रयसाक्षिकम् ॥ ४२ ॥
चतुर्विंशतितत्त्वानां यदाधारस्वरूपकम् ।
ह्राभ्यां प्रतीयमानाभ्यां मायाऽविद्यास्वरूपिणा ॥ ४३ ॥
उपाधिनेशजीवाभ्यां भिन्नं यच्च महर्षयः ! ।
सच्चिदानन्दरूपं तद्ब्रह्म सम्प्रोच्यते बुधैः ॥ ४४ ॥
एतानि लक्षणानीह वर्णयामि यथाक्रमम् ।
साम्प्रतं सावधानैश्च श्रूयन्तां तत्त्ववेदिनः ! ॥ ४५ ॥
पञ्चभिर्यन्महाभूतैः कृतं पञ्चीकृतैर्ननु ।
सुखदुःखादिभोगानां स्थानं विप्राश्च कर्मजम् ॥ ४६ ॥

॥ ३८-३९ ॥ हे द्विजवरो ! विशेष लक्षणद्वारा जीव और ब्रह्मकी सत्ताका अनुभव और मायाप्रपञ्चरूपी सृष्टिका रहस्य आपसे मैं वर्णन करता हूं सावधान होकर सुनो जिससे आपलोगोंको ब्रह्म और जीवका सम्यक् ज्ञान होगा ॥ ४०-४१ ॥ हे महर्षिगण ! स्थूल सूक्ष्म और कारण शरीरसे जो पृथक् हैं, पञ्चकोषोंसे जो अतीत हैं, तीनों अवस्थाओंके जो साक्षीरूप हैं, चतुर्विंशति तत्त्वोंके जो आधार हैं और अविद्या तथा मायारूप उपधियोंके द्वारा प्रतीयमान जो जीव और ईश्वर इन दोनोंसे जो भिन्न हैं वही सच्चिदानन्दस्वरूपवान् ब्रह्म हैं ऐसा बुधगण कहते हैं ॥ ४२-४४ ॥ हे तत्त्वज्ञानियो ! अब मैं यहां इन सब लक्षणोंका यथाक्रम वर्णन करता हूं सावधान होकर सुनो ॥ ४५ ॥ हे विप्रो ! पञ्चीकृत पञ्च महाभूतोंसे बना हुआ, कर्म्मोंसे उत्पन्न और सुखदुःखादि भोगोंका जो स्थान है अर्थात् जिसके द्वारा

जायते वर्द्धतेऽस्त्येवं क्षीयते परिणम्यते।
विनश्यतीति षड्भावविकारैश्च समन्वितम् ॥ ४७ ॥
स्थूलं हि तच्छरीरं स्यात्सर्वथा क्षणभङ्गुरम्।
लक्षणं स्थूलकायस्य वित्तैतद्विशदं द्विजाः ! ॥ ४८ ॥
यद्पञ्चीकृतैः पञ्चमहाभूतैः कृतं किल।
कर्मजं सुखदुःखादिभोगसाधनरूपकम् ॥ ४९ ॥
पञ्चज्ञानेन्द्रियैर्विप्राः ! पञ्चकर्म्मेन्द्रियैस्तथा।
पञ्चप्राणैस्तथैकेन मनसा बुद्धिसंजुषा ॥ ५० ॥
यत्सप्तदशभिश्चैवं कलाभिः सह तिष्ठति।
तद्धि सूक्ष्मं शरीरं स्यात्सूक्ष्मतत्त्वविनिर्मितम् ॥ ५१ ॥
विज्ञाः ! यदस्त्यनिर्वाच्याऽनाद्यविद्यास्वरूपकम्।
कारणं ह्येकमात्रञ्च स्थूलसूक्ष्मशरीरयोः ॥ ५२ ॥
स्वस्वरूपाज्ञानरूपं निर्विकल्पकरूपकम्।
तत्कारणशरीरं स्याज्जीवत्वप्रतिपादकम् ॥ ५३ ॥

सुखदुःखादि भोग होते हैं एवं वर्त्तमान है, उत्पन्न होता है, बढ़ता है, परिणामको प्राप्त होता है, क्षय होता है और नाश होता है, इन छः भाव विकारोंसे जो युक्त है, वह सर्वथा क्षणभङ्गुर स्थूल शरीर है हे ब्राह्मणो! इसको स्थूल शरीरका स्पष्टलक्षण जानो ॥४८-४८॥ हे विप्रो! अपञ्चीकृत पञ्च महाभूतोंसे ही बना हुआ, कर्म्मोंसे उत्पन्न और सुखदुःखादि भोगोंका जो साधनरूप है एवं पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्म्मेन्द्रिय, पांच वायु, एक मन, एक बुद्धि, इस प्रकार सत्रह कलाओंसे युक्त होकर जो स्थित है वह सूक्ष्म तत्त्वोंसे बना हुआ सूक्ष्म शरीर है ॥ ४९-५१ ॥ हे विज्ञो! अनिर्व्वचनीया अनादि अविद्यारूप, स्थूल शरीर और सूक्ष्म शरीरका एक मात्र ही कारण, अपने स्वरूप का अज्ञानस्वरूप एवं निर्विकल्प रूप जो है वही

जीवानामादिप्रवाहस्य जीवसृष्टेः पृथक् पृथक् ।
या प्रारम्भक्षणे विप्राः ! चिज्जड़ग्रन्थिबान्धिनी ॥ ५४ ॥
जायते प्रथमावस्था तच्छरीरं हि कारणम् ।
संस्कारः सूक्ष्मदेहस्याऽनुक्षणं परिवर्त्तते ॥ ५५ ॥
म्रियन्तेऽतो ध्रुवं जीवैः स्वसंस्कारानुसारतः ।
नानाविचित्रतोपेताः स्थूलदेहाः पृथक् पृथक् ॥ ५६॥
परन्त्वनाद्यविद्यैकमूलिका सर्वथा द्विजाः ! ।
या शरीरद्वयस्यापि मूलकारणरूपिणी ॥ ५७ ॥
दशा विकारहीनाऽस्ति चिदात्मावरणक्षमा ।
तत्कारणशरीरम्बा ब्रुवन्ति तद्विदो जनाः ॥ ५८ ॥
विप्राः ! अन्नमयः प्राणमय एवं मनोमयः ।
द्वौ विज्ञानमयानन्दमयौ कोशौ तथैव च ॥ ५९ ॥
कोशपञ्चकमेवैतदात्मावरणकारकम् ।
विद्यते नितरां विज्ञाः ! नात्र कोप्यस्ति संशयः ॥ ६० ॥

जीवत्वप्रतिपादक कारण शरीर है ॥ ५२–५३ ॥ अनादि जीव-प्रवाहकी अलग अलग जीव सृष्टिके प्रारम्भमें जड़ और चेतनकी ग्रन्थि बांधनेवाली जो प्रथम दशा पैदा होती है वही जीवका कारण शरीर है । सूक्ष्म शरीरके संस्कारोंमें प्रतिक्षण परिवर्त्तन होता रहता है और इसी कारण जीवोंको अपने अपने संस्कारोंके अनुसार अलग अलग नाना विचित्रतामय स्थूल शरीर अवश्य धारण करने पड़ते हैं ॥ ५४–५६ ॥ परन्तु हे विप्रो ! सर्व्वथा अनादि अविद्या-मूलिका और दो शरीरोंकी मूलकारणरूपा एवं चिदात्माको ढकने-वाली और विकारहीन जो दशा है विद्वान्लोग उसको कारणशरीर कहते हैं ॥ ५७–५८ ॥ हे विज्ञविप्रो ! आत्माको अत्यन्त आवरण करनेवाले अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय ये ही पांच कोष हैं इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है ॥ ५९–६० ॥

आच्छादनं तथा त्वक् च विप्राः ! आवरणादयः ।
कोशशब्देन गृह्यन्ते ये चान्ये वा तदर्थकाः ॥ ६१ ॥
एकामुपर्य्युपर्य्येका पलाण्डुत्वग्यथा भवेत् ।
पञ्च कोशास्तथा ज्ञेया जीवदेहेषु निश्चितम् ॥ ६२ ॥
स्यादानन्दमयः कोशः प्रथमं तदनन्तरम् ।
विज्ञानमयनामास्ति तत्परश्च मनोमयः ॥ ६३ ॥
ततः प्राणमयः कोशो वर्त्तते विप्रपुङ्गवाः ! ।
सर्व्वोपर्य्यस्ति कोशस्तु नूनमन्नमयाभिधः ॥ ६४ ॥
जायतेऽन्नरसादेव यस्तेनैवाभिवर्द्धते ।
यश्चाऽन्नरसमय्यां हि क्षितामन्ते विलीयते ॥ ६५ ॥
एषोऽस्त्यन्नमयः कोषः स्थूलदेहापराभिधः ।
लक्षणं सूक्ष्मदेहस्य श्रूयतां मुनिपुङ्गवाः ! ॥ ६६ ॥
स्यान्मनःप्राणविज्ञानमयैः कोशैर्महर्षयः ! ।
सूक्ष्मं शरीरं वै विप्रा इत्याहुर्वेदपारगाः ॥ ६७ ॥

हे विप्रो ! कोशशब्दसे आच्छादन छिलका आवरण आदि और तदर्थक अन्य शब्द भी समझने चाहिये ॥ ६१ ॥ जैसे प्याजमें एकके ऊपर दूसरा छिलका रहता है उसी प्रकार जीवशरीरोंमें पाँच कोश समझने ही उचित हैं ॥ ६२ ॥ हे विप्रवरो ! प्रथम आनन्दमय कोश होता है, उसके ऊपर विज्ञानमय कोश होता है, उसके ऊपर मनोमय कोश होता है, उसके ऊपर प्राणमय कोश होता है और इन सबोंके ऊपर ही अन्नमय कोश होता है ॥ ६३-६४ ॥ अन्नके रससे ही उत्पन्न होकर, अन्नके रससे ही उन्नति (वृद्धि) को प्राप्त होकर और अन्नकी रसरूपा पृथिवीमें ही जो अन्तमें लयको प्राप्त होता है वह अन्नमय कोश है, इसीको स्थूलशरीर कहते हैं । हे मुनिवरो ! सूक्ष्मदेहका लक्षण सुनिये ॥ ६५-६६ ॥ हे महर्षिगण ! प्राणमय कोश, मनोमय कोश और विज्ञानमय कोशोंका ही सूक्ष्म-

मिलिताः पञ्च प्राणाश्च पञ्चकर्म्मेन्द्रियैः सह ।
ध्रुवं प्राणमयः कोश इत्याख्यामाप्नुवन्त्यहो ॥ ६८ ॥
एकमेव मनः पञ्चज्ञानेन्द्रियसमन्वितम ।
नाम्ना मनोमयः कोशो नूनमाख्यायते बुधैः ॥ ६९ ॥
एकैव मिलिता बुद्धिः पञ्चज्ञानेन्द्रियैः सह ।
विज्ञानमयकोशाख्यां भजते नात्र संशयः ॥ ७० ॥
कारणाख्यवपुर्भूताऽविद्यायां नन्ववस्थितम् ।
सत्त्वं मालिन्यसञ्जुष्टं स्वरूपाज्ञानमेव हि ॥ ७१ ॥
प्रियमोदप्रमोदैर्वै भावैरेभिर्युतञ्च सत् ।
आनन्दमयनामाऽसौ कोशः सम्प्रोच्यते बुधैः ॥ ७२ ॥
चतुर्विंशतितत्त्वानां यतोऽस्त्येतद्धि कारणम् ।
अतस्तदेव सम्प्रोक्तं शरीरं कारणाभिधम् ॥ ७३ ॥
एभिश्च पञ्चभिः कोषैः सम्बद्धमधुना मया ।
श्रूयतां प्रोच्यमानं तदवस्थात्रयलक्षणम् ॥ ७४ ॥

शरीर होता है ऐसा वेदपारगामी ब्राह्मणगण कहते हैं ॥ ६७ ॥ प्राण-प्राणादि पाँच वायु कर्म्मेन्द्रियोंके साथ मिल करही अहो ! प्राणमय कोश इस नामको प्राप्त होते हैं ॥६८॥ एक ही मन पाँचों ज्ञानेन्द्रियोंसे मिलकर ही मनोमय कोश नामसे विद्वानों के द्वारा कहाजाता है ॥६९॥ एक ही बुद्धि पाँचों ज्ञानेन्द्रियोंके साथ मिलकर विज्ञानमय कोश नामको धारण करती है इसमें सन्देह नहीं है ॥ ७० ॥ हे ब्राह्मणो ! कारणशरीरभूता अविद्यामें ही स्थित, मलिन सत्त्व, आत्मस्वरूपका ही अज्ञानरूप और प्रिय मोद और प्रमोद इन भावोंसे ही युक्त आनन्दमय कोश विद्वानोंके द्वारा कहा जाता है ॥ ७१-७२ ॥ और वही कारण शरीर कहा गया है क्योंकि वही चौबीस तत्त्वोंका कारण है ॥ ७३ ॥ अब इन पांचों कोषोंसे सम्बन्धयुक्त तीन अव-

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्याख्यमवस्थात्रयमस्त्यहो।
पञ्चज्ञानेन्द्रियैर्यत्र श्रोत्रप्रभृतिभिर्द्विजाः! ॥ ७५ ॥
शब्दादिविषयाः सम्यग्ज्ञायन्ते जाग्रदस्ति सा।
स्थूलदेहाभिमान्यात्मा विश्व इत्युच्यते बुधैः ॥ ७६ ॥
यत्र जाग्रदवस्थायां यच्च दृष्टं श्रुतञ्च यत्।
तज्जन्यैर्वासनापुञ्जैः प्रपञ्चः सम्प्रतीयते ॥ ७७ ॥
स्वप्नावस्थाऽस्ति सा जाग्रत्सुषुप्त्यन्तरवर्त्तिनी।
सूक्ष्मदेहाभिमान्यात्मा प्रोच्यते तैजसाभिधः ॥ ७८ ॥
न मया किमपि ज्ञातं सुखं निद्राऽन्वभावि च।
इति जाग्रदवस्थायामनुभूतिस्मृतिर्हि या ॥ ७९ ॥
सा सुषुप्त्यभिधावस्था कीर्त्यते तत्त्वकोविदैः।
आत्मा कारणदेहस्याभिमानी प्राज्ञ उच्यते ॥ ८० ॥
समष्टिः स्थूलदेहानां विराण्नाम्नाऽभिधीयते।
अतः स्थूलशरीरस्याधिदेवो विश्वनामकः ॥ ८१ ॥

स्थाओंका लक्षण मैं वर्णन करता हूँ सुनो ॥ ७४ ॥ जाग्रदवस्था, स्वप्नावस्था और सुषुप्ति अवस्था नामक अहो! ये तीन अवस्थाएँ हैं हे ब्राह्मणो! श्रोत्रादि पञ्चज्ञानेन्द्रियोंसे शब्दादि विषय जहाँ भलीभांति जाने जाते हैं वह जाग्रदवस्था है। विद्वानोंके द्वारा स्थूल शरीरका अभिमानी आत्मा विश्व कहा जाता है ॥७५-७६॥ जाग्रदवस्थामें जो देखनेमें और सुननेमें आता है उससे उत्पन्न वासनासमूहके द्वारा जिस अवस्थामें प्रपञ्च प्रतीत होता है जाग्रत् और सुषुप्तिके मध्यवर्त्तिनी वह अवस्था स्वप्नावस्था है। सूक्ष्मशरीरका अभिमानी आत्मा तैजस कहाजाता है ॥ ७७-७८ ॥ मैं कुछ भी नहीं जानता था, सुखपूर्वक मैंने निद्रा ली इस प्रकारका अनुभव जाग्रदवस्थामें जो याद दिलाती है उसको तत्त्वज्ञानी सुषुप्ति अवस्था कहते हैं। कारण शरीरका अभिमानी आत्मा प्राज्ञ कहाजाता है ॥ ७९-८० ॥ समष्टि स्थूल-

सूक्ष्मराज्यस्थदेवानां सूक्ष्मदेहावलम्बिनाम् ।
तेजोमयं शरीरं स्यादृषयो नूनं महर्षयः ! ॥ ८२ ॥
सूक्ष्मदेहाभिमान्यस्ति देवोऽतस्तैजसाभिधः ।
सूक्ष्मादृषयोऽतिसूक्ष्मं वै शरीरं कारणं ततः ॥ ८३ ॥
देवः कारणदेहस्याभिमानी प्राज्ञ उच्यते ।
चतुर्विंशतितत्त्वानि वर्णयामि निशम्यताम् ॥ ८४ ॥
नैकधैतानि नैके न वर्णयन्ति महर्षयः ।
मतान्तराणां सर्व्वेषां सिद्धान्ते न तु भिन्नता ॥ ८५ ॥
श्रोत्रत्वचौ तथा चक्षू रसना घ्राणमेव च ।
पञ्चज्ञानेन्द्रियाण्याहुर्विज्ञा वेदान्तपारगाः ॥ ८६ ॥
वाक्पाणिपादपायूपस्थाख्यानि द्विजसत्तमाः ! ।
पञ्च कर्म्मेन्द्रियाण्याहुस्तत्त्वान्वेषणतत्पराः ॥ ८७ ॥
प्राणापानौ समानश्चोदानव्यानौ तथैव च ।
प्राणाः पञ्च समाख्याताः प्राणतत्त्वानुचिन्तकैः ॥ ८८ ॥

शरीरको ही विराट् कहते हैं इस कारण स्थूलशरीरके देवता विश्व कहाते हैं ॥ ८१ ॥ हे महर्षिगण ! सूक्ष्मराज्यके सूक्ष्म-शरीर-विशिष्ट देवताओंका शरीर तेजोमय ही होता है इस कारण सूक्ष्म शरीरके अभिमानी देवता तैजस हैं । कारणशरीर सूक्ष्मातिसूक्ष्म ही है इस कारण उसके अभिमानी देवता प्राज्ञ कहाते हैं । चौबीस तत्त्वोंका वर्णन करता हूं सुनो ॥ ८२-८४ ॥ हे महर्षिगण ! इन चौबीस तत्त्वोंको कोई किसी प्रकारसे वर्णन करता है, कोई किसी प्रकारसे; परन्तु ये सब मतान्तर मूल सिद्धान्तके विरुद्ध नहीं हैं ॥ ८५ ॥ श्रोत्र त्वक् चक्षु रसना और घ्राण, इनको वेदान्तपारगामी विद्वगण पाँच ज्ञानेन्द्रिय कहते हैं ॥ ८६ ॥ हे ब्राह्मणश्रेष्ठो ! वाक् पाणि पाद पायु और उपस्थ, इनको तत्त्वान्वेषिगण पञ्च कर्मेन्द्रिय कहते हैं ॥ ८७ ॥ प्राण अपान समान उदान और व्यान इनको प्राणतत्त्वानुचिन्तक पञ्च

हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभिमण्डले ।
उदानः कण्ठदेशे स्याद्व्यानः सर्वशरीरगः ॥ ८९ ॥
शब्दः स्पर्शस्तथा रूपं रसो गन्धस्तथैव च ।
तन्मात्राण्यपि पञ्चैव ब्रुवते तद्विदो जनाः ॥ ९० ॥
मनो बुद्धिस्तथा चित्तमहङ्कारस्तथैव च ।
अन्तःकरणभेदाः स्युश्चत्वारो नात्र संशयः ॥ ९१ ॥
चतुर्विंशतितत्त्वानि सन्त्येतान्येव सत्तमाः ! ।
पञ्चविंशतमं तत्त्वमहमेवास्म्यसंशयम् ॥ ९२ ॥
विप्राः ! पुरुषरूपेण नैव कार्य्योऽत्र विस्मयः ।
तत्त्वातीतं परं तत्त्वं तत्त्वज्ञा मां ब्रुवन्त्यतः ॥ ९३ ॥
विषया इन्द्रियाणाञ्च वर्ण्यन्तेऽतः परं मया ।
समाहितैर्भवद्भिस्ते श्रूयन्तां विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ९४ ॥
श्रोत्रस्य विषयः शब्दस्त्वचः स्पर्शस्तथैव च ।
चक्षुषो रूपमेवास्ति रसनाया रसस्तथा ॥ ९५ ॥

प्राण कहते हैं ॥८८॥ प्राण वायु हृदयमें रहता है । अपान वायु गुदामें स्थित है । समान वायु नाभिमें है । उदान वायु कण्ठमें अवस्थित है और व्यान वायु सर्व शरीरमें रहा करता है ॥ ८९ ॥ ज्ञानीगण शब्द स्पर्श रूप रस और गन्ध इनको पाँच तन्मात्रा करते हैं ॥ ९० ॥ मन बुद्धि चित्त और अहङ्काररूपसे अन्तःकरणके चार भेद हैं इसमें सन्देह नहीं ॥९१॥ हे सज्जनो ! ये ही चौबीस तत्त्व हैं । हे ब्राह्मणो ! निःसन्देह मैं ही पुरुष रूपसे पञ्चविंशतितम तत्त्व हूँ इस कारण तत्त्वज्ञानी गण मुझे तत्त्वातीत परमतत्त्व कहते हैं इसमें विस्मय न करो ॥९२-९३॥ अब इन्द्रियोंके विषयोंका वर्णन करता हूँ हे विप्रवरो ! आपलोग समाहित होकर उनको सुनें ॥ ९४ ॥ श्रोत्रेन्द्रियका विषय शब्द है, त्वगिन्द्रियका विषय स्पर्श है, चक्षुरिन्द्रियका विषय रूप ही है, रसनेन्द्रियका विषय रस है और घ्राणेन्द्रिय का विषय गन्ध

घ्राणस्य विषयो गन्धो विद्यते नात्र संशयः ।
वचनं स्याद्रागविषयः पाण्योरादानमेव च ॥ ९६ ॥
गमनं पादयोः पायोर्मलोत्सर्गश्च विद्यते ।
मूत्रत्याग उपस्थस्य विषयोऽस्ति महर्षयः ! ॥ ९७ ॥
गुह्यमेकं रहस्यं वो ब्राह्मणाः ! वर्णयाम्यहम ।
यदिन्द्रियद्वयस्याथ श्रूयतां तत्समाहितैः ॥ ९८ ॥
जिह्वायां वाग्रसादानैतच्छक्तिद्वययोगतः ।
अत्यन्तमेव जिह्वाऽसौ प्रबला विद्यते खलु ॥ ९९ ॥
लिङ्गयोन्योस्तथैवास्ते नृनारीचिह्नयोरपि ।
मूत्रत्यागात्मकः कर्म्मेन्द्रियस्य विषयो ननु ॥ १०० ॥
अत्यन्तप्रबलस्पर्शसुखं ज्ञानेन्द्रियस्य च ।
तयोः प्राबल्यमेवानः प्रसिद्धं सर्वथास्त्यलम ॥ १०१ ॥
सङ्कल्पो निश्चयो नूनं स्मरणं गर्व्व एव च ।
नन्वन्तःकरणस्यैते विषयाः स्युर्यथाक्रमम् ॥ १०२ ॥
कथ्यन्ते साम्प्रतं विज्ञाः ! देवास्तत्त्वाभिमानिनः ।

है इसमें सन्देह नहीं । वागिन्द्रियका विषय वक्तव्य है, पाणीन्द्रियका विषय वस्तु ग्रहण है, पादेन्द्रियका विषय गन्तव्य है, गुदेन्द्रियका विषय मलत्याग है और हे महर्षिगण ! उपस्थेन्द्रियका विषय मूत्र-त्याग है ॥ ९५-९७ ॥ हे ब्राह्मणो ! मैं दो इन्द्रियोंका एक गुह्य रहस्य आपलोगोंसे कहता हूँ, समाहित होकर सुनो ॥ ९८ ॥ जिह्वामें रसग्रहण और वाक्शक्ति दोनों होनेसे वह अत्यन्त ही प्रबल है ॥ ९९ ॥ उसी प्रकार पुरुषचिह्न और स्त्रीचिह्नरूपी उपस्थ और योनिमें भी मूत्रत्यागरूपी कर्म्मेन्द्रियका कार्य और अतिप्रबल स्पर्शसुखरूपी ज्ञानेन्द्रियका कार्य्य रहनेसे उनकी प्रबलता ही सर्वथा प्रसिद्ध है ॥ १००-१०१ ॥ अन्तःकरणचतुष्टय (चारों अन्तःकरणके) संकल्प करना, निश्चय करना, स्मरण करना और अहङ्कार करना यथाक्रम ये चार विषय हैं ॥१०२॥ हे विप्रमहर्षियो ! अब तत्त्वोंके अभिमानका

निशम्यन्तां भवद्भिश्च दत्तचित्तैर्महर्षयः ! ॥ १०३ ॥
दिग्वातार्कप्रचेतोऽश्विवन्ह्रीन्द्रोपेन्द्रमृत्यवः ।
शिवश्चन्द्रश्चतुर्वक्त्रो रुद्रः क्षेत्रज्ञ ईश्वराः ॥ १०४ ॥
श्रोत्रस्य हि दिशो देवास्त्वचो वायुर्न संशयः ।
सूर्य्योऽस्ति चक्षुषो देवो वरुणो रसनाधिपः ॥ १०५ ॥
घ्राणस्याप्यश्विनौ देवौ वह्निर्वाचो न संशयः ।
इन्द्रः पाणीन्द्रियस्यास्ति ह्युपेन्द्रः पादयोस्तथा ॥ १०६ ॥
मृत्युर्गुदेन्द्रियस्यास्त उपस्थस्य शिवस्तथा ।
रसना-योन्युपस्थेषु द्विधा शक्तिरवस्थिता ॥ १०७ ॥
तेषाम्प्रत्येकमेवातो द्वौ देवौ भवतो ध्रुवम् ।
वरुणाग्निद्वयस्यास्ति रसना पीठरूपिणी ॥ १०८ ॥
प्रजापतिस्तथा वायुः शिवश्चैव महर्षयः ! ।
पीठस्थानं त्रिदेवानामुक्तानां योनिशिश्नयोः ॥ १०९ ॥
अस्ततः सृष्टिकार्येषु लिङ्गयोन्योः प्रधानता ।

धारण करनेवाले अधिपति कहे जाते हैं सो दत्तचित्त होकर आपलोग सुनें ॥ १०३ ॥ दिक्, वायु, अर्क, प्रचेता, अश्वि, वह्नि, इन्द्र, उपेन्द्र, मृत्यु, शिव, चन्द्र, ब्रह्मा, रुद्र, और क्षेत्रज्ञ ये सब अधिपति हैं ॥ १०४ ॥ श्रोत्रेन्द्रियकी देवता दिशाएँ हैं, त्वगिन्द्रियकी देवता वायु ही है, चक्षुरिन्द्रियकी देवता सूर्य्य है, रसनेन्द्रियकी देवता वरुण है ॥ १०५ ॥ घ्राणेन्द्रियकी देवता दोनों अश्विनी कुमार हैं, वागिन्द्रियकी देवता अग्नि ही है, पाणीन्द्रियकी देवता इन्द्र है, पादेन्द्रियकी देवता उपेन्द्र है ॥ १०६ ॥ गुदेन्द्रियकी देवता मृत्यु है, उपस्थेन्द्रियकी देवता शिव है। रसना और उपस्थादिकमें द्विविध शक्ति निहित रहनेसे उनके प्रत्येकके ही दो दो देवता ही हैं। रसना वरुण और अग्निकी पीठरूपिणी है ॥ ॥ १०७–१०८ ॥ हे महर्षियो ! उपस्थ और योनिमें शिव, वायु और प्रजापतिका पीठ विद्यमान है इसी कारण सृष्टि कार्य्य में लिङ्ग और योनिकी

नात्र कश्चन सन्देहः कर्त्तव्यो विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ११० ॥
चन्द्रमा मनसो देवो बुद्धेश्च चतुराननः ।
चित्तस्य देवः क्षेत्रज्ञो रुद्रश्चाहङ्कृतेर्ध्रुवम् ॥ १११ ॥
विज्ञाः ! उपनिषज्ज्ञानमन्तःकरणगोचरम् ।
किञ्चिद्वो वर्णयाम्यत्र दत्तचित्तैर्निशम्यताम् ॥ ११२ ॥
मनो बुद्धिरहङ्कारश्चतुर्थं चित्तमेव च ।
एतच्चतुष्टयं ज्ञेयमन्तःकरणसंज्ञकम् ॥ ११३ ॥
एतच्चतुष्टयस्यैव ब्रह्मैव केवलं किल ।
विद्यतेऽधिपतिर्देव एक एव न संशयः ॥ ११४ ॥
अतोऽसौ गीयते लोके सर्वथा चतुराननः ।
अत्रापि कारणं वित्त बुद्धेः प्राधान्यमेव हि ॥ ११५ ॥
माययोपाहितं ब्रह्म विज्ञैरीश्वर उच्यते ।
अविद्योपाहितं ब्रह्म जीवः सम्प्रोच्यते तथा ॥ ११६ ॥
अविद्यामाययोर्विप्राः ! वेदे वर्णितयोः सदा ।

प्रधानता है, हे विप्रवरो ! इसमें कुछ सन्देह न करो ॥ १०९-११० ॥ मनकी देवता चन्द्रमा, बुद्धिकी देवता चतुर्वक्त्र, अहङ्कारकी देवता रुद्र और चित्त की देवता क्षेत्रज्ञ है ॥ १११ ॥ हे विज्ञो ! यहां मैं अन्तःकरणके विषयमें कुछ उपनिषद्का ज्ञान आपसे कहता हूं दत्तचित्त होकर सुनो ॥ ११२ ॥ मन बुद्धि अहंकार और चतुर्थ चित्त, इन चारों को अन्तःकरण समझना चाहिये ॥ ११३ ॥ केवल ब्रह्म ही इस अन्तःकरणचतुष्टयके ही अधिदैव हैं और इसी कारण वे संसारमें चतुर्वक्त्र कहे ही जाते हैं । यहां चारोंमें बुद्धिका प्राधान्य ही कारण जानो ॥ ११४-११५ ॥ मायारूप उपाधिसे युक्त ब्रह्मको विज्ञलोग ईश्वर कहते हैं और अविद्यारूप उपाधिसे युक्त ब्रह्म जीव कहाजाता है ॥ ११६ ॥ हे ब्राह्मणो ! वेदमें वर्णित इन अविद्या और

व्योमपातालवद्भेद एतयोः संप्रतीयते ॥ ११७ ॥
विज्ञानञ्चात्र वो वक्ष्मि पार्थक्यानुगतं तयोः ।
अविद्या हि सदा जीवान्निजायत्तान् प्रकुर्वती ॥ ११८ ॥
बद्धाऽऽसज्जायते स्वस्यां महामाया परन्त्वहो ।
विद्यास्वरूपिणी भूत्वा सर्वदेश्वरसात्सती ॥ ११९ ॥
तमेव सेवमाना च जगत्सृष्टिलयस्थितीः ।
आस्ते सा विदधानाऽतः पार्थक्यं विपुलं तयोः ॥ १२० ॥
शरीरं मे च मे प्राणा मनो मे धीश्च मेऽस्ति मे ।
ज्ञानमित्थं प्रतीयन्ते पञ्च कोशाः पृथक् पृथक् ॥ १२१ ॥
यथा स्वत्वेन विज्ञातमलङ्कारगृहादिकम् ।
स्वस्माद्भिन्नं वरीवर्त्ति पञ्च कोशास्तथा द्विजाः ॥ १२२ ॥
मदीयत्वेन विज्ञाता नैवात्मा स्यात् कदाचन ।
किन्त्वात्मा पञ्चकोषाणां ज्ञातैव भवति ध्रुवम् ॥ १२३ ॥

मायामें आकाश पातालके समान सदा भेद प्रतीत होता है ॥११७॥ उन दोनोंका पार्थक्य सम्बन्धी विज्ञान यहां आपलोगोंसे कहता हूँ । अविद्या जीवोंको सदा अपने अधीन करती हुई अपने में उनको बांधकर फसालेती है किन्तु, अहो महामाया विद्यास्वरूपिणी होकर सर्व्वदा ईश्वर के अधीन रहती हुई और उनकी ही सेवा करती हुई जगत् के सृष्टिस्थितिलय करती रहती है इसलिये इन दोनों में बड़ा अन्तर है ॥ ११८-१२० ॥ मेरा शरीर है मेरे प्राण हैं मेरा मन है मेरी बुद्धि है और मेरा ज्ञान है इस प्रकार से पृथक् पृथक्रूपसे पाँचों कोशोंकी प्रतीति होती है ॥ १२१ ॥ हेविप्रो ! जैसे " हमारे " हैं इस प्रकार जानेहुए अलङ्कार और घर आदि अपनेसे भिन्न होते हैं वैसे ही पञ्चकोश, हमारे हैं इस प्रकार जाननेके कारण आत्मा कभी नहीं होसक्ते हैं अर्थात् पञ्चकोश आत्मा नहीं हैं किन्तु पञ्चकोषोंके जाननेवाले निश्चयही

कारणस्थूलसूक्ष्माणि शरीराण्येवमेव च ।
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्याख्यमवस्थात्रयमेव हि ॥ १२४ ॥
चतुर्विंशतितत्त्वानि पूर्व्वमुक्तानि यानि वै ।
जीवेश्वरौ द्विजाः ! एते आत्मा नैव कदाचन ॥ १२५ ॥
तत्त्वज्ञानाश्रयादित्थं नेति नेति विचारतः ।
सर्व्वे स्थूलं सृजन्तोऽलं सूक्ष्मान्वेषणतत्पराः ॥ १२६ ॥
भवेयुश्चेन्निरासक्तास्तत्त्वातीतं पदं गताः ।
तदा मां सर्वदा तत्र भवन्तो द्रष्टुमीशते ॥ १२७ ॥
अतीतः सर्वतत्त्वेभ्यः तथैव पञ्चकोषतः ।
सच्चिदानन्दरूपोऽहमिति जानीत निश्चितम् ॥ १२८

इति श्रीधीशगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां
योगशास्त्रे धीशर्पिसम्वादे वेदान्तनिरूपणं
नाम पञ्चमोऽध्यायः ।

आत्मा हैं ॥ १२२-१२३ ॥ इसी रीति से ही हे विप्रो ! स्थूलशरीर सूक्ष्मशरीर और कारणशरीर, जाग्रदवस्था स्वप्नावस्था सुषुप्ति अवस्था ये तीनों अवस्थाएँ, पूर्वोक्त चौवीस तत्त्व, जीव और ईश्वर, ये कभी आत्मा नहीं ही होसक्ते हैं ॥ १२४-१२५ ॥ इस प्रकार तत्त्वज्ञान की सहायता से यदि आपलोग नेति नेति विचारद्वारा सब स्थूलको छोड़ते हुए सूक्ष्मके अन्वेषणमें तत्पर होकर निरासक्त होंगे तो सर्व्वदा तत्त्वातीत पदमें स्थित होकर वहां मेरे दर्शनको प्राप्त कर सकोगे ॥ १२६-१२७ ॥ मैं पञ्चकोषोंसे परे और सब तत्त्वोंसे अतीत सच्चिदानन्द स्वरूप हूँ यह निश्चय करके जानना ॥ १२८ ॥

इस प्रकार श्रीधीशगीतोपनिषद्में ब्रह्मविद्यासम्बन्धी
योगशास्त्रका धीशर्पिसम्वादात्मक वेदान्तनिरूपण
नामका पञ्चम अध्याय समाप्त हुआ ।

वेदान्तसिद्धान्तनिरूपणम् ।

श्रीगणपतिरुवाच ॥ १ ॥

मत्प्रकृत्यैव जातस्य ब्रह्मणः कार्य्यरूपिणः ।
स्वरूपं वर्णितं विप्राः ! भवद्भिश्च श्रुतं खलु ॥ २ ॥
चतुर्विंशतितत्त्वैर्हि पिण्डब्रह्माण्डरूपकम् ।
दृश्यमानं जगज्जातं सर्व्वमेतच्चराचरम् ॥ ३ ॥
पञ्चकोषाश्च पिण्डानि व्याप्नुवन्तो महर्षयः ! ।
आवृण्वन्तोऽवतिष्ठन्ते मत्स्वरूपं न संशयः ॥ ४ ॥
तत्त्वज्ञैः सर्वपिण्डेषु पञ्चकोशसमन्वयम् ।
ज्ञात्वा सर्वत्र मच्छक्तेस्त्वेकत्वमनुभूयते ॥ ५ ॥
ममैव प्रकृतिर्विप्राः ! मायानाम्नाऽभिधीयते ।
नूनं त्रैगुण्यमय्येषा भवन्ती परिणामिनी ॥ ६ ॥

गणपति बोले ॥ १ ॥

हे ब्राह्मणो ! मेरी प्रकृतिसे ही उत्पन्न कार्य्यब्रह्मका स्वरूप मैंने वर्णन किया है और आपलोगोंने सुना भी है ॥ २ ॥ चतुर्विंशति तत्त्वोंसे ही ब्रह्माण्डपिण्डात्मक ये सब चराचर जगत्समूह दृश्यमान है ॥ ३ ॥ और हे महर्षिगण ! पञ्चकोष सब पिण्डोंमें व्याप्त होकर मेरे स्वरूपको निःसन्देह ढके हुए हैं ॥ ४ ॥ परन्तु तत्त्वज्ञानी सब पिण्डोंमें पञ्चकोषका समन्वय जानकर सब स्थानोंमें मेरी शक्तिकी अद्वैतता अनुभव करते हैं ॥ ५ ॥ हे विप्रो ! मेरी प्रकृति ही मायानामसे अभिहित होती है । हे विप्रो ! यही त्रिगुणा-

कुर्वत्यास्ते सदा विप्राः ! दृश्यसृष्टिलयस्थितीः ।
सृष्टिकाले भवेत्तस्या आकाशः प्रकृतेस्ततः ॥ ७ ॥
आकाशाद्वायुरप्येवं वायोरग्निर्न संशयः ।
अग्नेर्जलं जलात्पृथ्वी जायते ब्राह्मणोत्तमाः ! ॥ ८ ॥
एतेषां पञ्चतत्त्वानामाकाशस्य भवेत्पुनः ।
सात्त्विकादंशतो नूनमिन्द्रियं श्रोत्रनामकम् ॥ ९ ॥
वायोस्त्वक् सात्त्विकादंशादग्नेश्चक्षुर्भवेत्ततः ।
जलस्य सात्त्विकादंशाद्रसना जायते ध्रुवम् ॥ १० ॥
पृथिव्याः सात्त्विकादंशाद्घ्राणमुत्पद्यते द्विजाः ! ।
एतेषां पञ्चतत्त्वानां समष्टेः सात्त्विकांशतः ॥ ११ ॥
मनो बुद्धिरहङ्कारस्तथा चित्तं भवन्त्यहो ।
द्विजोत्तमाः ! मनः कर्त्तृ स्यात्सङ्कल्पविकल्पयोः ॥ १२ ॥
अहङ्कारोऽस्यहङ्कर्त्ता बुद्धिर्निश्चयकारिणी ।
चित्तं स्मर्तृ च सर्व्वेषां संस्काराणां यतः खनिः ॥ १३ ॥

त्मिका प्रकृति सदा परिणामिनी होती हुई दृश्यका सृष्टि स्थिति लय करती रहती है। हे विप्रवरो ! सृष्टि करते समय उस प्रकृतिसे आकाश, आकाशसे वायु, वायु से अग्नि, अग्निसे जल और जलसे पृथिवी उत्पन्न होती है इसमें सन्देह नहीं ॥ ६-८ ॥ और इन पांच तत्त्वोंमेंसे आकाशके ही सात्त्विक अंशसे श्रोत्रेन्द्रिय उत्पन्न होता है ॥ ९ ॥ वायुके सात्त्विक अंशसे त्वगिन्द्रिय, अग्निके सात्त्विक अंशसे चक्षुरिन्द्रिय, जलके सात्त्विक अंशसे रसनेन्द्रिय निःसन्देह उत्पन्न होता है ॥१०॥ हेब्राह्मणो! पृथिवीके सात्त्विक अंशसे घ्राणेन्द्रिय उत्पन्न होता है। अहो ! इन पाँचों तत्त्वोंके समष्टि (मिले हुए) सात्त्विक अंशसे मन बुद्धि चित्त और अहङ्कार उत्पन्न होते हैं। हे श्रेष्ठ ब्राह्मणो ! संकल्प विकल्प करनेवाला मन है, अहङ्कार करनेवाला अहङ्कार है, निश्चय करनेवाली बुद्धि है, स्मरण करनेवाला चित्त है क्योंकि

एतेषु पञ्चतत्त्वेषु ह्याकाशस्य रजोंऽशतः ।
वागिन्द्रियं समुत्पन्नं वायोः पाणीन्द्रियं तथा ॥ १४ ॥
अग्नेराजसिकादंशाज्जायते पाद इन्द्रियम् ।
जलस्य राजसादंशात् स्यादुपस्थेन्द्रियं तथा ॥ १५ ॥
गुदेन्द्रियं पृथिव्यास्तु राजसांशात्समजायते ।
एतेषां पञ्चतत्त्वानां समष्टे राजसांशतः ॥ १६ ॥
प्राणादयो भवन्त्येते वायवः पञ्चसङ्ख्यकाः ।
कृकरो नागकूर्म्मौ च देवदत्तधनञ्जयौ ॥ १७ ॥
उपवायव एते हि तेष्वेवान्तर्भवन्त्यहो ।
एतेषां पञ्चतत्त्वानां तामसांशसमष्टितः ॥ १८ ॥
पञ्चीकृतानि जायन्ते महाभूतानि पञ्च च ।
स्थूलाक्ष्यगोचरं विप्राः ! सूक्ष्मराज्यं सदा भवेत् ॥ १९ ॥
स्थूलं विश्वं महाभूतैर्जातं पञ्चीकृतैर्यतः ।
सूक्ष्मैः पञ्चमहाभूतैः कथं पञ्चीकृतान्यहो ॥ २० ॥

यह सब संस्कारोंका आकर है ॥ ११-१३ ॥ इन्हीं पाँचों तत्त्वोंमेंसे आकाशके राजस अंशसे वागिन्द्रिय, वायुके राजस अंशसे पाणीन्द्रिय, वह्निके राजस अंशसे पादेन्द्रिय, जलके राजस अंशसे उपस्थेन्द्रिय और पृथिवीके राजस अंशसे गुदेन्द्रिय उत्पन्न होते हैं। इन पञ्चतत्त्वों के समष्टि (मिले हुए) राजस अंशसे प्राणादि पाँच वायु उत्पन्न होते हैं। अहो ! उपवायु, नाग कूर्म्म कृकर देवदत्त और धनञ्जय भी उक्त पाँच वायुओंके अन्तर्गत ही हैं। इन पाँचों तत्त्वोंके समष्टि (मिले हुए) तामस अंशसे पञ्चीकृत पञ्चमहाभूत उत्पन्न होते हैं। हे ब्राह्मणो ! सूक्ष्मराज्य स्थूल इन्द्रियोंसे सदा अगोचर है ॥ १४-१९ ॥ क्योंकि स्थूल जगत् पञ्चीकृत पञ्चमहाभूतसे उत्पन्न है। हे ब्राह्मणो ! सूक्ष्म पञ्च महाभूतोंसे पञ्चीकृत स्थूल पञ्च महाभूत

पञ्च स्थूलानि जायन्ते महाभूतानि भूसुराः ! ।
तत्प्रकारं प्रवक्ष्येऽहं शृणुध्वं सुसमाहिताः ॥ २१ ॥
एतत्पञ्चमहाभूततामसांशस्वरूपकम् ।
एकमेकं द्विधा भूतं विभज्यैकैकमर्द्धकम् ॥ २२ ॥
अवस्थाप्यापरं विज्ञाः ! चतुर्धाऽपरमर्द्धकम् ।
विभज्यैवं पृथक्त्वेन स्थापितार्द्धेषु निश्चितम् ॥ २३ ॥
विभागेषु विभक्तस्य चतुर्धा विप्रपुङ्गवाः ! ।
एकैकस्य च भूतार्द्धात्मकस्यैकं किलैककम् ॥ २४ ॥
अंशं कृत्वाऽथ संयुक्तं स्यात्पञ्चीकरणं ध्रुवम् ।
पञ्चीकरणनामायं विधिरत्यन्तमद्भुतः ॥ २५ ॥
स्वार्द्धे प्रत्येकभूतस्यापरेषां मिश्रितो भवेत् ।
भूतानामर्द्धभागस्य चतुर्थांशो न संशयः ॥ २६ ॥
यथा पञ्चीकृताकाशे तस्याऽपञ्चीकृतस्य तु ।
अर्द्धमस्त्यपरेषाञ्च भूतानां हे महर्षयः ! ॥ २७ ॥

कैसे उत्पन्न होते हैं उसका प्रकार मैं कहता हूं समाहित होकर सुनो ॥ २०–२१ ॥ हे विप्रब्राह्मणोत्तमो ! इन पाँचों महाभूतोंके तामसांशस्वरूप एक एक भूतके दो दो भाग करके और एक एक भागको पृथक् रखकर दूसरे दूसरे भागके चार चार भाग करके पृथक् रक्खे हुए भागोंमें एक एक भाग प्रत्येक भूतका संयुक्त करनेसे निश्चय पञ्चीकरण होता है । यह पञ्चीकरण विधि अत्यन्त अद्भुत है ॥ २२–२५ ॥ प्रत्येक भूतके अपने आधे में प्रत्येक दूसरे भूतोंके आधे भागका चतुर्थांश मिला हुआ रहता है इसमें सन्देह नहीं ॥ २६ ॥ हे महर्षियो ! जैसे पञ्चीकृत आकाशमें अपञ्चीकृत आकाशका आधा भाग और दूसरे प्रत्येक अपञ्चीकृतभूतोंके अर्द्ध भागका चतुर्थांश अर्थात् अपर प्रत्येक भूतोंका अष्टमांश मिला हुआ है इसमें सन्देह नहीं, इसी प्रकार प्रत्येक भूतमें मिश्रण जानना

नन्वपञ्चीकृतानाम्वै अष्टमांशो न संशयः ।
एवमन्येषु भूतेषु बोद्धव्यं मिश्रणं ध्रुवम् ॥ २८ ॥
एतैः पञ्चीकृतैः पञ्चमहाभूतैर्हि जायते ।
ब्रह्माण्डं सततं स्थूलं प्रत्येकं नात्र संशयः ॥ २९ ॥
ब्रह्माण्डमपि प्रत्येकमधश्चोर्द्ध्वं विभज्यते ।
तच्चतुर्दशलोकेषु नानाश्चर्य्यमयेष्वहो ॥ ३० ॥
ब्रह्माण्डे तत्र प्रत्येकमुद्भिज्जस्वेदजाण्डजाः ।
जरायुजाश्च जायन्ते चतुर्धा स्थूलदेहकाः ॥ ३१ ॥
दैव्यास्तद्व्यतिरिक्तं वै सृष्टेर्वैचित्र्यमुत्तमम् ।
किमप्यपूर्वमेतेभ्यो विद्यते विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ३२ ॥
जीवास्तत्तच्छरीराणामभिमानिन आसते ।
ईश्वरोऽनन्तब्रह्माण्डाभिमानी विद्यते खलु ॥ ३३ ॥
ब्रह्माण्डपिण्डयोरैक्यमेवं जातं महर्षयः ! ।
नैवात्र विस्मयः कार्य्यो भवद्भिर्विप्रपुङ्गवाः ! ॥ ३४ ॥
ईश्वरस्य च जीवस्य भेदो ब्रह्मणि कल्प्यते ।

चाहिये ॥ २७-२८ ॥ इन पञ्चीकृत पञ्च महाभूतोंसे ही प्रत्येक स्थूल ब्रह्माण्ड निरन्तर उत्पन्न होता है इसमें सन्देह नहीं ॥ २९ ॥ प्रत्येक ब्रह्माण्ड भी ऊर्द्ध्वाधोरूपसे नानाश्चर्यमय चतुर्दश भुवनोंमें विभक्त है ॥३०॥ उन प्रत्येक ब्रह्माण्डोंमें उद्भिज्ज स्वेदज अण्डज और जरायुज ये चार प्रकारके स्थूल शरीर उत्पन्न होते हैं ॥ ३१ ॥ हे विप्रश्रेष्ठो! इनके अतिरिक्त दैवी सृष्टिकी उत्तम विचित्रता इनसे कुछ विलक्षण ही है ॥३२॥ शरीरोंका अभिमान रखनेवाले जीव और अनन्त ब्रह्माण्डोंके अभिमान रखनेवाले ही ईश्वर हैं ॥ ३३ ॥ हे महर्षिगण! इस प्रकारसे पिण्ड और ब्रह्माण्डकी एकता प्रतिपन्न हुई, हे विप्रवरो! आपलोग इसमें विस्मय न करें ॥ ३४ ॥ हे ब्राह्मणो! ब्रह्ममें ही अविद्या

मायाऽविद्यात्मकान्नूनं क्रमादावरणाद्द्विजाः ! ॥ ३५ ॥
ब्रह्मणः प्रतिबिम्बं हि जीवो देहाभिमानकः ।
स्वस्मात्स्वभावतो भिन्न ईश्वरस्तेन मन्यते ॥ ३६ ॥
ईश्वरस्य च जीवस्य भेदो यावदुपाधितः ।
तिष्ठेत्, तावत्क्षणं विप्राः ! कथञ्चिच्च कदाचन ॥ ३७ ॥
जन्ममृत्युप्रवाहोऽसौ संसारो न निवर्त्तते ।
ईश्वरे चैव जीवे च भेदबुद्धिः कदाप्यतः ॥ ३८ ॥
न कर्त्तव्या द्विजश्रेष्ठाः ! तत्त्वज्ञैरात्मवेदिभिः ।
मङ्गलं जायते तेषामतो नूनं महर्षयः ! ॥ ३९ ॥
साहङ्कारस्य जीवस्य किञ्चिज्ज्ञस्य हि कोविदाः ! ।
सर्वज्ञेनेश्वरेणाहो निरहङ्कारिणा सह ॥ ४० ॥
तत्त्वमस्यादिभिर्वाक्यैरेतयोर्भिन्नधर्म्मयोः ।
कथं न्वभेदबुद्धिः स्याच्छङ्क्यते चेन्निशम्यताम् ॥ ४१ ॥
अर्थद्वयं द्विजश्रेष्ठाः ! स्यात्तत्त्वंपदयोर्द्वयोः ।

और मायारूप आवरणके द्वारा जीव और ईश्वर का भेद कल्पना किया गया है ॥ ३५ ॥ शरीरका अभिमान रखनेवाला जीव ब्रह्मका प्रतिबिम्ब है, वह जीव स्वभावसे ही ईश्वरको अपनेसे भिन्न समझता है ॥ ३६ ॥ हे विप्रो ! उपाधिके भेदसे जीव और ईश्वरमें भेददृष्टि जब तक रहती है तब तक जन्ममरणप्रवाहरूप यह संसार कभी और किसी प्रकार निवृत्त नहीं होता है इस कारणसे हे द्विजश्रेष्ठो ! जीव और ईश्वरमें भेददृष्टि तत्त्वज्ञ आत्मज्ञानियोंको कदापि नहीं करनी चाहिये । हे महर्षियो ! इससे उनका अवश्य मंगल होता है ॥ ३७-३९ ॥ हे विज्ञो ! अहङ्कारवान् और अल्पज्ञ जीवको निरहङ्कार और सर्वज्ञ ईश्वरके साथ " तत्त्वमसि " आदि महावाक्योंके द्वारा, अहो ! इन दोनों विरुद्धधर्म्मियोंमें अभेदबुद्धि कैसे हो सकती है । यदि ऐसी शङ्का करो तो सुनो ॥ ४०-४१ ॥ हे विज्ञ विप्रवरो !

वाच्यार्थश्चैव भो विज्ञाः ! लक्ष्यार्थश्च न संशयः ॥ ४२
अविद्यावांश्च तत्कार्य्यकर्तृत्वादिगुणैर्युतः ।
जीवो देहाभिमानीति वाच्याऽर्थस्त्वम्पदस्य हि ॥ ४३
अविद्योपाधिनिर्मुक्तं समाधेश्च दशां गतम् ।
अविद्यया च तत्कार्य्यैं रहितं प्रतिभान्विताः ! ॥ ४४
चिन्मात्रं शुद्धचैतन्यं लक्ष्यार्थस्त्वम्पदस्य वै ।
वाच्यार्थश्चैव लक्ष्यार्थस्तत्पदस्यापि कथ्यते ॥ ४५ ॥
मायातत्कार्य्यसर्वज्ञभावादिगुणसंयुतः ।
ईश्वरस्तत्पदस्यास्ति वाच्यार्थो नात्र संशयः ॥ ४६ ॥
मायातत्कार्य्यतः शून्यं मायोपाधिविवर्जितम् ।
चिन्मात्रं शुद्धचैतन्यं लक्ष्यार्थस्तत्पदस्य वै ॥ ४७ ॥
ईश्वरस्य च जीवस्य शुद्धचैतन्यरूपतः ।
अभेदे बाधकाभावः स्यादेवं ब्राह्मणोत्तमाः ! ॥ ४८ ॥
' अहं ब्रह्मास्मि ' चेसादिमहावाक्यैरपि द्विजाः ! ।

तत् और त्वं इन दोनों पदोंके वाच्यार्थ और लक्ष्यार्थरूप दो दो अर्थ होते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ ४२ ॥ अविद्या, उसका कार्य्य और कर्त्तृत्वादि गुणवाला और शरीरका अभिमानी जीव यही त्वंपदका वाच्यार्थ है ॥ ४३ ॥ हे प्रतिभाशालियो ! अविद्यारूप उपाधिसे निर्मुक्त, समाधिदशाप्राप्त, अविद्याऔर उसके कार्य्यसे रहित, चिन्मात्र और शुद्ध चैतन्य ही त्वंपदका लक्ष्यार्थ है । अब तत्पदका भी वाच्यार्थ और लक्ष्यार्थ कहता हूँ ॥ ४४-४५ ॥ माया और उसका कार्य्य एवं सर्वज्ञत्व आदि गुणोंवाला ईश्वर तत्पदका वाच्य अर्थ है इसमें सन्देह नहीं ॥ ४६ ॥ मायारूप उपाधिसे शून्य, शुद्ध चैतन्य, माया और उसके कार्य्यसे रहित और चिन्मात्र ही तत्पदका लक्ष्य अर्थ है ॥ ४७ ॥ हे विप्रश्रेष्ठो ! इस प्रकारसे जीव और ईश्वरमें चैतन्यरूपसे अभेद होनेमें कोई बाधक नहीं है ॥ ४८ ॥ हे विप्रो! उन दोनों की एकता "अहं ब्रह्मास्मि" इत्यादि महावाक्योंसे भी

विज्ञायते तयोरैक्यमुभयोर्नात्र संशयः ॥ ४९ ॥
ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव केवलम् ।
इति शास्त्रोपदेशेन श्रीगुरोरुपदेशतः ॥ ५० ॥
स्वानुभूत्याऽथवा विज्ञाः ! ये विदन्ति सुसाधकाः ।
येषाञ्च प्राणिमात्रेषु सर्व्वेषु ब्राह्मणोत्तमाः ! ॥ ५१ ॥
ब्रह्मबुद्धिः समुत्पन्ना ज्ञानयोगेन सर्वथा ।
त एव ज्ञानिनो भक्ता जीवन्मुक्ता भवन्ति मे ॥ ५२ ॥
एतद्वेदान्तसिद्धान्ततात्पर्य्यं हि निशम्यताम् ।
अविद्योपाधिसम्भ्रान्तिर्यदा दूरीभविष्यति ॥ ५३ ॥
ब्रह्मसत्तैव लक्ष्यार्थरूपेणैवावशिष्यते ।
मायोपाधेर्महत्त्वञ्च तत्त्वज्ञानेन वेत्स्यते ॥ ५४ ॥
ततश्च ब्रह्मरूपो हि लक्ष्यार्थः परिशिष्यते ।
जीवन्मुक्ता महात्मानस्तत्त्वज्ञानाब्धिपारगाः ॥ ५५ ॥
जीवेशयोरित्थमेतमभेदमनुभूय च ।
ब्रह्मानन्दे निमज्जन्तः कृतकृत्या भवन्ति ते ॥ ५६ ॥

जानी जातीहै इसमें सन्देह नहीं ॥४९॥ हे विज्ञ विप्रवरो ! जो सुसाधक ब्रह्म सत्य है, जगत् मिथ्या है और जीव केवल ब्रह्म ही है ऐसा शास्त्रोपदेशसे श्रीगुरूपदेशसे और अपने अनुभवसे जानते हैं एवं जिनकी सब प्राणिमात्रों पर ज्ञानयोगसे सर्वथा ब्रह्मबुद्धि उत्पन्न हुई है वेही मेरे ज्ञानी भक्त जीवन्मुक्त हैं॥५०-५२॥इस वेदान्तके सिद्धान्तका तात्पर्य्य सुनो। जब अविद्यारूप उपाधिभ्रम दूर होजायगा तो ब्रह्मसत्ता लक्ष्यार्थरूपसे अवशेष रहेगी। उसी प्रकार जब मायारूप उपाधिका महत्त्व तत्त्वज्ञानके द्वारा ज्ञात होगा तब भी लक्ष्यार्थरूप ब्रह्मही अवशेष रह जायगा। इस प्रकारसे तत्त्वज्ञानी जीवन्मुक्त महात्मा जीव और ईश्वर दोनोंकी यह अभेद सत्ता अनुभव करके वे ब्रह्मानन्दमें निमग्न होते हुए कृतकृत्य होते हैं ॥ ५३-५६ ॥

जड़ैर्जीवगणैर्विश्वं विषयात्मकमीक्ष्यते ।
अज्ञानिजीवजातेन सुखरूपं निरीक्ष्यते ॥ ५७ ॥
जगत्प्रपञ्चजातन्तु ज्ञानवद्भिर्विवेकिभिः ।
परिणामीति विज्ञाय दुःखरूपं प्रतीयते ॥ ५८ ॥
किन्तु मे ज्ञानिनो भक्ता जीवन्मुक्तगणाः खलु ।
संसारमेतं पश्यन्ति स्वरूपे क्वाऽप्यलौकिके ॥ ५९ ॥
संसारं मे प्रकृत्यैतं प्रसूतं सर्वथाऽद्भुतम् ।
आकाश इव गान्धर्वं पश्यन्तो नगरं मुहुः ॥ ६० ॥
मिथ्यैव तत्स्वरूपञ्च जानन्तोऽपि द्विजोत्तमाः ! ।
दृशं दृशं प्रमोदन्ते तद्रूपं कौतुकप्रदम् ॥ ६१ ॥
मृगतृष्णासमं विश्वं भ्रान्तिस्तोमसमाकुलम ।
दृष्ट्वेन्द्रजालवन्मिथ्या-प्रपञ्चावलिमूलकम् ॥ ६२ ॥
मम शक्तेर्गुणानाञ्च परिणामस्वरूपकम् ।
तत्र नैव प्रसज्जन्ते पद्मपत्रमिवाम्भसि ॥ ६३ ॥
तिष्ठन्तोऽपि प्रपञ्चेषु पृथग्भूतास्ततो ध्रुवम् ।

इस संसारको जड़ जीवगण विषयके रूपमें देखते हैं, अज्ञानी जीवगण सुखरूपसे देखते हैं ॥ ५७ ॥ ज्ञानवान् विवेकिजन सम्पूर्ण संसारप्रपञ्चको परिणामी जानकर दुःखमय रूपमें अनुभव करते हैं ॥ ५८ ॥ परन्तु मेरे ज्ञानीभक्त जीवन्मुक्तगण इस संसारको कुछ और ही अलौकिक रूपमें देखते हैं ॥ ५९ ॥ हे विप्रवरो ! वे मेरी प्रकृतिप्रसूत सर्व्वथा अद्भुत इस संसारको आकाशमें गन्धर्वनगरके समान वार वार देखकर और उसके स्वरूपको मिथ्या ही जानते हुए भी उस कौतुकप्रदरूपको देख देखकर आनन्दित होते हैं ॥ ६०-६१ ॥ वे इस संसारको मृगमरीचिकावत् अनेक भ्रमयुक्त, इन्द्रजालवत् मिथ्या प्रपञ्चोंका मूल और मेरी शक्तिके ही गुणोंका परिणामस्वरूप देखकर उसमें फंसते ही नहीं । वे इस प्रपञ्चमें रहकर भी जलमें पद्मपत्रके समान उससे अलग ही रहते हैं ।

भवितुं ह्येतदेवाऽर्ह्यं लक्ष्यमुच्चपदं हितम् ॥ ६४ ॥
श्रेष्ठानां ब्राह्मणानां हि सर्व्वत्रैव सुखावहम् ।
परीवारोपमास्तेषां संसारा अखिला अमी ॥ ६५ ॥
देवर्षिपितृसङ्घाश्च तदर्थं बान्धवोपमाः ।
त्याज्यं वाऽऽदेयमप्यस्ति तेषां नैवेह किञ्चन ॥ ६६ ॥
पितरौ च कुलं जातिं स्थूलदेहेन कुर्वते ।
निखिलां पृथिवीं धन्यां मातृभूमिं विशेषतः ॥ ६७ ॥
दैवीञ्च जगतीं सूक्ष्मां सूक्ष्मदेहेन कुर्वते ।
सर्वदा सर्वथा धन्यां ते विप्रा नैव संशयः ॥ ६८ ॥
ब्रह्मानन्दसुसन्दोहसविलासस्वरूपतः ।
धन्यं धन्यं पुनर्धन्यं कुर्वते मामसंशयम् ॥ ६९ ॥

इति श्रीधीशगीतामूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे धीशर्षि-संवादे वेदान्तसिद्धान्तनिरूपणं नाम षष्ठोऽध्यायः ।

श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको यही सर्व्वत्र ही सुखप्रद हितकर उच्चपद लक्ष्यरूप होना चाहिये । उनके लिये ये सब संसार परिवारके समान है ॥ ६२-६५ ॥ देवता ऋषि और पितृगण उनके लिये बान्धव हैं। उनके लिये इस संसारमें गृहणीय भी कुछ नहीं ही है और त्याग करने योग्य भी कुछ नहीं ही है ॥ ६६ ॥ वे स्थूल शरीरसे माता पिता कुल जाति और समस्त पृथिवीको और विशेषतः जन्म-भूमिको धन्य करते हैं ॥ ६७ ॥ हे विप्रो ! वे सूक्ष्मशरीरसे सूक्ष्मदैवी जगत्को सब प्रकारसे सर्वदा धन्य कहते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ ६८ ॥ और ब्रह्मानन्दसुसन्दोहके सम्यक् विलासस्वरूपसे निः-सन्देह मुझे धन्य धन्यकरते हैं ॥ ६९ ॥

इस प्रकार श्रीधीशगीतोपनिषद्में ब्रह्मविद्यासम्बन्धी योग-शास्त्रका धीशर्षिसंवादात्मक वेदान्तसिद्धान्तनिरूपण नामका छठा अध्याय समाप्त हुआ ।

विराट्स्वरूपनिरूपणम् ।

ऋषय ऊचुः ॥ १ ॥

हे सर्वज्ञ ! जगन्निवास ! भगवन् ! देवादिदेव ! प्रभो !
हे सर्वादिगुरो ! दयार्णव ! विभो ! विश्वेश ! विश्वम्भर !।
अस्माकं भवतामपारकृपया नूनं तृतीयं वर--
मद्यान्तर्नयनात्मकं सुविमलं ज्ञानाक्षि प्रोन्मीलितम् ॥ २ ॥
पश्यामोऽद्य भवदयोदयवशाद्धारे मणीनां गणान
सूत्रं प्रोतमिवान्तरेण निखिलब्रह्माण्डपिण्डव्रजे ।
सर्व्वेषां कुरुते सदैकविधिनाऽनुस्यूततामास्तवान
चैतन्यास्तितयोर्विधानमखिलं शश्वद्भवानित्यहो ॥ ३ ॥
पश्यामस्तरतो गृहेऽपरिमितान् भूयो यथाऽनन्त ! हे
रन्ध्रद्वारनिविष्टसूर्य्यकिरणस्तोमेष्वणूनां गणान् ।

ऋषिगण बोले ॥ १ ॥

हे प्रभो ! हे भगवन् ! हे सर्व्वज्ञ ! हे दयार्णव ! हे विश्वेश ! हे देवादिदेव ! हे जगन्निवास ! हे सब गुरुओंके आदिगुरु ! हे विश्वम्भर ! हे विभो ! आपकी अपार कृपासे आज हमारा अन्तर्नेत्ररूपी ज्ञाननेत्र जो श्रेष्ठ निर्मल तृतीय नेत्र है सो निश्चय ही खुल गया है ॥२॥आपकी कृपाके उदयसे अब हम देखते हैं कि आप जैसे मालामें मणिगणके बीच पिरोया हुआ सूत्र रहता है उसी प्रकार सब पिण्ड और सब ब्रह्माण्डोंमें एकरूपसे सदा अनुस्यूत रहकर अहो! सबके अस्तित्व और सबके चैतन्यका सम्पूर्ण विधान निरन्तर करते हैं ॥ ३ ॥ पुनः हे अनन्त ! जिस प्रकार घरमें छिद्ररूपमार्गसे प्रविष्ट सूर्य्यकिरणोंमें तैरते हुए अपरिमित अणुसमूहको हम

ब्रह्माण्डानि तथा तरन्ति च विराड्देहाश्रितानि प्रभो-
र्नाद्यन्ते विपुलेऽमितानि वियति प्रोद्द्योतयन्ति ह्यमुम् ॥४॥

पश्यामश्च पुनर्वयं तव विराड्रूपं हि यत्राधुना
भात्यन्तो हरितां न चादिरपि तद्देशस्य सन्दृश्यते ।
पश्यामश्च पुनर्वयं तव महद्देहे महाकौतुकम्
व्याप्तश्चाऽगणितैर्विराड्वपुषि ते मूर्य्यग्रहोपग्रहैः ॥ ५ ॥

सङ्घातप्रतिघाततः परिणमन् ब्रह्माण्डभाण्डव्रजः
ह्यन्योऽन्यं परमाणुरूपनिचयेऽनन्तो महाकाल ! हे ।
जायन्ते परमाणवश्च निखिला ब्रह्माण्डरूपाः पुनः
नानाकारयुताः प्रभो ! बहुविधाः प्रत्येकमेव क्षणम् ॥ ६ ॥

नक्षत्रावलिभिश्च नूनमखिलैः क्वापि ग्रहोपग्रहैः
मूर्य्याद्यैर्हि समावृताः सुसघनाः सन्तः परीणामतः ।
ब्रह्माण्डव्रजसम्भवक्षयविधिर्यत्र प्रभो ! भासते

देखते हैं उस प्रकार आदि अन्त रहित महाकाशमें अनन्त ब्रह्माण्ड-समूह आपके विराट् देहको आश्रय करके तैर रहे हैं और शोभाको निश्चय ही बढ़ा रहे हैं ॥ ४ ॥ हम पुनः देख रहे हैं कि आपका विराट्रूप जहां इस समय प्रकाशित होरहा है उस देशकी दिशाओंका न आदि और न अनन्त ही दिखाई देता है। हे महाकाल! हम पुनः आपके विराट् देहमें महाकौतुक देख रहे हैं। आपके उस विराट् वपुमें अनन्त सूर्य्य और अनन्त ग्रह उपग्रह द्वारा परि-व्याप्त अनन्त ब्रह्माण्डसमूह आपसके घातप्रतिघातसे परमाणु-रूपोंमें परिणत होरहे हैं और हे प्रभो! कहीं सब परमाणुपुञ्ज सम्यक्रूपसे पुनः घनीभूत होकर नक्षत्रसमूह और सूर्य्यादि अखिल ग्रहोपग्रहोंसे आवृत अनेक प्रकारके और अनेक आकृति-वाले ब्रह्माण्डरूपोंमें अनुक्षण ही परिणत होरहे हैं। परन्तु हे

काले तस्य न दृश्यते कथमपि त्वादिर्न चान्तः परम् ॥ ७
सार्द्धञ्चैव विराड्ढनन्तवपुषा प्रोतौतयोस्ते तयोः
नान्तो नादिरवेक्ष्यते किमपि चेद्देशस्य कालस्य च ।
द्रष्टुं तर्हि विराड्ढनन्तवपुषः शक्तः कथं कोऽप्यहो
आदिं चान्तमशेषतः किमुत वै मूढा वयाऽस्मादृशाः ॥ ८
भूतस्रष्टरु ! भूतपालक ! सदा हे भूतहारिन् ! विभो !
अस्माभिर्निखिलैरितीक्ष्यत इहानन्तानि भूयोऽपि ते ।
ब्रह्माण्डानि पृथक् प्रकट्य प्रकृतेः कर्म्ममवाहे पृथक्
लीयन्ते प्रकृतौ स्वयं तव मुहुः सद्यो निविष्टानि च ॥ ९ ॥
जायन्ते प्रकृतेर्हि पिण्डानिवहास्ते भूतभावोद्भव-
कृद्रूपेण चितो जड़ेन सह यो ग्रन्थिर्विसर्गेण वै ।
तद्रूपाः परमाणुतो ह्यगणिताः प्रत्येकतो हि स्वतः

प्रभो ! इन ब्रह्माण्डसमूहकी उत्पत्ति और लयका कार्य्य जिस कालमें प्रतिभासित होता है उस कालका किसी प्रकार भी न आदि और न अन्त हमें दिखाई पड़ता है ॥ ५-७ ॥ आपके विराट् रूप असीम देह के साथ ही ओतप्रोत उन देश और कालका अब आदि और अन्त कुछ भी हमें दिखाई नहीं पड़ता है तब अहो ! आपके विराट्रूप असीम देहका आदि और अन्त निःशेषरूपसे देखनेमें कोई भी किस प्रकार समर्थ हो सकता है और हमारे जैसे मूर्खोंकी तो बात ही क्या है ॥ ८ ॥ हे सदा भूतस्रष्टा ! भूतपालक ! भूतहारी विभो ! हम सब यहां फिर भी यह देखते हैं कि अनन्त ब्रह्माण्डसमूह पृथक् पृथक् रूपमें आपकी प्रकृतिसे कर्म्मस्रोतमें अपने आपही प्रकट होकर अपने आप ही आपकी प्रकृतिमें सद्यः प्रवेश करके वारवार लयको प्राप्त होते हैं ॥ ९ ॥ उसी कर्म्मस्रोतमें अपने आपही प्रत्येक परमाणुसे भूतभावोद्भवकर विसर्ग द्वारा आपकी ही प्रकृतिसे चिज्जडग्रन्थिरूपी अनन्त पिण्ड प्रकट

कर्म्मस्रोतसि ते प्रविश्य प्रकृतौ लीयन्त एवं ततः ॥ १० ॥
पश्यामश्च भवाननन्तनयनो हे विश्वचक्षुः ! क्रमात्
पिण्डौघस्य गतिं प्रपश्यति सदा ब्रह्माण्डपुञ्जस्य च ।
आकृष्याऽभिमुखं निजस्य नयने धर्म्मस्य शक्त्या च तं
दृष्ट्वा सर्वमलौकिकं हि चकिता बुद्धिर्न तादृशम ॥ ११ ॥
पश्यामः पुनरप्यनन्तनिखिलब्रह्माण्डपिण्डावलेः
श्रोत्रानन्त्ययुतः शृणोति सततं भूयो भवान् प्रार्थनाम ।
चिच्छक्त्या चितिसंयुताश्च विदधत्तां विश्वचेतः क्रमान
सान्निध्यं च यथोत्तरं निजमहो तस्यै दिशन् राजते ॥ १२ ॥
पश्यामश्च भवानन्तरसनायुक्तः सुहृत्त्वं गतः
बुद्धे रूपमधिश्रितो रसमय ! ब्रह्माण्डपिण्डावलेः ।
सर्व्वेऽप्यात्मपदं विविच्य परमानन्दात्मकं प्राणिनः

होते हैं और दूसरी ओर अपने आपही आपकी प्रकृतिमें प्रवेश करके लयको प्राप्त होते हैं ॥ १० ॥ हे विश्वचक्षु ! हमलोग पुनः देखते हैं कि आप अनन्त नेत्र होकर पिण्डसमूह और ब्रह्मांडसमूहकी गतिको निरन्तर देखते हो और अपनी धर्म्मशक्तिके द्वारा क्रमशः उनको अपनी ओर आकर्षण करते जाते हो। इस प्रकारके सब चमत्कारोंको देखकर हमारी बुद्धि चकित हो रही है ॥ ११ ॥ हे विश्वचेता ! हम फिर भी देखते हैं कि आप अनन्तकर्ण होकर सब अनन्त ब्रह्मांड और सब अनन्त पिण्डोंकी प्रार्थना निरन्तर श्रवण करते हैं और चितिशक्ति द्वारा उनको क्रमशः उत्तरोत्तर चेतना-युक्त करते हुए और अहो ! उनको आप अपना सान्निध्य देते हुए विराजमान हैं ॥ १२ ॥ हे रसमय ! हम पुनः देखते हैं कि आप अनन्त रसनायुक्त होकर ब्रह्मांडसमूह और अनन्त पिण्डसमूहमें बुद्धिरूपसे सुहृद्भावमें रहकर हे लोकाश्रयगुरो! आप सब प्राणियोंको

सर्वान् दर्शयते गुरो ! निजकृपालेशेन लोकाश्रय ! ॥१३॥
हे तेजोमय ! तेजसाञ्च निवहानां हे खने ! दृश्यते
त्वं स्पर्शेन्द्रियपुञ्जकुञ्जनिकरैः स्पृष्ट्वा ह्यनन्तैर्युतः ।
स्वैस्तेजोनिवहैरनन्तगणितब्रह्माण्डपिण्डावलिं
सर्व्वां स्वाभिमुखं प्रकृष्य पतनाच्छश्वद्विभो ! रक्षासि ॥१४॥
विश्वाधार ! च नासिकाभिरमिताभिस्त्वं पुनो दृश्यसे
जिघ्रन् पुण्यसमूहगन्धममलं ब्रह्माण्डपिण्डावलेः ।
अस्तित्वञ्च विलीनमेव सततं कर्त्तुं हि तस्या निजे
केवल्याभ्युदयौ प्रयच्छसि यथायोग्याधिकारं प्रभो ! ॥१५॥
भावातीत ! विभो ! सदा त्रिगुणतोऽतीत ! प्रभोऽनुक्षण-
मस्मात्पूर्वमलौकिकं गुणमयं भावस्वरूपं नव ।
रूपं सर्वमनोहरं सुविमलं दर्शेन्द्रियाप्यायक-
मस्माकं हि मनो व्यलीयत तदा सम्पश्यतां सत्वरम् ॥१६॥

अपने कृपाकणसे विवेकपूर्व्वक परमानन्दमय अध्यात्मपद दिखा देते हो॥ १३ ॥ हे सकल तेजोंके खनिरूप तेजोमय ! हम पुनः देखते हैं कि आप अनन्त स्पर्शेन्द्रियसमूहसे युक्त होकर अगणित और अनन्त ब्रह्माण्ड और पिण्डसमूहको अपने तेजोंके द्वारा स्पर्श करके सबको अपनी ओर निरन्तर खेंचकर हे विभो ! उनका पतन होने नहीं देते हो ॥ १४ ॥ हे विश्वाधार ! हम पुनः देखते हैं कि आप अनन्त नासिकायुक्त होकर ब्रह्माण्ड और पिण्डसमूहके पुण्यपुञ्जका शुभ आघ्राण ग्रहण करके उनके अस्तित्वको अपनेमें ही विलीन करनेके लिये हे प्रभो ! उनको उनके यथायोग्य अधिकारके अनुसार अभ्युदय और निःश्रेयस निरन्तर प्रदान करते रहते हो ॥ १५ ॥ अनुक्षण हे त्रिगुणातीत ! सदा हे भावातीत ! हे विभो ! हे प्रभो ! इससे पूर्व्व जब हम दर्शनेन्द्रियोंको तृप्त करनेवाले निर्मल और सर्वमनोहर आपके गुणमय और भावमय अलौकिक रूपके दर्शन करते थे तब हमारा मन शीघ्र लयावस्थाको प्राप्त हो गया था

अद्यत्वे तु विराट्स्वरूपममुकं दृष्ट्वा विशालं तव
बुद्धिर्नः स्थगिता च याति चकिताऽवस्थां विलीनां पुनः ।
रूपं नः परिदर्शयाद्य कृपया ह्येवम्विधं स्वं यतः
सान्निध्यं भवतामनुक्षणमहो लब्धुं वयञ्चेश्महे ॥१७॥

हे सर्व्वेश्वर ! भक्तकल्पलतिकारूप ! प्रभो ! पालक !
रूपेणापि विवर्जितो विभुरहो भव्याय भक्तावलेः ।
भक्तानां प्रकृतिप्रवृत्तिजनितां स्वीकृत्य वै प्रार्थनां
कल्याणं सगुणं स्वरूपममितं साध्नोति विभ्रद्भवान् ॥१८॥

विभ्राणो रविरूपमेव सवितः ! भक्तान् भवांस्तेजसा
आकर्षत्यनिशं विभो ! ह्यतितरां कैवल्यभूमौ ध्रुवम ।
हे नारायण ! विष्णुरूपमभितः स्वीकृत्य चिद्भावतो
ब्रह्मीभावमिमान् निरीक्ष्य नयते तेषां क्रमेणोन्नतिम् ॥१९॥

॥ १६ ॥ अब तो आपके इस विशाल विराट्स्वरूपका दर्शन करके हमलोगोंकी बुद्धि भी चकित और थकित होकर लयावस्थाको प्राप्त हो रही है । अब कृपा करके आप ऐसे अपने रूपमें हमें दर्शन देवें कि जिसके अवलम्बनसे हम हरसमय अहो ! आपके सान्निध्यको भी प्राप्त करसकें ॥१७॥हे सर्व्वेश्वर ! हे भक्तवाञ्छाकल्पतरु ! हे प्रभो ! हे पालक ! आप रूपरहित और विभु होने पर भी अहो ! अपने भक्तोंके कल्याणके लिये उनकी प्रकृति और प्रवृत्तिजनित प्रार्थनाको स्वीकार करके ही नाना सगुणरूप धारण करके उनका कल्याण साधन करते हैं ॥ १८ ॥ हे सवितः ! आपही सूर्य्यरूप धारण करके तेज द्वारा हे विभो ! भक्तोंको कैवल्य भूमिमें निरन्तर ही अतिशय आकर्षित करते हैं । हे नारायण ! आप विष्णुरूप धारण करके चिद्भाव द्वारा उनकी क्रमोन्नतिका पर्य्यवेक्षण करके उनको ब्रह्मसद्भाव प्राप्त कराते हो ॥ १९ ॥ हे शक्तिमन् !

देवीरूपमहो धरन् हि नयते धर्म्मस्य शक्त्या भवान्
सर्वेषां ह नियामकं परपदं हे शाक्तिमन! तान्सदा।
अस्तित्वस्य विधायकं च बहु सद्भावेन भक्तान्निजान्
हे शम्भो! शिवरूपतो गमयते निःश्रेयसं निर्भयम् ॥२०॥
स्वं भक्तांश्च धिया स्वरूपमनिशं सन्दर्श्य सिद्धेः पते!
दत्ते मुक्तिपदं परं गणपतेर्धृत्वा स्वरूपं भवान्।
सर्वेषामिह वर्त्तते खलु गुरो! ह्यादो गुरूणां गुरु-
र्देशादस्ति भवान् हि शश्वदपरिच्छिन्नस्तथा कालतः ॥२१॥
त्वं सर्वादिगुरुर्विभासि सकलाऽज्ञानस्वरूपे सदा
आदायर्षिगणा वयं तव विभो! ज्ञानाब्धिविप्रुड्लवम्।
ब्रह्माण्डेषु प्रवाहयाम इह वै ज्ञानप्रवाहं तथा
सर्व्वेप्वत्र विचक्षणा द्विजगणाः स्नात्वैव मुक्तिं ययुः ॥२२॥
धारोत्पद्य हि देवनायक! विभो! सर्गस्थितिध्वंसकृ-

अहो! आपही देवीरूप धारण करके धर्म्मशक्ति द्वारा सबके नियामक परमपदमें सदा उनको पहुंचा देते हैं। हे शम्भो! आपही शिवरूप धारण करके सद्भाव द्वारा सबके अस्तित्वविधानकारी निर्भय निःश्रेयस पदमें अपने भक्तोंको अवश्य पहुंचादेते हैं ॥ २० ॥ और हे सिद्धिपते! आपही गणपतिका स्वरूप धारण करके बुद्धि द्वारा भक्तोंको स्वस्वरूप दिखाकर निरन्तर परममुक्तिपद प्रदान करते हैं। हे गुरो! इस संसारमें आपही सब गुरुओंके आदिगुरु हैं क्योंकि आप सकल देशकालसे निरन्तर अपरिच्छिन्न और सर्वादिगुरु होकर ज्ञानस्वरूपमें सदा विराजमान रहते हैं और सब ब्रह्माण्डोंमें हम ऋषिगण हे विभो! आपके ही ज्ञानसागरकी विप्रुद्कणिकाको लेकर ज्ञानस्रोतको इस विश्वमें प्रवाहित करते हैं। इसमें विद्वान् ब्राह्मणगण स्नान करके ही मुक्तिको प्राप्त हुए हैं ॥ २१-२२ ॥ हे देवनायक विभो! सृष्टि स्थिति प्रलय कारिणी विश्व-

द्विश्वव्यापककर्म्मणोऽपि भवतस्त्वय्येव संलीयते
सर्व्वे देवगणाः सदैव भवतामङ्गीभवन्तो मुदा
प्रत्येकं जनिरक्षणक्षयविधेर्ब्रह्माण्डपुञ्जेऽनिशम् ॥२३॥
सामञ्जस्यमहो प्रभो ! विदधते कर्म्मव्यवस्थारताः
उद्भित्स्वेदजरायुजाण्डजगणा भूतव्रजाः सन्ति ये ।
सर्वे ते च चतुर्विधा हि मनुजानां हे प्रजानां पते !
देवानां त्रिविधास्तथाऽसुरगणानां ये च लोका अहो ॥२४॥
त्वत्तो बुद्बुदवन्महार्णव इह त्वय्येव प्रोद्भूय ते
लीयन्ते पितरोऽपि शक्तिमतुलां त्वत्तो गृहीत्वैव च ।
कृत्वा मर्त्यगणोन्नतिं क्रमगतां साहाय्यमातन्वते
भूतौघस्य चतुर्विधस्य नियमे लोकव्रजस्याप्यलम् ॥ २५ ॥
तत्त्वेभ्योऽपि भवानतीतविभवो नूनं चतुर्विंशते-
र्यद्यप्यस्ति तथापि धीश ! नु महत्तत्त्वेऽन्तिमे प्राणिनः ।

व्यापक कर्म्मकी धारा आपसे उत्पन्न होकर भी आपमें ही विलीन होती है और सब देवतागण सदा आपके ही अङ्गरूप होकर अहो ! प्रत्येक ब्रह्माण्डोंमें प्रसन्नतासे कर्म्मकी व्यवस्था अहर्निश करते हुए हे प्रभो ! सृष्टि स्थिति और लयकी व्यवस्थाका सामञ्जस्य विधान करते हैं । हे प्रजापते ! उद्भिज्ज स्वेदज अण्डज और जरायुजसमूह रूपी जो चतुर्विधभूतसङ्घ हैं वे सब और अहो ! जो दैवी मानवी और आसुरीरूपी त्रिविधलोकसृष्टियाँ हैं वे सब महासमुद्रमें बुद्बुद्वत् आपसे ही यहां उत्पन्न होकर आपमें ही लयको प्राप्त होती हैं और पितृगण आपसे ही अतुल शक्तिको लेकर मनुष्योंकी क्रमोन्नतिविधान करके चतुर्विधभूतसङ्घ और लोकसमूहकी व्यवस्थामें भलीभांति सहायता करते हैं ॥ २३-२५ ॥ हे धीश ! यद्यपि चतुर्विंशति तत्त्वसे भी अतीतविभव ही आप हो तथापि आप

नित्योऽनिर्वचनो विकाररहितो ज्ञानस्य शक्त्या स्थितः
सर्वानभ्युदयस्य दर्शयति वै मोक्षस्य मार्गं तथा ॥ २६ ॥
ये स्वातन्त्र्यमदेन मोहिततमा जीवाः प्रमादेन वै
मूढा ज्ञाननिधेस्तवेङ्गितमहो नित्यं तिरस्कुर्वते ।
भ्रान्ता दुःखदजन्ममृत्युगहने संसारचक्रे ध्रुवम
श्रेयोरभ्युदयाध्वनो हि पतिता दुःखान्यलं भुञ्जते ॥ २७ ॥
भर्गो विश्वसमर्चितं यदिह ते ह्यास्ते दयासागर !
तन्नो बुद्धिमहर्निशं गणपते ! शक्त्या स्वया सत्वरम ।
संरक्ष्यासत एव कर्म्मनिवहात् सत्कर्म्मणि प्रेरयेत्
सिद्ध्याऽलङ्कृतवामपार्श्व ! भगवंस्त्वां सन्नमामो वयम॥२८॥

व्यास उवाच ॥ २९ ॥

उक्त्वर्षयस्तस्थुरिति क्षणं ते
रोमाञ्चिता गद्गदकण्ठशब्दाः ।

अन्तिम तत्त्व बुद्धिमें ज्ञानशक्तिरूपसे अविकारी अनिर्वचनीय और नित्य स्थित रहकर जीवमात्रको अभ्युदय और निःश्रेयसका मार्ग प्रदर्शन कराते हो ॥ २६ ॥ स्वाधीनताके मदसे विमोहित जो मूढ़ जीव प्रमादवश ही ज्ञाननिधि आपके इङ्गितकी अहो ! नित्य अवहेला करते हैं वे अवश्य कल्याणकारी अभ्युदयके मार्गसे च्युत होकर ही दुःखदायी जन्ममृत्युओंसे गहन संसारचक्रमें अतिशय घूर्णायमान होकर दुःख भोगते रहते हैं ॥ २७ ॥ हे दयासागर ! आपका ही जो इस संसारमें जगत्पूज्य भर्ग (तेज) है वह हे सिद्धिदेवीसे अलङ्कृतवामपार्श्व भगवन् गणपते ! हमारी बुद्धिको अपनी शक्तिके द्वारा असत् कर्म्मसमूहसे बचाकर सत्कर्ममें शीघ्र प्रेरणा करे । आपको हम अनन्यभावसे प्रणाम करते हैं ॥ २८ ॥

व्यासदेव बोले ॥ २९ ॥

इतना कहकर वे ऋषिगण कुछ देरतक आनन्दाश्रुयुक्तमुख गद्-

सानन्दजाताश्रुमुखाः स्थिराश्च
विदस्य धीशो मधुरं तदोचे ॥३०॥

गणपतिरुवाच ॥ ३१ ॥

दशायां योगयुक्तायां रूपं मे सगुणं द्विजाः ! ।
आत्मयुक्तदशायाश्च विराड्रूपं महाद्भुतम् ॥ ३२ ॥
कर्म्मयुक्तदशायान्तु ममोपास्तौ सहायकम् ।
मद्विभूतिमयं रूपं भक्ताः ! स्याच्छ्रुतिरित्यहो ! ॥ ३३ ॥
स्वाधीनः प्राकृतश्चैव द्विविधो जीव ईरितः ।
गजोऽहं प्राकृते जीवे स्वाधीने मानवस्तथा ॥ ३४ ॥
अतोऽहं भक्तवृन्देभ्यो मर्त्यदेहो गजाननः ।
दर्शनं स्वं प्रयच्छामि प्रादुर्भूय निरन्तरम् ॥ ३५ ॥
राजयोगोऽस्मि योगानामहमेवंविधोऽपि सन् ।
चतुर्विधेषु ध्यानेषु पञ्चोपास्तेरहं ध्रुवम् ॥ ३६ ॥

गद्गदकण्ठस्वर रोमाञ्चित और निःस्तब्ध होकर रहे। तदनन्तर भगवान् गणपतिजीने मुस्कराकर मधुर स्वरसे कहा ॥ ३० ॥

गणपति बोले ॥ ३१ ॥

हे भक्त द्विजगण ! योगयुक्त अवस्थामें मेरा सगुणरूप, आत्मयुक्त अवस्थामें मेरा महदद्भुत विराट्रूप और कर्म्मयुक्त अवस्थामें मेरा विभूतिमयरूप मेरी उपासनामें सहायक होता है। अहो ! यही श्रुति है ॥ ३२-३३ ॥ जीव प्राकृत और स्वाधीनरूपसे दो प्रकारका कहा गया है। प्राकृत जीवोंमें मैं हस्ती हूँ और स्वाधीन जीवोंमें मैं मनुष्य हूँ ॥ ३४ ॥ इसी कारण हस्तीके सदृश मुख और मनुष्य सदृश शरीर होकर मैं भक्तोंको निरन्तर प्रकट होकर अपना दर्शन देता हूँ ॥ ३५ ॥ मैं योगमें राजयोग हूँ परन्तु हे द्विजश्रेष्ठो ! ऐसा होकर भी मैं चतुर्विध ध्यानोंमें से पञ्चोपासनाके पाँच ध्यान-

पञ्चध्यानयुतं स्थूल-ध्यानमास्मि द्विजोत्तमाः ! ।
नैवात्र संशयः कश्चित् सत्यं सत्यं ब्रवीमि वः ॥ ३७ ॥
नरेषु नरनाथोऽस्मि राज्ये तु सचिवाभिधः ।
मन्त्रिणां मण्डलं यस्माज्ज्ञानस्यास्ते सहायकम् ॥ ३८ ॥
शक्तिष्वहं दैवशक्तिरीदृशोऽहन्तु सन्नपि ।
लौकिके शक्तिपुञ्जेऽस्मि सङ्घशक्तिर्महर्षयः ! ॥ ३९ ॥
आध्यात्मिक्याधिदैव्याधिभौतिक्यः शक्तयोऽखिलाः ।
सङ्घशक्तौ प्रकाशन्ते स्वयमेव यतो ध्रुवम् ॥ ४० ॥
वर्णेषु ब्राह्मणश्चाहमाश्रमेष्वन्तिमाश्रमः ।
वृद्धत्वेनैव पूज्येषु सर्ववृद्धेष्वहं द्विजाः ! ॥ ४१ ॥
सर्वथा ज्ञानवृद्धोऽस्मि नात्र कार्य्या विचारणा ।
अध्यात्मलक्ष्यसंयुक्त आर्य्योऽहं मानवेषु च ॥ ४२ ॥
भक्तेषु ज्ञानिभक्तोऽस्मि वेदानां सामनामकः ।
किन्तु वेदविभागेषूपनिषद्रूपभागहम् ॥ ४३ ॥

युक्त स्थूल ध्यान ही हूँ इसमें कुछ सन्देह नहीं है मैं आपलोगोंसे सत्य सत्य कहता हूँ ॥ ३६-३७ ॥ नरोंमें मैं राजा हूँ परन्तु राज्यमें मैं मन्त्रीरूप हूँ क्योंकि मंत्रिमण्डल ज्ञानसहायक है ॥ ३८ ॥ शक्तियोंमें मैं दैवी शक्ति हूँ परन्तु ऐसा होकर भी हे महर्षियो! मैं लौकिक शक्तियोंमें सङ्घशक्ति हूँ ॥ ३९ ॥ क्योंकि सङ्घशक्तिमें आध्यात्मिक आधिदैविक और आधिभौतिक इन तीनों शक्तियोंका विकाश अपने आपही अवश्य होजाता है ॥ ४० ॥ मैं वर्णोंमें ब्राह्मण हूँ और आश्रमोंमें मैं सन्न्यासाश्रम हूँ । हे ब्राह्मणो ! वृद्धत्व-रूपसे पूजनीय सब प्रकारके वृद्धोंमें सर्व्वथा मैं ज्ञानवृद्ध ही हूँ; इसमें कुछ विचार न करो और मनुष्यश्रेणीमें मैं अध्यात्म लक्ष्य-युक्त आर्य्य हूँ ॥ ४१-४२ ॥ भक्तगणमें मैं ज्ञानीभक्त हूँ । वेदोंके बीच में मैं सामवेद हूँ किन्तु वेदविभागोंमें मैं उपनिषद्रूप हूँ ॥ ४३ ॥

प्रत्याहारश्च योगानामङ्गेष्वस्मि परन्तपम ।
समाधीनामहं कल्पोऽस्मि निखिलेषु समाधिषु ॥४४॥
मन्त्रयोगेषु मन्त्रोऽस्मि प्राणायामो हठे द्विजाः ! ।
लयक्रिया लये योगे राजयोगे विवेचनम ॥४५॥
ब्रह्मदानञ्च दानेषु तपस्यानञ्च यमस्तथा ।
ज्ञानप्रकाशकत्वाच्च कर्म्मयज्ञेषु भो द्विजाः ! ॥४६॥
नित्यकर्म्माऽस्म्यहं तत्र नात्र काचिद्विवेचना ।
उपास्तियज्ञलोकेषु परभक्त्या समन्विता ॥४७॥
ब्रह्मोपास्तिरहो विप्रा अस्म्यहं ब्राह्मणोत्तमाः ! ॥
मननं ज्ञानयज्ञेषु महायज्ञेष्वहं तथा ॥ ४८ ॥
ब्रह्मयज्ञोऽस्मि भो विप्राः ! सर्वयज्ञशिरोमणिः ।
वक्ताऽस्म्यहं सभामध्ये आचार्य्यः शिष्यकेषु च ॥४९॥
उपदेशकवृन्देषु जगत्पूज्योऽस्म्यहं गुरुः ।
आत्माऽहमस्मि भो विप्राः ! भूतवृन्देष्ववस्थितः ॥५०॥

योगके अङ्गोंमें मैं प्रत्याहार हूँ परन्तु सब समाधियोंमें मैं निर्विकल्प समाधि हूँ ॥४४॥ हे ब्राह्मणो ! मन्त्रयोगमें मैं मन्त्र हूँ, हठयोगमें मैं प्राणायाम हूँ, लययोगमें मैं लयक्रिया हूँ और राजयोगमें मैं विवेचन हूँ ॥ ४५ ॥ हे ब्राह्मणो ! दानधर्म्ममें मैं ब्रह्मदान हूँ, तपधर्म्ममें मैं यम हूँ, कर्म्मयज्ञमें मैं ज्ञानप्रकाशक होनेसे नित्य कर्म्म ही हूँ इसमें कोई विवेचना नहीं है । हे विप्र ब्राह्मण श्रेष्ठो ! उपासना यज्ञोंमें मैं अहो ! परमभक्तियुक्त ब्रह्मोपासना हूँ, ज्ञानयज्ञमें मैं मनन हूँ और हे विप्रो ! महायज्ञोंमें मैं सर्व्वयज्ञशिरोमणि ब्रह्मयज्ञ हूँ। सभाके बीचमें मैं वक्ता हूँ और शिक्षकोंके बीचमें मैं आचार्य्य हूँ ॥ ४६-४९ ॥ उपदेशकोंके बीचमें मैं जगत्पूज्य गुरु हूँ । हे विप्रो ! भूतगणके अन्तरमें अवस्थित मैं

प्राणिपुञ्जेषु चैतन्यमहमेव न संशयः।
नादः शब्दसमूहेषु वाक्येष्वोङ्कार एव च ॥५१॥
इन्द्रोऽहं देवतावृन्देषु भृगुरस्मि महर्षिषु।
यमो नियामकेष्वस्मि पितृमध्येऽर्य्यमाभिधः ॥५२॥
असुरेषु बलिर्ज्ञेयो जाह्नव्यास्मि सरित्सु च।
जलाशयेषु सर्व्वेषु सागरोऽस्मि न संशयः ॥५३॥
पुष्पमानन्ददेष्वस्मि पदार्थेषु महर्षयः!।
पवित्रं परमं विप्राः! तेजस्तेजस्विनामहम् ॥५४॥
बलं बलवतामस्मि कामरागविवर्जितम्।
धर्म्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि जननाय च ॥ ५५ ॥
विद्यास्वध्यात्मविद्याऽस्मि विद्वांसो ब्राह्मणोत्तमाः!।
सत्यप्रकाशकश्चास्मि वादो वादिगणेष्वहम् ॥ ५६ ॥
नारीष्वहं तपोरूपो यज्ञरूपो नरेषु च।
गुणत्रयेष्वहं विप्राः! गुणाः सत्त्वाभिधानकः ॥ ५७ ॥

आत्मा हूँ ॥ ५० ॥ सब प्राणियोंमें मैं ही निःसन्देह चेतना रूप हूँ। मैं शब्दसमूहमें नाद और वाक्यसमूहमें ओंकार ही हूँ ॥ ५१ ॥ मैं देवताओंमें इन्द्र, महर्षियोंमें भृगु, पितरोंमें अर्य्यमा और नियामकोंमें यम हूँ ॥५२॥ असुरोंमें मुझको बलि जानो। मैं सरिताओंमें जाह्नवी और सब जलाशयोंमें निःसन्देह सागर हूँ ॥ ५३ ॥ हे महर्षिगण आनन्दप्रद पदार्थोंमें मैं पुष्प हूँ। हे विप्रो! तेजस्वियोंमें मैं परम पवित्र तेजरूप हूँ ॥ ५४ ॥ बलवानोंमें मैं कामरागविवर्जित बल हूँ और उत्पत्तिके लिये प्राणियोंमें मैं धर्म्माविरुद्ध काम हूँ ॥ ५५ ॥ हे विद्वान् विप्रवरो! मैं विद्यासमूहमें अध्यात्मविद्या हूँ और वादिगणमें मैं सत्यप्रकाशक वाद हूँ ॥ ५६ ॥ स्त्रियोंमें मैं तपोरूप हूँ और पुरुषोंमें मैं यज्ञरूप हूँ। हे विप्रो! मैं त्रिगुणमें सत्त्वगुण हूँ ॥ ५७ ॥

भावत्रयेऽध्यात्मभावः शीलेषु विनयोऽस्म्यहम् ।
सदाचारेषु वृद्धानां प्रणतिः पादपद्मयोः ॥ ५८ ॥
कारणब्रह्मरूपेण ह्येकोऽद्वैतोऽप्यहं द्विजाः ! ।
अनन्तोऽस्मि महाविज्ञाः ! सत्यमेतन्न संशयः ॥ ५९ ॥
अनन्तत्वात्संख्यया मे कार्य्यब्रह्मस्वरूपतः ।
सङ्ख्यातुं नैव शक्नोति विभूतीः काश्चिदप्यहो ॥ ६० ॥
भवतां विप्रवर्य्याणां कल्याणार्थं हि केवलम् ।
दिग्दर्शनस्वरूपेण किञ्चिद्वो वर्णितं मया ॥ ६१ ॥
उपदेशञ्च मे हृद्यं धृत्वा स्वहृदयेऽनिशम् ।
ममोपास्तौ रताः सन्तो भजध्वं मोक्षमुत्तमम् ॥ ६२ ॥
श्रद्धा वः सात्त्विकी विप्राः ! प्रकृतौ मे चिरं वसेत् ।
ममैव प्रकृतिर्धृत्वा स्त्रीभावं कामदायिनी ॥ ६३ ॥
बिभ्राणा भगिनीभावमर्थसिद्धिप्रदायिनी ।
धरन्ती मातृभावञ्च शक्तिधर्म्मप्रदा सदा ॥ ६४ ॥

त्रिभावोंमें मैं अध्यात्मभाव हूँ, मैं शीलमें विनय और सदाचारोंमें वृद्धोंके चरणकमलोंमें प्रणामरूप हूँ ॥ ५८ ॥ हे महाविज्ञ ब्राह्मणो ! मैं कारणब्रह्मरूपसे एक अद्वितीय होकर भी अनन्त हूँ यह सत्य है सन्देह नहीं ॥ ५९ ॥ कार्य्यब्रह्मरूपसे संख्यासे अनन्त होनेके कारण मेरी विभूतियोंकी अहो ! कोई भी संख्या नहीं कर सक्ता ॥ ६० ॥ केवल आप विप्रवरोंके कल्याणार्थ ही दिग्दर्शन-रूपसे आपलोगोंसे यह कुछ वर्णन किया है ॥ ६१ ॥ आप मेरे हृदयग्राही उपदेशको अपने हृदयमें निरन्तर रखकर मेरी उपास-नामें रत हो कर उत्तम मोक्षपदको प्राप्त हों ॥ ६२ ॥ हे विप्रो ! मेरी प्रकृति पर आपकी सात्त्विक श्रद्धा चिरकालतक बनी रहे । मेरी प्रकृति ही स्त्रीभावको धारण करके कामदा, भगिनीभावको धारण करके अर्थ और सिद्धिप्रदा और मातृभाव धारण करके

भूत्वा मे ज्ञानिनो भक्तान् प्रकृतिस्थान् समन्ततः ।
तेभ्यो मुक्तिपदं दत्ते विदधाना सुदुर्लभम् ॥ ६५ ॥
श्रद्धान्वितानां मच्छक्तौ भक्तानां सुलभो भवेत् ।
चतुर्वर्गो न सन्देहो विद्यतेऽत्र द्विजोत्तमाः ! ॥ ६६ ॥
अत्यन्तं गोपनीया वः श्रावितोपनिषन्मया ।
धीशगीताभिधानेन लोकेष्वेषा प्रचार्यताम् ॥ ६७ ॥
यया मे निखिला भक्ताश्चतुर्वर्गमवाप्नुयुः ।
एषा नैव प्रदातव्या नास्तिकेभ्यः कदाचन ॥ ६८ ॥
पापिभ्योऽश्रद्दधानभ्यः प्राणिभ्यो ब्राह्मणोत्तमाः ।
अभक्तेभ्यः कृतघ्नेभ्यो गुरुद्रोहिभ्य एव च ॥ ६९ ॥
श्रद्धा श्रीगुरुवाक्येषु येषां शास्त्रगणेष्वपि ।
विश्वासः परलोकेषु लक्ष्यमाध्यात्मिकं तथा ॥७०॥
मत्परायणता पुण्या वर्तते च निरन्तरम् ।
इयं तेभ्यः प्रदातव्या धीशगीता ध्रुवं द्विजाः ! ॥ ७१ ॥
धीशगीतामिमां पुण्यां पाठयन्ति पठन्ति ये ।

सदा धर्म्म और शक्तिप्रदा होकर मेरे ज्ञानीभक्तोंको सब ओरसे प्रकृतिस्थ करती हुई उनको सुदुर्लभ मुक्तिपद प्रदान करती है ॥ ६३-६५ ॥ मेरी शक्ति पर श्रद्धान्वित भक्तोंको चतुर्वर्ग सुलभ होजाता है हे विप्रवरो ! इसमें सन्देह नहीं है ॥ ६६ ॥ यह मैंने अति गोपनीय उपनिषद् आपलोगोंको सुनाया है आप इसको धीशगीता नामसे प्रचार करो ॥ ६७ ॥ जिससे मेरे सब भक्त चतुर्वर्ग प्राप्त करें । हे विप्रवरो ! अभक्त नास्तिक श्रद्धाहीन गुरु-विरोधी कृतघ्न और पापात्मा व्यक्तियोंको इसको कदापि नहीं ही देना ॥ ६८-६९ ॥ गुरु और शास्त्रोंमें जिनकी श्रद्धा है, परलोकपर जिनका विश्वास है, जिनका लक्ष्य आध्यात्मिक है और जिनमें पवित्र मत्परायणता निरन्तर है हे द्विजो ! उनको यह धीशगीता अवश्य देनी चाहिये ॥ ७०-७१॥ इस पवित्र धीशगीताको

क्लेशकर्म्मविपाकेभ्यो रहिता आशयेन च ॥ ७२ ॥
भजन्ते मेऽखिला भक्ता मत्सायुज्यमसंशयम् ।
न च तान् बाधते काश्चित्तापो लोके कथञ्चन ॥ ७३ ॥
कल्याणजननीमेतां श्रद्धयैव पठन्ति ये ।
एतया येऽथवा यागं गाणपत्यं प्रकुर्वते ॥ ७४ ॥
हवनात्मकमाहोस्वित् केवलं पाठरूपकम् ।
तेषां नश्यन्ति भक्तानामाधयो व्याधयोऽखिलाः ॥ ७५ ॥
संयता ये तपोनिष्ठा भक्तिभावेन कुर्वते ।
पाठस्य श्रवणं सम्यगेतस्याः सार्थकं द्विजाः ! ॥ ७६ ॥
गाणपत्यस्य यागस्यानुष्ठानं वैतया सदा ।
काचिद्बाधा न तेषां स्याद्विपत्तिः प्राणिनां तथा ॥ ७७ ॥
तादृशी विघ्नराशिर्वा नश्येद्यया नैव सत्वरम् ।
नात्र कश्चन सन्देहो विद्यते ब्राह्मणोत्तमाः ! ॥ ७८ ॥
आर्ता जिज्ञासवो भक्तास्तथाऽर्थार्थिन एव वै ।

जो अध्ययन और अध्यापन करते हैं, क्लेश कर्म्मविपाक और आशयसे रहित होकर वे मेरे सब भक्त मत्सायुज्यको अवश्य प्राप्त होते हैं और उनको इस संसारमें किसी प्रकार भी कोई ताप बाधा नहीं देता है ॥ ७२–७३ ॥ श्रद्धाके साथ ही इस कल्याण-कारिणी गीताका जो पाठ करते हैं अथवा जो इसके द्वारा केवल पाठात्मक वा हवनात्मक गणपतियागका अनुष्ठान करते हैं उन मेरे भक्तोंकी सब आधि और व्याधियां नष्ट हो जाती हैं ॥ ७४–७५ ॥ हे द्विजो ! जो भक्तिभावसे संयत और तपपरायण होकर भलीभांति इसका सार्थक पाठश्रवण अथवा इसके द्वारा गणपतियागका अनुष्ठान सदा करते हैं उन जीवोंके ऐसे कोई बाधा, विपत्ति और विघ्नसमूह नहीं हैं जो शीघ्रही दूर न हो सकें, हे विप्रवरो ! इसमें कुछ सन्देह नहीं है ॥ ७६–७८ ॥ मेरे आर्त्त जिज्ञासु और अर्थार्थी तीनों प्रकारके भक्त ही इस गीताके

त्रिविधा एव मे भक्ता एतद्गीताश्रयेण हि ॥ ७९ ॥
स्वमनोरथसाफल्यं लभेरन्नात्र संशयः ।
तथैवास्याश्च गीतायाः श्रवणान्मननात्तथा ॥ ८० ॥
निदिध्यासनतो नूनं ज्ञानिभक्ताश्च मामकाः ।
अपरोक्षानुभूत्या मे दर्शनं कर्त्तुमीशते ॥८१॥
चतुर्वर्णाश्रमस्थानां स्वधर्म्मासक्तचेतसाम् ।
जीवानां किन्तु वक्तव्यं श्रद्धालूनां मयि ध्रुवम् ॥ ८२ ॥
सर्वेषामेव जीवानां चतुर्वर्गफलप्रदा ।
वर्त्तते धीशगीतेयं सत्यं सत्यं न संशयः ॥ ८३ ॥

इति श्रीधीशगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे
धीशर्षिसंवादे विराट्स्वरूपनिरूपणं नाम
सप्तमोऽध्यायः ।

समाप्तेयं श्रीधीशगीता ।

आश्रयसे ही निःसन्देह सफलमनोरथ होंगे और उसी प्रकार मेरे ज्ञानीभक्त भी इस गीता के श्रवण मनन और निदिध्यासन द्वारा अपरोक्षानुभूतिसे मेरे दर्शन करनेमें अवश्य समर्थ होंगे ॥ ७९–८१॥ चारों वर्ण और चारों आश्रमोंके स्वधर्म्मानुरत जीवोंकी तो बात ही क्या है मुझमें अटल श्रद्धा रखनेवाले जीवमात्रको ही यह धीशगीता चतुर्वर्गफलप्रद है । यह सत्य है सत्य है, इसमें सन्देह नहीं ॥ ८२–८३ ॥

इस प्रकार श्रीधीशगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धि धीशर्षिसंवादात्मक योगशास्त्रका विराट्स्वरूप-निरूपण नामक सप्तम अध्याय समाप्त हुआ ।

यह श्रीधीशगीता समाप्त हुई ।

श्रीविश्वनाथो जयति।

धर्मप्रचारका सुलभ साधन।

समाजकी भलाई ! मातृभाषाकी उन्नति !!

देशसेवाका विराट् आयोजन !!!

इस समय देशका उपकार किन उपायोंसे हो सकता है? संसारके इस छोरसे उस छोरतक चाहे किसी चिन्ताशील पुरुषसे यह प्रश्न कीजिये, उत्तर यही मिलेगा कि धर्मभावके प्रचारसे; क्योंकि धर्मने ही संसारको धारण कर रक्खा है। भारतवर्ष किसी समय संसारका गुरु था, आज वह अधःपतित और दीन हीन दशामें क्यों पड़ रहा है? इसका भी उत्तर यही है कि वह धर्मभावको खो बैठा है। यदि हम भारतसे ही पूछें कि तू अपनी उन्नतिके लिये हमसे क्या चाहता है? तो वह यही उत्तर देगा कि मेरे प्यारे पुत्रो! धर्मभाव की वृद्धि करो। संसारमें उत्पन्न होकर जो व्यक्ति कुछ भी सत्कार्य करनेके लिये उद्यत हुए हैं, उन्हें इस बातका पूर्ण अनुभव होगा कि ऐसे कार्योंमें कैसे विघ्न और कैसी बाधाएँ उपस्थित हुआ करती हैं। यद्यपि धीर पुरुष उनकी पर्वाह नहीं करते और यथासम्भव उनसे लाभ ही उठाते हैं, तथापि इसमें सन्देह नहीं कि उनके कार्योंमें उन विघ्न बाधाओंसे कुछ रुकावट अवश्य ही हो जाती है। श्रीभारतधर्म महामण्डलके धर्मकार्यमें इस प्रकार अनेक बाधाएँ होनेपर भी अब उसे जनसाधारणका हित साधन करनेका सर्वशक्तिमान् भगवान्ने सुअवसर प्रदान कर दिया है। भारत अधार्मिक नहीं है। हिन्दुजाति धर्म्मप्राण जाति है, उसके रोमरोममें धर्मसंस्कार ओतप्रोत हैं। केवल वह अपने रूपको-धर्मभावको-भूल रही है। उसे अपने स्वरूपकी पहिचान करा देना-धर्मभावको स्थिर रखना-ही श्रीभारतधर्ममहामण्डलका एक पवित्र और प्रधान उद्देश्य है। यह कार्य १८ वर्षोंसे महामण्डल कर रहा है और ज्यों ज्यों उसको अधिक-

सुअवसर मिलेगा, त्यों त्यों वह जोर शोर से यह काम करेगा। उसका विश्वास है कि इसी उपायसे देशका सच्चा उपकार होगा और अन्तमें भारत पुनः अपने गुरुत्वको प्राप्त कर सकेगा।

इस उद्देश्य साधनके लिये सुलभ दो ही मार्ग हैं। (१) उपदेशकों द्वारा धर्मप्रचार करना, और (२) धर्मरहस्य सम्बन्धी मौलिक पुस्तकोंका उद्धार व प्रकाश करना। महामण्डलने प्रथम मार्गका अवलम्बन आरम्भसे ही किया है और अब तो उपदेशक महाविद्यालय स्थापित कर महामण्डलने वह मार्ग स्थिर और परिष्कृत करलिया है। दूसरे मार्गके सम्बन्धमें भी यथायोग्य उद्योग आरम्भसे ही किया जा रहा है। विविध ग्रन्थोंका संग्रह और निर्माण करना, मासिकपत्रिकाओंका सञ्चालन करना, शास्त्रीय ग्रन्थोंका आविष्कार करना, इस प्रकारके उद्योग महामण्डलने किये हैं और उनमें सफलता भी प्राप्त की है; परन्तु अभीतक यह कार्य सन्तोषजनक नहीं हुआ है। महामण्डलने अब इस विभागको उन्नत करनेका विचार किया है। उपदेशकों द्वारा जो धर्मप्रचार होता है उसका प्रभाव चिरस्थायी होनेके लिये उसी विषयकी पुस्तकोंका प्रचार होना परम आवश्यक है; क्योंकि वक्ता एक दो बार जो कुछ सुना देगा, उसका मनन विना पुस्तकोंका सहारा लिये नहीं हो सकता। इसके सिवा सब प्रकारके अधिकारियोंके लिये एक वक्ता कार्यकारी नहीं हो सकता। पुस्तकप्रचार द्वारा यह काम सहल हो जाता है। जिसे जितना अधिकार होगा, वह उतने ही अधिकारकी पुस्तकें पढ़ेगा और महामण्डल भी सब प्रकारके अधिकारियोंके योग्य पुस्तकें निर्माण करेगा। सारांश, देशकी उन्नतिके लिये, भारतगौरवकी रक्षाके लिये और मनुष्योंमें मनुष्यत्व उत्पन्न करनेके लिये महामण्डलने अब पुस्तकप्रकाशनविभागको अधिक उन्नत करनेका विचार किया है और उसकी सर्वसाधारणसे प्रार्थना है कि वे ऐसे सत्कार्यमें इसका हाथ बटावें एवं इसकी सहायता कर अपनी ही उन्नति कर लेनेको प्रस्तुत हो जावें।

श्रीभारतधर्ममहामण्डलके व्यवस्थापक पूज्यपाद श्री १०८ स्वामी ज्ञानानन्दजी महाराजकी सहायतासे काशीके प्रसिद्ध विद्वानोंके द्वारा सम्पादित होकर प्रामाणिक, सुबोध और सुदृश्यरूपसे यह ग्रन्थमाला निकलेगी। ग्रन्थमालाके जो ग्रन्थ छपकर प्रकाशित हो चुके हैं उनकी सूची नीचे प्रकाशित की जाती है।

स्थिर ग्राहकोंके नियम।

(१) इस समय हमारी ग्रन्थमालामें निम्नलिखित ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं:—

मंत्रयोगसंहिता (भाषानुवाद सहित)	१)
अग्निहोत्र (भाषाभाष्य सहित)	१)
योगदर्शन (भाषाभाष्य सहित)	२)
नवीन दृष्टिसे प्रवीण भारत	१)
वैशेषिकदर्शन प्रथम भाग (भाषाभाष्य सहित)	१॥)
अग्निपुराण (भाषानुवाद सहित)	१)
उपदेश पारिजात (संस्कृत)	॥)
गीताबली	॥)
भारतधर्ममहामण्डल रहस्य	१)
अन्वयसहितगीता (भाषानुवाद सहित)	॥)
गुरुगीता (भाषानुवाद सहित)	=)
धर्मकल्पद्रुम प्रथम खण्ड	२)
" द्वितीय खण्ड	१॥)
" तृतीय खण्ड	२)
" चतुर्थ खण्ड	२)
" पञ्चम खण्ड	२)
" षष्ठ खण्ड	१॥)
श्रीमद्भगवद्गीता प्रथम खण्ड (भाषाभाष्य सहित)	१)
सूर्य्यगीता (भाषानुवाद सहित)	॥)
शम्भुगीता (भाषानुवाद सहित)	॥)
शक्तिगीता (भाषानुवाद सहित)	॥)
भीमगीता (भाषानुवाद सहित)	॥)
विष्णुगीता (भाषानुवाद सहित)	॥)

(२) इनमें से जो कमसे कम ४) मूल्यकी पुस्तकें पूरे मूल्यमें खरीदेंगे अथवा स्थिर ग्राहक होनेका चन्दा १) भेज देंगे उन्हें शेष और आगे प्रकाशित होनेवाली सब पुस्तकें ½ मूल्यमें दी जायंगी।

(३) स्थिर ग्राहकोंकी मालामें ग्रथित होनेवाली हर एक

पुस्तक खरीदनी होगी । जो पुस्तक इस विभाग द्वारा छापी जायगी वह एक विद्वानोंकी कमेटी द्वारा पसन्द करा ली जायगी ।

(४) हर एक ग्राहक अपना नम्बर लिखकर या दिखाकर हमारे कार्यालयसे अथवा जहाँ वह रहता हो वहां हमारी शाखा हो तो वहांसे, स्वल्प मूल्य पर पुस्तकें खरीद सकेगा ।

(५) जो धर्मसभा इस धर्म्मकार्य्यमें सहायता करना चाहे और जो सज्जन इस ग्रन्थमालाके स्थायी ग्राहक होना चाहें वे मेरे नाम पत्र भेजनेकी कृपा करें ।

गोविन्द शास्त्री दुगवेकर,

अध्यक्ष शास्त्रप्रकाश विभाग ।

श्रीभारतधर्म महामण्डल प्रधान कार्य्यालय,

जगत्गंज, बनारस ।

इस विभाग द्वारा प्रकाशित समस्त धर्मपुस्तकोंका विवरण ।

सदाचारसोपान । यह पुस्तक कोमलमति बालक बालिकाओंकी धर्म्मशिक्षाके लिये प्रथम पुस्तक है । उर्दू और बंगला भाषामें इसका अनुवाद होकर छपचुका है और सारे भारतवर्षमें इसकी बहुत कुछ उपयोगिता मानी गई है । इसकी पांच आवृत्तियां छपचुकी हैं । अपने बच्चोंकी धर्म्मशिक्षाके लिये इस पुस्तकको हर एक हिन्दूको मँगवाना चाहिये । मूल्य -) एक आना ।

कन्याशिक्षासोपान । कोमलमति कन्याओंको धर्म्मशिक्षा देनेके लिये यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी है । इस पुस्तककी बहुत कुछ प्रशंसा हुई है । इसका बंगला अनुवाद छप चुका है । हिन्दूमात्रको अपनी अपनी कन्याओंको धर्म्मशिक्षा देनेके लिये यह पुस्तक मँगवानी चाहिये । मूल्य -)

धर्म्मसोपान । यह धर्म्मशिक्षाविषयक बड़ी उत्तम पुस्तक है । बालकोंको इससे धर्म्मका साधारण ज्ञान भली भांति हो जाता है ।

यह पुस्तक क्या बालक बालिका, क्या वृद्ध स्त्री पुरुष, सबके लिये बहुत ही उपकारी है। धर्म्मशिक्षा पानेकी इच्छा करनेवाले सज्जन अवश्य इस पुस्तकको मँगावें। मूल्य ।) चार आना।

ब्रह्मचर्य्यसोपान। ब्रह्मचर्य्यव्रतकी शिक्षाके लिये यह ग्रन्थ बहुत ही उपयोगी है। सब ब्रह्मचारी आश्रम, पाठशाला और स्कूलोंमें इस ग्रन्थकी पढ़ाई होनी चाहिये। मूल्य ≡)

राजशिक्षासोपान। राजा महाराजा और उनके कुमारोंको धर्म्मशिक्षा देनेके लिये यह ग्रन्थ बनाया गया है। परन्तु सर्वसाधारणकी धर्म्मशिक्षाके लिये भी यह ग्रन्थ बहुत ही उपयोगी है। इसमें सनातनधर्म्मके अङ्ग और उसके तत्त्व अच्छी तरह बताये गये हैं। मूल्य ≡) तीन आना।

साधनसोपान। यह पुस्तक उपासना और साधनशैलीकी शिक्षा प्राप्त करनेमें बहुतही उपयोगी है। इसका बंगला अनुवाद भी छपचुका है। बालक बालिकाओंको पहलेहीसे इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये। यह पुस्तक ऐसी उपकारी है कि बालक और वृद्ध समानरूप से इससे साधनविषयक शिक्षा लाभ कर सक्ते हैं।
मूल्य =) दो आना।

शास्त्रसोपान। सनातनधर्म्मके शास्त्रोंका संक्षेप सारांश इस ग्रन्थमें वर्णित है। सब शास्त्रोंका कुछ विवरण समझनेके लिये प्रत्येक सनातनधर्म्मावलम्बीके लिये यह ग्रन्थ बहुत उपयोगी है।
मूल्य ।) चार आना।

धर्म्मप्रचारसोपान। यह ग्रन्थ धर्म्मोपदेश देनेवाले उपदेशक और पौराणिक पण्डितोंके लिये बहुतही हितकारी है।
मूल्य ≡) तीन आना।

उपरि लिखित सब ग्रन्थ धर्म्मशिक्षाविषयक हैं इस कारण स्कूल, कालेज व पाठशालाओंको इकट्ठे लेने पर कुछ सुविधा से मिल सकेंगे और पुस्तक विक्रेताओंको इनपर योग्य कमीशन दिया जायगा।

उपदेशपारिजात। यह संस्कृत गद्यात्मक अपूर्व ग्रन्थ है। सनातनधर्म्म क्या है, धर्मोपदेश किसको कहते हैं, सनातनधर्मके सब शास्त्रों में क्या विषय हैं, धर्म्मवक्ता होनेके लिये किन २ योग्यताओं के

होनेकी आवश्यकता है इत्यादि अनेक विषय इस ग्रन्थ में संस्कृत विद्वान्मात्रको पढ़ना उचित है और धर्म्मवक्ता, धर्म्मोपदेशक, पौराणिक पण्डित आदिके लिये तो यह ग्रन्थ सब समय साथ रखने योग्य है। मूल्य ॥) आठ आना।

इस संस्कृत ग्रन्थके अतिरिक्त संस्कृत भाषामें योगदर्शन, सांख्यदर्शन, दैवीमीमांसादर्शन आदि दर्शन सभाष्य, मन्त्रयोग-संहिता, हठयोगसंहिता, लययोगसंहिता, राजयोगसंहिता, हरिहर-ब्रह्मसामरस्य, योगप्रवेशिका, धर्म्मसुधार, श्रीमधुसूदनसंहिता आदि ग्रन्थ छप रहे हैं और शीघ्रही प्रकाशित होनेवाले हैं।

कल्किपुराण। कल्किपुराणका नाम किसने नहीं सुना है। वर्तमान समयके लिये यह बहुत हितकारी ग्रन्थ है। विशुद्ध हिन्दी अनुवाद और विस्तृत भूमिका सहित यह ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। धर्म्मजिज्ञासुमात्रको इस ग्रन्थको पढ़ना उचित है।

मूल्य १) एक रुपया।

योगदर्शन। हिन्दीभाष्य सहित। इसप्रकारका हिन्दी भाष्य और कहीं प्रकाशित नहीं हुआ है। इसका बहुत सुन्दर और परि-वर्द्धित नवीन संस्करण भी छप रहा है। मूल्य २) रुपया।

नवीन दृष्टिमें प्रवीण भारत। भारत के प्राचीन गौरव और आर्यजातिका महत्त्व जाननेके लिये यह एक ही पुस्तक है। मूल्य १) एक रुपया।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डलरहस्य। इस ग्रन्थ में सात अध्याय हैं। यथा-आर्यजातिकी दशाका परिवर्त्तन, चिन्ताका कारण, व्याधिनिर्णय, औषधिप्रयोग, सुपथ्यसेवन, बीजरक्षा और महायज्ञ-साधन। यह ग्रन्थरत्न हिन्दूजातिकी उन्नतिके विषयका असाधारण ग्रन्थ है। प्रत्येक सनातनधर्म्मावलम्बीको इस ग्रन्थ को पढ़ना चाहिये। द्वितीयावृत्ति छप चुकी है, इसमें बहुतसा विषय बढ़ाया गया है। इस ग्रन्थका आदर सारे भारतवर्ष में समान रूपसे हुआ है। धर्म्मके गूढ़ तत्त्व भी इसमें बहुत अच्छी तरह से बताये गये हैं। इसका बंगला अनुवाद भी छप चुका है। मूल्य १) एक रुपया।

निगमागमचन्द्रिका। प्रथम और द्वितीय भागकी दो

पुस्तकें धर्म्मानुरागी सज्जनोंको मिल सकती हैं।

प्रत्येक का मूल्य १) एक रुपया।

पहले के पाँच सालके पाँच भागोंमें सनातनधर्म्मके अनेक गूढ़ रहस्यसम्बन्धीय ऐसे २ प्रबन्ध प्रकाशित हुए हैं कि आजतक वैसे धर्म्मसम्बन्धीय प्रबन्ध और कहीं भी प्रकाशित नहीं हुए हैं। जो धर्मके अनेक रहस्य जानकर तृप्त होना चाहें वे इन पुस्तकोंको मँगावें। मूल्य पांचों भागों का २॥) रुपया।

भक्तिदर्शन। श्रीशाण्डिल्यसूत्रों पर बहुत विस्तृत हिन्दी भाष्यसहित और एक अति विस्तृत भूमिकासहित यह ग्रन्थ प्रणीत हुआ है। हिन्दीका यह एक असाधारण ग्रन्थ है। ऐसा भक्तिसम्बन्धीय ग्रन्थ हिन्दीमें पहले प्रकाशित नहीं हुआ था। भगवद्भक्तिके विस्तारित रहस्योंका ज्ञान इस ग्रन्थके पाठ करनेसे होता है। भक्तिशास्त्रके समझने की इच्छा रखनेवाले और श्रीभगवान्में भक्ति करने वाले धार्मिकमात्रको इस ग्रन्थको पढ़ना उचित है। मूल्य १)

गीतावली। इसको पढ़नेसे सङ्गीतशास्त्रका मर्म्म थोड़ेमें ही समझमें आसकेगा। इसमें अनेक अच्छे अच्छे भजनोंका भी संग्रह है। सङ्गीतानुरागी और भजनानुरागियोंको अवश्य इसको लेना चाहिये। मूल्य ॥) आठ आना।

गुरुगीता। इस प्रकारकी गुरुगीता आजतक किसी भाषामें प्रकाशित नहीं हुई है। इसमें गुरुशिष्यलक्षण, उपासनाका रहस्य और भेद, मन्त्र हठ लय और राजयोगोंके लक्षण और अङ्ग एवं गुरुमाहात्म्य, शिष्यकर्त्तव्य, परमतत्त्वका स्वरूप और गुरुशब्दार्थ आदि सब विषय स्पष्टरूपसे हैं। मूल और स्पष्ट सरल व सुमधुर भाषानुवाद सहित यह ग्रन्थ छपा है। गुरु और शिष्य दोनोंका उपकारी यह ग्रन्थ है। इसका बंगानुवाद भी छप चुका है।

मूल्य ८) दो आनामात्र।

मन्त्रयोगसंहिता। योगविषयक ऐसा अपूर्व्व ग्रन्थ आज तक प्रकाशित नहीं हुआ है। इसमें मन्त्रयोगके १६ अङ्ग और क्रमशः उनके लक्षण, साधनप्रणाली आदि सब अच्छीतरहसे वर्णन किये गये हैं। गुरु और शिष्य दोनों ही इससे परम लाभ उठा सक्ते हैं। इसमें मंत्रोंका स्वरूप और उपास्यनिर्णय बहुत अच्छा किया

गया है। घोर अनर्थकारी साम्प्रदायिक विरोधके दूर करनेके लिये यह एकमात्र ग्रन्थ है। इसमें नास्तिकोंके मूर्तिपूजा, मन्त्रसिद्धि आदि विषयोंमें जो प्रश्न होते हैं उनका अच्छा समाधान है।

मूल्य १) एक रुपयामात्र।

तत्त्वबोध। भाषानुवाद और वैज्ञानिक टिप्पणी सहित। यह मूल ग्रन्थ श्रीशङ्कराचार्य कृत है। इसका बंगानुवाद भी प्रकाशित हो चुका है। मूल्य =) दो आना।

संन्यासगीता। श्रीभारतधर्म्म महामण्डलके द्वारा सन्न्यासियोंके लिये सन्न्यासगीता, साधकों के लिये गुरुगीता और पञ्च उपासकोंके लिये पञ्चगीताएँ हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित हो चुकी हैं। सन्न्यासगीता में सब सम्प्रदायोंके साधु और सन्न्यासियोंके लिये सब जानने योग्य विषय सन्निविष्ट हैं। सन्न्यासिगण इसके पाठ करने से विशेष ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे और अपना कर्तव्य जान सकेंगे। गृहस्थोंके लिये भी यह ग्रन्थ धर्म्मज्ञानका भण्डार है।

मूल्य ।॥) बारह आना।

दैवीमीमांसा दर्शन प्रथम भाग। वेदके तीन काण्ड हैं। यथाः-कर्म्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड। ज्ञानकाण्डका वेदान्त दर्शन, कर्म्मकाण्ड का जैमिनी दर्शन और भरद्वाज दर्शन और उपासनाकाण्ड का यह अङ्गिरा दर्शन है। इसका नाम दैवीमीमांसा दर्शन है। यह ग्रन्थ आज तक प्रकाशित नहीं हुआ था। इसके चार पाद हैं, यथाः-प्रथम रसपाद इस पाद में भक्तिका विस्तारित विज्ञान वर्णित है। दूसरा सृष्टि पाद, तीसरा स्थिति पाद और चौथा लयपाद, इन तीनों पादोंमें दैवीमाया, देवताओंके भेद, उपासनाका विस्तारित वर्णन और भक्ति और उपासनासे मुक्तिकी प्राप्तिका सब कुछ विज्ञान वर्णित है। इस प्रथम भाग में इस दर्शन शास्त्रके प्रथम दो पाद हिन्दी अनुवाद और हिन्दी भाष्यसहित प्रकाशित हुए हैं। मूल्य १॥) डेढ़ रुपया।

श्रीभगवद्गीता प्रथमखण्ड। श्रीगीताजीका अपूर्व्व हिन्दी भाष्य यह प्रकाशित हो रहा है जिसका प्रथम खण्ड, जिसमें प्रथम अध्याय और द्वितीय अध्याय का कुछ हिस्सा है प्रकाशित हुआ है। आज तक श्रीगीताजी पर अनेक संस्कृत और हिन्दी भाष्य प्रकाशित

हुए हैं परन्तु इस प्रकार का भाष्य आज तक किसी भाषा में प्रकाशित नहीं हुआ है। गीता का अध्यात्म, अधिदैव, अधिभूतरूपी त्रिविध स्वरूप, प्रत्येक श्लोक का त्रिविध अर्थ और सब प्रकारके अधिकारियोंके समझने योग्य गीता-विज्ञानका विस्तारित विवरण इस भाष्य में मौजूद है। मूल्य १) एक रुपया।

मैनेजर, निगमागम बुकडिपो,
महामण्डलभवन, जगतगंज, बनारस।

पाँच गीताएँ।

पञ्चोपासनाके अनुसार पांच गीताएं—श्रीविष्णुगीता, श्रीसूर्य्यगीता, श्रीशक्तिगीता, श्रीधीशगीता और श्रीशम्भुगीता, भाषानुवाद सहित छप चुकी है। श्रीभारतधर्म महामण्डलने इन पाँच गीताओंका प्रकाशन निम्न लिखित उद्देश्योंसे किया है:-१ म, जिस साम्प्रदायिक विरोधने उपासकोंको धर्मके नामसे ही अधर्म्म सञ्चित करनेकी अवस्थामें पहुंचा दिया है, जिस साम्प्रदायिक विरोधने उपासकोंको अहङ्कारत्यागी होनेके स्थानमें घोर साम्प्रदायिक अहंकारसम्पन्न बना दिया है, भारतकी वर्तमान दुर्दशा जिस साम्प्रदयिक विरोधका प्रत्यक्ष फल है और जिस साम्प्रदायिक विरोधने साकार-उपासकोंमें घोर द्वेष दावानल प्रज्वलित कर दिया है उस साम्प्रदायिक विरोधका समूल उन्मूलन करना और २य, उपासनाके नामसे जो अनेक इन्द्रियासक्तिकी चरितार्थके घोर अनर्थकारी कार्य होते हैं उनका समाजमें अस्तित्व न रहने देना तथा ३य, समाज में यथार्थ भगवद्भक्तिके प्रचार द्वारा इहलौकिक और पारलौकिक अभ्युदय तथा निःश्रेयस-प्राप्तिमें अनेक सुविधाओंका प्रचार करना। इन पाँचों गीताओंमें अनेक दार्शनिक तत्त्व, अनेक उपासनाकाण्डके रहस्य और प्रत्येक उपास्य देवकी उपासनासे सम्बन्ध रखनेवाले विषय सुचारुरूपसे प्रतिपादित किये गये हैं। ये पांचों गीताएं उपनिषद्रूप हैं। प्रत्येक उपासक अपने उपास्यदेवकी गीतासे तो लाभ उठावेगा ही, किन्तु, अन्य चार

गीताओंके पाठ करनेसे भी वह अनेक उपासनातत्त्वोंको तथा अनेक वैज्ञानिक रहस्योंको अवगत हो सकेगा और उसके अन्तःकरणमें प्रचलित साम्प्रदायिक ग्रन्थोंसे जैसा विरोध उदय होता है वैसा नहीं होगा और वह परम शान्तिका अधिकारी हो सकेगा। पाठक इन गीताओंको मंगाकर देख सकते हैं ये छप चुकी हैं। विष्णु गीताका मूल्य ।।।) सूर्यगीताकामूल्य ॥) शक्तिगीताका मूल्य ।।।) धीशगीताका मूल्य ॥) और शंभुगीताका ।।।) है। इनमें एक एक तीनरंगा विष्णुदेव सूर्य्यदेव भगवती और गणपतिदेव तथा शिवजी का चित्र भी दिया गया है।

मैनेजर, निगमागम बुकडिपो,

महामण्डलभवन, जगद्गंज बनारस।

धार्मिक विश्वकोष।

(श्रीधर्म्मकल्पद्रुम)

यह हिन्दूधर्म्मका अद्वितीय और परमावश्यक ग्रन्थ है। हिन्दू जातिकी पुनरुन्नतिके लिये जिन जिन आवश्यकीय विषयोंकी जरूरत है उनमें सबसे बड़ी भारी ज़रूरत एक ऐसे धर्म्मग्रंथकी थी कि, जिसके अध्ययन-अध्यापनके द्वारा सनातन धर्मका रहस्य और उसका विस्तृत स्वरूप तथा उसके अङ्ग उपांगोंका यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो सके और साथही साथ वेदों और सब शास्त्रोंका आशय तथा वेदों और सब शास्त्रोंमें कहे हुए विज्ञानोंका यथाक्रम स्वरूप जिज्ञासुको भलीभाँति विदित हो सके। इसी गुरुतर अभाव को दूर करनेके लिये भारतके प्रसिद्ध धर्मवक्ता और श्री भारतधर्म्ममहामण्डलस्थ उपदेशक-महाविद्यालयके दर्शन शास्त्रके अध्यापक श्रीमान् स्वामी दयानन्दजीने इस ग्रन्थका प्रणयन करना प्रारम्भ किया है। इसमें वर्तमान समयके आलोच्य सभी विषय विस्तृतरूपसे दिये जायंगे। अबतक इसके छः खण्डोंमें जो अध्याय प्रकाशित हुए हैं वे ये हैं:-धर्म्म, दानधर्म्म, तपोधर्म्म, कर्मयज्ञ, उपासनायज्ञ, ज्ञानयज्ञ, महायज्ञ, वेद, वेदाङ्ग, दर्शनशास्त्र

(वेदोपाङ्ग), स्मृतिशास्त्र, पुराणशास्त्र, तन्त्रशास्त्र, उपवेद, ऋषि और पुस्तक, साधारण धर्म्म और विशेष धर्म्म, वर्णधर्म्म, आश्रमधर्म्म, नारीधर्म्म (पुरुषधर्म्मसे नारीधर्म्मकी विशेषता), आर्य जाति, समाज और नेता, राजा और प्रजाधर्म, प्रवृत्तिधर्म्म और निवृत्तिधर्म, आपद्धर्म, भक्ति और योग, मन्त्रयोग, हठयोग, लय-योग, राजयोग, गुरु और दीक्षा, वैराग्य और साधन, आत्म-तत्त्व, जीवतत्त्व, प्राण और पीठतत्त्व, सृष्टि स्थिति प्रलयतत्त्व, ऋषि देवता और पितृतत्त्व, अवतारतत्त्व, मायातत्त्व, त्रिगुणतत्त्व, त्रिभाव-तत्त्व, कर्म्मतत्त्व, मुक्तितत्त्व, पुरुषार्थ और वर्णाश्रमसमीक्षा, दर्शनसमीक्षा, धर्मसम्प्रदायसमीक्षा, धर्मपन्थसमीक्षा और धर्ममतसमीक्षा। आगेके खण्डोंमें प्रकाशित होनेवाले अध्यायोंके नाम ये हैं:—साधन-समीक्षा, चतुर्दशलोकसमीक्षा, कालसमीक्षा, जीवन्मुक्ति-समीक्षा, सदाचार, पञ्च महायज्ञ, आह्निककृत्य, षोडश संस्कार, श्राद्ध, प्रेतत्व और परलोक, सन्ध्या-तर्पण, ओंकार-महिमा और गायत्री, भगवन्नाम माहात्म्य, वैदिक मन्त्रों और शास्त्रोंका अपलाप, तीर्थ-महिमा, सूर्य्यादिग्रह-पूजा, गोसेवा, संगीत-शास्त्र, देश और धर्म सेवा इत्यादि इत्यादि। इस ग्रन्थसे आजकलके अशास्त्रीय और विज्ञान-रहित धर्म्मग्रन्थों और धर्म्मप्रचारके द्वारा जो हानि हो रही है वह सब दूर होकर यथार्थ रूपसे सनातन वैदिक धर्म्मका प्रचार होगा। इस ग्रन्थरत्नमें साम्प्रदायिक पक्षपातका लेशमात्र भी नहीं है और निष्पक्षरूपसे सब विषय प्रतिपादित किये गये हैं, जिससे सकल प्रकारके अधिकारी कल्याण प्राप्त कर सकें। इसमें और भी एक विशेषता यह है कि हिन्दूशास्त्रके सभी विज्ञान शास्त्रीय प्रमाणों और युक्तियों के सिवाय, आजकलकी पदार्थ विद्या (Soience) के द्वारा भी प्रतिपादित किये गये हैं जिससे आजकलके नवशिक्षित पुरुष भी इससे लाभ उठा सकें। इसकी भाषा सरल, मधुर और गम्भीर है। यह ग्रन्थ चौसठ अध्यायों और आठ समुल्लासोंमें पूर्ण होगा और यह वृहत् ग्रन्थ रायल साइजके चार हजार पृष्ठोंसे अधिक होगा तथा बारह खण्डों में प्रकाशित होगा। इसी के अन्तिम खण्डमें आध्यात्मिक शब्दकोष भी प्रकाशित करनेका विचार है। इसके छः खण्ड प्रकाशित हो चुके हैं। प्रथम खण्डका मूल्य २),

द्वितीय का १॥),तृतीयका२),चतुर्थका२) पंचमका २) और षष्ठका १॥) है। इसके प्रथम दो खण्ड बढ़िया कागज पर भी छापे गये हैं और दोनों ही एक बहुत सुन्दर जिल्दमें बांधे गये हैं। मूल्य ५) है। सातवाँ खण्ड यन्त्रस्थ है।

मैनेजर, निगमागम बुकडीपो,
महामण्डलभवन, जगतगंज, बनारस।

अंग्रेजी भाषाके धर्म्मग्रन्थ।

श्री भारतधर्म्म महामण्डल शास्त्र प्रकाश विभाग द्वारा प्रकाशित सब संहिताओं, गीताओं और दार्शनिक ग्रन्थोंका अंग्रेजी अनुवाद तयार हो रहा है जो क्रमशः प्रकाशित होगा। सम्प्रति अंग्रेजी भाषामें एक ऐसा ग्रन्थ छप गया है जिसके द्वारा सब अंग्रेजी पढ़े व्यक्तियोंको सनातन धर्म्मका महत्त्व, उसका सर्वजीवहितकारी स्वरूप, उसके सब अङ्गोंका रहस्य, उपासनातत्त्व, योगतत्त्व, काल और सृष्टितत्त्व, कर्म्मतत्त्व, वर्णाश्रमधर्म्मतत्त्व इत्यादि सब बड़े बड़े विषय अच्छी तरह समझमें आजावें। इसका नाम, वर्ल्स इटरनल रिलिजन है। इसका मूल्य रायलएडीशनका ५) और साधारणका३) है। जिल्द बंधी हुई हैं और सात त्रिवर्ण चित्र भी दिये हैं।

मैनेजर, निगमागम बुकडीपो
महामण्डलभवन, जगत्गंज, बनारस।

विविध विषयोंकी पुस्तकें।

पारिवारिकप्रबन्ध १) आचारप्रबन्ध १) असभ्यरमणी =) धनुर्वेद-संहिता ।) ग्वीसेफ मेजिनी ।) परशुराम संवाद)। शास्त्रीजीके दो व्याख्यान ॥=) अनार्य्यसमाज रहस्य ≡) प्रयाग महात्म्य ॥=) अर्जुनगीता -) दानलीला)। हनुमान चलीसा)। भर्तृहरिचरित्र)। रामगीता ≡) भजन गोरक्षाप्रकाश मञ्जरी)॥ बारहमासी -) मानस

मञ्जरी ।) मूर्तिपूजा ।=) वारेन्हेस्टिङ्गकी जीवनी १) इङ्गलिश ग्रामर ।) पहिली किताब)॥ उपन्यास कुसुम ≡) बालिका प्रबोधिनी -)॥ वैष्णवरहस्य)॥ दुर्गेशनन्दिनी प्रथम भाग ।=) दुर्गेशनन्दिनी द्वितीय भाग ।=) नवीन रत्नाकर भजनावली)। आदर्शहिन्दू रमणी ।) कार्तिकप्रसादकी जीवनी =) किसान विद्या ।) प्रवासी =) वसन्त-शृङ्गार ≡) बालहित -)॥ मेगास्थनीजका भारतवर्षीय वर्णन ॥=) सदाचार =) होलीका रहस्य -) क्षत्रियहितैषिणी -) गोवंशचिकित्सा ।) गोगीतावली -) वीरबाला ॥।) हमारा सनातनधर्म्म)। वैयाकरण भूषण ॥) त्रैभाषिक व्याकरण ।) राजशिक्षा १) मङ्गलदेव पराजय =) भाषावाल्मीकीय रामायण १।) झांसीकी रानी ।) कल्कि पुराण उर्दू ॥) सिद्धान्त कौमुदी २) राशिमाला)॥ सिद्धान्तपटल -) सारमञ्जरी ।) सिकन्दरकी जीवनी ॥।) योगामृततरङ्गिणी)॥ यजुर्वेदीय संध्या)॥

नोट—पचीस रुपयोंसे अधिककी पुस्तकें खरीदनेवालेको योग्य कमीशन भी दिया जायगा।

शीघ्र छपने योग्य ग्रन्थ। हिन्दी साहित्यकी पुष्टिके अभिप्रायसे तथा धर्म्मप्रचारकी शुभ वासनासे निम्नलिखित ग्रन्थ क्रमशः हिन्दी अनुवाद सहित छापनेको तैयार हैं। यथा:- भाषानुवाद सहित हठयोग संहिता, योगदर्शनके भाषाभाष्यका नवीन संस्करण, भरद्वाजकृत कर्ममीमांसादर्शनके भाषाभाष्यका प्रथम खण्ड और सांख्यदर्शनका भाषाभाष्य।

मैनेजर, निगमागम बुकडीपो,
महामण्डलभवन, जगत्गंज, बनारस।

श्रीमहामण्डलके सभ्योंको विशेष सुविधा।

हिन्दू समाजकी एकता और सहायताके लिये विराट् आयोजन।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल हिन्दू जातिकी अद्वितीय धर्म्ममहासभा और हिन्दू समाजकी उन्नति करनेवाली भारतवर्षके सकल प्रान्त-

व्यापी संस्था है। श्रीमहामण्डलके सभ्य महोदयोंको केवल धर्म्मशिक्षा देना ही इसका लक्ष्य नहीं है; किन्तु हिन्दू समाजकी उन्नति, हिन्दूसमाजकी दृढ़ता और हिन्दू समाज में पारस्परिक प्रेम व सहायताकी वृद्धि करना भी इसका प्रधान लक्ष्य है इस कारण निम्नलिखित नियम श्रीमहामण्डलकी प्रबन्ध-कारिणी सभाने बनाये हैं। इन नियमोंके अनुसार जितने अधिक संख्यक सभ्य महामण्डलमें सम्मिलित होंगे उतनी ही अधिक सहायता महामण्डलके सभ्य महोदयोंको मिल सकेगी। ये नियम ऐसे सुगम और लोकहितकर बनाये गये हैं कि श्रीमहामण्डलके जो सभ्य होंगे उनके परिवारको बड़ी भारी एककालिक दानकी सहायता प्राप्त हो सकेगी। वर्त्तमान हिन्दूसमाज जिस प्रकार दरिद्र होगया है उसके अनुसार श्रीमहामण्डलके ये नियम हिन्दू समाजके लिये बहुत ही हितकारी हैं इसमें सन्देह नहीं।

श्रीमहामण्डलके मुखपत्रसम्बन्धी उपनियम।

(१) धर्म्मशिक्षाप्रचार, सनातनधर्मचर्चा, सामाजिकउन्नति, सद्विद्याविस्तार, श्रीमहामण्डलके कार्य्योंके समाचारोंकी प्रसिद्धि और सभ्योंको यथासम्भव सहायता पहुँचाना आदि लक्ष्य रख कर श्रीमहामण्डलके प्रधान कार्य्यालय द्वारा भारत के विभिन्न प्रान्तोंमें प्रचलित देशभाषाओंमें मासिकपत्र नियमितरूपसे प्रचार किये जायँगे।

(२) अभी केवल हिन्दी और अँग्रेजी-इन दो भाषाओंके दो मासिकपत्र प्रधान कार्य्यालयसे प्रकाशित हो रहे हैं। यदि इन नियमोंके अनुसार कार्य्य करने पर विशेष सफलता और सभ्योंकी विशेष इच्छा पाई जायगी तो भारतके विभिन्न प्रान्तोंकी देशभाषाओंमें भी क्रमशः मासिकपत्र प्रकाशित करनेका विचार रक्खा गया है। इन मासिकपत्रोंमेंसे प्रत्येक मेम्बरको एक एक मासिकपत्र, जो वे चाहेंगे, विना मूल्य दिया जायगा। कमसे कम दो हजार सभ्य महोदयगण जिस भाषाका मासिक पत्र चाहेंगे, उसी भाषामें मासिकपत्र प्रकाशित करना आरम्भ कर दिया जायगा, परन्तु जबतक उस भाषाका मासिक पत्र प्रकाशित न हो तब तक श्रीम-

हामण्डलका हिन्दी अथवा अंगरेजीका मासिक पत्र विना मूल्य दिया जायगा।

(३) श्रीमहामण्डलके साधारण सभ्योंको वार्षिक दो रुपये चन्दा देने पर इन नियमोंके अनुसार सब सुविधाएँ प्राप्त होंगी। श्रीमहामण्डलके अन्य प्रकारके सभ्य, जो धर्म्मोन्नति और हिन्दू-समाजकी सहायताके विचारसे अथवा अपनी सुविधाके विचारसे, इस विभागमें स्वतन्त्र रीतिसे कमसे कम २ दो रुपये वार्षिक नियमित चन्दा देंगे वे भी इस कार्य्यविभागकी सब सुविधाएँ प्राप्त कर सकेंगे।

(४) इस विभागके रजिस्टरदर्ज सभ्योंको श्रीमहामण्डलके अन्य प्रकारके सभ्योंकी रीतिपर श्रीमहामण्डलसे सम्बन्धयुक्त सब पुस्तकादि अपेक्षाकृत स्वल्प मूल्यपर मिला करेंगी।

समाजहितकारी कोष।

(यह कोष श्रीमहामण्डलके सब प्रकारके सभ्योंके—जो इसमें सम्मिलित होंगे—निर्वाचित व्यक्तियोंको आर्थिक सहायताके लिये खोला गया है)

(५) जो सभ्य नियमित प्रतिवर्ष चन्दा देते रहेंगे उनके देहान्त होने पर जिनका नाम वे दर्ज करा जायँगे, श्रीमहामण्डलके इस कोष द्वारा उनको आर्थिक सहायता मिलेगी।

(६) जो मेम्बर कमसे कम तीन वर्ष तक मेम्बर रहकर लोकान्तरित हुए हों, केवल उन्हींके निर्वाचित व्यक्तियोंको इस समाज-हितकारी कोषकी सहायता प्राप्त होगी, अन्यथा नहीं दी जायगी।

(७) यदि कोई सभ्य महोदय अपने निर्वाचित व्यक्तिके नामको श्रीमहामण्डलप्रधानकार्यालयके रजिस्टरमें परिवर्त्तन कराना चाहेंगे तो ऐसा परिवर्त्तन एक वार बिना किसी व्ययके किया जायगा। उसके बाद वैसा परिवर्तन पुनः कराना चाहे तो ।) भेजकर परिवर्त्तन करा सकेंगे।

(८) इस विभागमें साधारण सभ्यों और इस कोषके सहायक अन्यान्य सभ्योंकी ओरसे प्रतिवर्ष जो आमदनी होगी उसका आधा अंश श्रीमहामण्डलके छपाई-विभागको मासिक पत्रोंकी छपाई और

प्रकाशन आदि कार्य्यके लिये दिया जायगा। बाकी आधा रुपया एक स्वतन्त्र कोषमें रक्खा जायगा जिस कोषका नाम "समाजहितकारी कोष" होगा।

(९) "समाजहितकारी कोष" का रुपया बैंक ऑफ बंगाल अथवा ऐसे ही विश्वस्त बैंकमें रक्खा जायगा।

(१०) इस कोषके प्रबन्धके लिये एक खास कमेटी रहेगी।

(११) इस कोषकी आमदनीका आधा रुपया प्रतिवर्ष इस कोषके सहायक जिन मेम्बरोंकी मृत्यु होगी, उनके निर्वाचित व्यक्तियोंमें समानरूपसे बाँट दिया जायगा।

(१२) इस कोषमें बाकी आधे रुपयोंके जमा रखनेसे जो लाभ होगा, उससे श्रीमहामण्डलके कार्यकर्ताओं तथा मेम्बरोंके क्लेशका विशेष कारण उपस्थित होने पर उन क्लेशोंको दूर करनेके लिये कमेटी व्यय कर सकेगी।

(१३) किसी मेम्बरकी मृत्यु होने पर वह मेम्बर यदि किसी महामण्डलकी शाखासभाका सभ्य हो अथवा किसी शाखासभाके निकटवर्ती स्थानमें रहनेवाला हो तो उसके निर्वाचित व्यक्तिका फर्ज होगा कि वह उक्त शाखासभाकी कमेटीके मन्तव्यकी नकल श्रीमहामण्डल प्रधान कार्य्यालयमें भिजवावे। इस प्रकारसे शाखासभाके मन्तव्यकी नकल आने पर कमेटी समाजहितकारी कोषसे सहायता देनेके विषयमें निश्चय करेगी।

(१४) जहाँ कहीं सभ्योंको इस प्रकारकी शाखासभाकी सहायता नहीं मिल सकती है या जहाँ कहीं निकट शाखासभा नहीं है ऐसी दशामें उस प्रान्तके श्रीमहामण्डलके प्रतिनिधियोंमेंसे किसीके अथवा किसी देशी रजवाड़ोंमें हों तो उक्त दर्बारके प्रधान कर्म्मचारीका सार्टिफिकिट मिलनेपर सहायता देनेका प्रबन्ध किया जायगा।

(१५) यदि कमेटी उचित समझेगी तो, वालावाला खबर मंगाकर सहायताका प्रबन्ध करेगी, जिससे कार्य्यमें शीघ्रता हो।

अन्यान्य नियम।

(१६) महामण्डलके अन्य प्रकारके सभ्योंमेंसे जो महाशय हिन्दूसमाजकी उन्नति और दरिद्रोंकी सहायताके विचारसे इस

कोषमें कमसे कम २) दो रुपये सालाना सहायता करने पर भी इस फण्डसे फायदा उठाना नहीं चाहेंगे वे इस कोषके परिपोषक समझे जायेंगे और उनकी नामावली धन्यवादसहित प्रकाशित की जायगी।

(१७) हर एक साधारण मेम्बरको-चाहे स्त्री हो या पुरुष—प्रधान कार्यालयसे एक प्रमाणपत्र—जिसपर पञ्चदेवताओंकी मूर्ति और कार्यालयकी मुहर होगी—साधारण मेम्बरके प्रमाणरूपसे दिया जायगा।

(१८) इस विभागमें जो चन्दा देंगे उनका नाम नम्बरसहित हर वर्ष रसीदके तौर पर वे जिस भाषाका मासिक पत्र लेंगे उसमें छापा जायगा। यदि गलतीसे किसीका नाम न छपे तो उनका फर्ज होगा कि प्रधान कार्य्यालयमें पत्र भेजकर अपना नाम छपवावें, क्योंकि यह नाम छपना ही रसीद समझी जायगी।

(१९) प्रतिवर्ष का चन्दा २) मेम्बर महाशयोंको जनवरी महीनेमें आगामी भेज देना होगा। यदि किसी कारण विशेषसे जनवरीके अन्ततक रुपया न आवे तो और एक मास अर्थात् फरवरी मास तक अवकाश दिया जायगा और इसके बाद अर्थात् मार्च महीनेमें रुपया न आनेसे मेम्बर महाशयका नाम काट दिया जायगा और फिर वे इस समाजहितकारी कोषसे लाभ नहीं उठा सकेंगे।

(२०) मेम्बर महाशयका पूर्व नियमके अनुसार नाम कट जानेपर यदि कोई असाधारण कारण दिखाकर वे अपना हक़ साबित रखना चाहेंगे तो कमेटीको इस विषयमें विचार करनेका अधिकार मई मासतक रहेगा और यदि उनका नाम रजिस्टरमें पुनः दर्ज़ किया जायगा तो उन्हें ।) हर्जाना समेत चन्दा अर्थात् ।) देकर नाम दर्ज करा लेना होगा।

(२१) वर्ष के अन्दर जब कभी कोई नये मेम्बर होंगे तो उनको उस सालका पूरा चन्दा देना होगा। वर्षारम्भ जनवरीसे समझा जायगा।

(२२) हर साल के मार्च में परलोकगत मेम्बरोंके निर्वाचित व्यक्तियोंको 'समाजहितकारी कोष' की गतवर्ष की

सहायता बाँटी जायगी ; परन्तु नं० १२ के नियमके अनुसार सहायताके बाँटनेका अधिकार कमेटीको सालभर तक रहेगा।

(२३) इन नियमोंके घटाने-बढ़ानेका अधिकार महामण्डल को रहेगा।

(२४) इस कोषकी सहायता 'श्रीभारतधर्ममहामण्डल, प्रधान कार्यालय, काशी' से ही दी जायगी।

सेक्रेटरी,
श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल,
जगत्गंज, बनारस।

श्रीमहामण्डलस्थ उपदेशक-महाविद्यालय।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल प्रधानकार्यालय काशी में साधु और गृहस्थ धर्म्मवक्ता प्रस्तुत करनेके अर्थ श्रीमहामण्डल-उपदेशक महाविद्यालय नामक विद्यालय स्थापित हुआ है। जो साधुगण दार्शनिक और धर्म्मसम्बन्धी ज्ञानलाभ करके अपने साधु-जीवनको कृतकृत्य करना चाहें और जो विद्वान् गृहस्थ धार्मिक शिक्षा लाभ करके धर्म्मप्रचार द्वारा देशकी सेवा करते हुए अपना जीवन निर्व्वाह करना चाहें वे निम्नलिखित पते पर पत्र भेजें।

प्रधानाध्यक्ष, श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल प्रधान कार्य्यालय,
जगत्गंज, बनारस (छावनी)।

श्रीविश्वनाथ-अन्नपूर्णा-दानभण्डार।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल प्रधान कार्य्यालय काशीमें दीनदुःखियोंके क्लेशनिवारणार्थ यह सभा स्थापित की गई है। इस सभाके द्वारा अतिविस्तृत रीति पर शास्त्र प्रकाशनका कार्य्य प्रारम्भ किया गया है। इस सभाके द्वारा धर्म्मपुस्तिका पुस्तकादि यथासम्भव विना मूल्य वितरण करनेका भी विचार रक्खा गया है। इस दानभाण्डारके द्वारा महामण्डलद्वारा प्रकाशित तत्वबोध, साधुओंका कर्तव्य, धर्म्म और धर्म्माङ्ग, दानधर्म्म, नारीधर्म्म, महामण्डलकी आवश्यकता आदि कई एक हिन्दीभाषाके धर्म्मग्रंथ और अंग्रेजीभाषाके कई एक

ट्रैक्स विना मूल्य योग्य पात्रोंको बांटे जाते हैं। पत्राचार करनेपर विदित हो सकेगा। शास्त्रप्रकाशनकी आमदनी इसी दानभाण्डारमें दीन दुःखियोंके दुःखमोचनार्थ व्यय की जाती है। इस सभामें जो दान करना चाहें या किसी प्रकारका पत्राचार करना चाहें वे निम्न-लिखित पते पर पत्र भेजें।

सेक्रेटरी, श्रीविश्वनाथ-अन्नपूर्णा-दानभण्डार,
श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल, प्रधान कार्य्यालय,
जगत्गंज, बनारस (छावनी)।

—o—

श्रीमहामण्डलका शास्त्रप्रकाशविभाग।

यह विभाग बहुत विस्तृत है। अपूर्व्व संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजीकी पुस्तकें काशी प्रधान कार्य्यालय (जगत्गंज) में मिलती हैं। बंगला सिरीज कलकत्ता दफ्तर(४२बाबूबाजारस्ट्रीट)में व उर्दू सिरीज फीरोजपुर [पञ्जाब) दफ्तर में मिलती है और इसी प्रकार अन्यान्य प्रान्तीय कार्य्यालयोंमें प्रान्तीय भाषाओंके ग्रन्थोंका प्रबन्ध हो रहा है।

सैक्रेटरी
श्रीभारतधर्म्म महामण्डल
जगत्गंज बनारस।

आर्य्यमहिलाके नियम।

१—श्रीआर्य्यमहिलाहितकारिणी महापरिषद्की मुखपत्रिकाके रूपमें आर्य्यमहिला प्रकाशित होती है।

२—महापरिषद्की सब प्रकारकी सभ्या महोदयाओं और सभ्य महोदयोंको यह पत्रिका विना मूल्य दीजाती है। अन्य ग्राहकोंको ६) वार्षिक अग्रिम देने पर प्राप्त होती है। प्रतिसंख्याका मूल्य १॥) है। पुस्तकालयों तथा वाचनालयों को ३) वार्षिकमें ही दी जाती है।

३—किसी लेखको घटाने बढ़ाने वा प्रकाशित करने न करनेका सम्पूर्ण अधिकार सम्पादिकाको है। योग्य लेखकों तथा लेखिकाओं को नियत पारितोषिक दिया जाता है और विशेष योग्य लेखकों तथा लेखिकाओंको अन्यान्य प्रकारसे भी सम्मानित किया जाता है।

४—हिन्दी लिखने में असमर्थ मौलिक लेखक-लेखिकाओंके

लेखोंका अनुवाद कार्यालयसे कराकर छापा जाता है।

५—समालोचनार्थ पुस्तकें, लेख, परिवर्तनकी पत्र-पत्रिकाएँ, कार्य्यालय-सम्बन्धी पत्र, छपने योग्य विज्ञापन और रुपया आदि सब निम्नलिखित पते पर आना चाहिये।

पण्डित रामगोविन्द त्रिवेदी वेदान्तशास्त्री
मैनेजर आर्य्यमहिला
श्रीमहामण्डलभवन जगत्गंज बनारस।

आर्यमहिलामहाविद्यालय।

इस नामका एक महाविद्यालय (कालेज) जिसमें विधवा-आश्रम भी शामिल रहेगा श्रीआर्यमहिलाहितकारिणी महापरिषद् नामक सभाके द्वारा स्थापित हुआ है जिसमें सत्कुलोद्भव उच्च जातिकी विधवाएँ मासिक १५) से २०) तक वृत्ति देकर भरती की जाती हैं और उनको योग्य शिक्षा देकर हिन्दूधर्मकी उपदेशिका, शिक्षयित्री आदि रूपसे प्रस्तुत किया जाता है। भविष्यत् जीविकाका उनके लिये यथायोग्य प्रबन्ध भी किया जाता है। इस विषयमें यदि कुछ अधिक जानना चाहें तो निम्न लिखित पते पर पत्र व्यवहार करें।

प्रधानाध्यापक
आर्यमहिला महाविद्यालय
महामण्डल भवन जगत्गंज बनारस।

हिन्दूधार्मिक विश्वविद्यालय।

(श्री शारदामण्डल)

हिन्दू जातिकी विराट् धर्म्मसभा श्री भारतधर्म्म महामण्डलका यह विद्यादान विभाग है। वस्तुतः हिन्दूजातिके पुनरभ्युदय और हिन्दूधर्म्मकी शिक्षा सारे भारतवर्षमें फैलानेके लिये यह विश्व-विद्यालय स्थापित हुआ है। इसके प्रधानतः निम्न लिखित पांच कार्यविभाग हैं।

(१) श्री उपदेशक महाविद्यालय (हिन्दू कालेज ओफ डिविनिटी) इस महाविद्यालयके द्वारा योग्य धर्म्मशिक्षक और धर्मोपदेशक तयार किये जाते हैं। अंग्रेजी भाषाके बी ए. पास अथवा संस्कृत भाषाके शास्त्री आचार्य्य आदि परीक्षाओंकी योग्यता रखने वाले पण्डित ही छात्र रूपसे इस महाविद्यालयमें भरती किये जाते हैं। छात्रवृत्ति २५) महावार तक दी जाती है।

(२) धर्म्मशिक्षाविभाग । इस विभागके द्वारा भारतवर्षके प्रधान प्रधान नगरोंमें ऊपर लिखित महाविद्यालयसे परीक्षोत्तीर्ण एक एक पण्डित स्थायी रूपसे नियुक्त करके उक्त नगरोंके स्कूल, कालेज और पाठशालाओंमें हिन्दूधर्म्मकी धार्मिक शिक्षा देनेका प्रबन्ध किया जाता है। वे पण्डितगण उन नगरोंमें सनातन धर्म्मका प्रचार भी करते रहते हैं । ऐसा प्रबन्ध किया जा रहा है कि जिससे महामण्डलके प्रयत्नसे सब बड़े बड़े नगरोंमें इस प्रकार धर्म्मकेन्द्र स्थापित हो और वहां मासिक सहायता भी श्री महामण्डलकी ओरसे दी जाय।

(३) श्री आर्यमहिलामहाविद्यालय भी इसी शारदामण्डलका अङ्ग समझा जायगा और इस महाविद्यालयमें उच्च जातिकी विधवाओंके पालन पोषणका पूरा प्रबन्ध करके उनको योग्य धर्मोपदेशिका, शिक्षयित्री और गवर्नेस आदिके काम करने के उपयोगी बनाया जायगा।

(४) सर्व्वधर्म्मसदन (हाल ओफ ओल रिलिजन्स) इस नामसे यूरोपके महायुद्धके स्मारक रूपसे एक संस्था स्थापित करनेका प्रबन्ध हो रहा है। यह संस्था श्री महामण्डलके प्रधान कार्य्यालय तथा उपदेशक महाविद्यालयके निकट ही स्थापित होगी। इस संस्थाके एक ओर सनातन धर्म्मके अतिरिक्त सब प्रधान प्रधान धर्म्ममतोंके उपासनालय रहेंगे जिनमें उक्तधर्म्मोंके जानने वाले एक एक विद्वान् रहेंगे। दूसरी ओर सनातन धर्म्मके पञ्चोपासनाके पांच देवस्थान और लीला विग्रह उपासना आदि देवमंदिर रहेंगे। इसी संस्थामें एक वृहत् पुस्तकालय रहेगा कि जिसमें पृथिवी भरके सब धर्म्ममतोंके धर्म्मग्रन्थ रक्खे जायंगे और इसी संस्थासे

संश्लिष्ट एक व्याख्यानालय व शिक्षालय (हाल) रहेगा जिसमें उक्त विभिन्न धर्मोंके विद्वान् तथा सनातन धर्म्मके विद्वान्गण यथाक्रम व्याख्यानादि देकर धर्म्मसम्बन्धीय अनुसन्धान तथा धर्म्मशिक्षा-कार्य्यकी सहायता करेंगे। यदि पृथिवीके अन्य देशोंसे कोई विद्वान् काशीमें आकर इस सर्व्वधर्म्मसदनमें दार्शनिक शिक्षा लाभ करना चाहेगा तो उसका भी प्रबन्ध रहेगा।

(५) शास्त्र प्रकाश विभाग। इस विभागका कार्य स्पष्ट ही है। इस विभागसे धर्म्मशिक्षा देनेके उपयोगी नानः भाषाओंकी पुस्तकें तथा सनातन धर्म्मकी सब उपयोगी मौलिक पुस्तकें प्रकाशित हो रही हैं और होंगी।

इस प्रकारसे पांच कार्य्यविभाग व संस्थाओंमें विभक्त होकर श्री शारदामण्डल सनातनधर्म्मावलम्बियोंकी सेवा व उन्नति करनेमें प्रवृत्त रहेगा।

प्रधान मंत्री
श्रीभारतधर्म्म महामण्डल
प्रधान कार्य्यालय, बनारस।

एजन्टोंकी आवश्यकता।

श्रीभारतधर्म्म महामण्डल और आर्य्यमहिलाहितकारिणी महापरिषद्के मेम्बरसंग्रह और पुस्तकविक्रय आदिके लिये भारतवर्षके प्रत्येक नगरमें एजण्टोंकी जरूरत है। एजन्टोंको अच्छा पारितोषिक दिया जायगा। इस विषयके नियम श्रीमहामण्डल प्रधान कार्यालयमें पत्र भेजनेसे मिलेंगे।

सैक्रेटरी
श्रीभारतधर्म्म महामण्डल
जगत्गंज बनारस।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डलके

सभ्यगण और मुखपत्र ।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल प्रधान कार्य्यालय काशी से एक हिन्दी भाषाका और दूसरा अंग्रेजी भाषाका, इस प्रकार दो मासिक-पत्र प्रकाशित होते हैं एवं श्रीमहामण्डलके अन्यान्य भाषाओंके मुखपत्र श्रीमहामण्डलके प्रान्तीय कार्य्यालयोंसे प्रकाशित होते हैं। यथाः-कलकत्तेके कार्य्यालयसे बंगला भाषाका मुखपत्र, फिरोजपुर (पञ्जाब) के कार्य्यालयसे उर्दू-भाषाका मुखपत्र, मेरठके कार्य्यालयसे हिन्दीभाषाका मुखपत्र और दिल्लीके कार्य्यालयसे हिन्दी-भाषाका मुखपत्र इत्यादि।

श्रीमहामण्डलके पांच श्रेणीके सभ्य होते हैं। यथाः-स्वाधीन नरपति और प्रधान-प्रधान धर्म्माचार्य्यगण संरक्षक होते हैं। भारतवर्षके सब प्रान्तोंके बड़े बड़े ज़मींदार, सेठ, साहुकार आदि सामाजिक नेतागण उस उस प्रान्तके चुनावके द्वारा प्रतिनिधि सभ्य चुने जाते हैं। प्रत्येक प्रान्तके अध्यापक ब्राह्मणगणमें से उस उस प्रान्तीय मण्डलके द्वारा चुने जाकर धर्मव्यवस्थापक सभ्य बनाये जाते हैं। भारतवर्षके सब प्रान्तोंसे पांच प्रकारके सहायक सभ्य लिये जाते हैं; विद्यासम्बन्धी कार्य करनेवाले सहायक सभ्य, धर्म्मकार्य्य करनेवाले सहायक सभ्य, महामण्डल प्रान्तीयमण्डल और शाखासभाओंको धनदान करनेवाले सहायक सभ्य, विद्यादान करनेवाले विद्वान् ब्राह्मण सहायक सभ्य और धर्म्मप्रचार करनेवाले साधु संन्यासी सहायक सभ्य। पाँचवीं श्रेणीके सभ्य साधारण सभ्य होते हैं जो हिन्दुमात्र हो सकते हैं। हिन्दु-कुलकामिनीगण केवल प्रथम तीन श्रेणीकी सहायक-सभ्या और साधारण-सभ्या हो सकती हैं। इन सब प्रकारके सभ्यों और श्रीमहामण्डलके प्रान्तीय मण्डल, शाखा सभा और संयुक्त-सभाओंको श्रीमहामण्डलका हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषाका मासिकपत्र विना मूल्य दिया जाता है। नियमितरूपसे नियत वार्षिक चन्दा २) दो रुपये देनेपर हिन्दू-नरनारी साधारण सभ्य हो सकते हैं। साधारण सभ्योंको विना मूल्य मासिकपत्रिकाके अतिरिक्त उनके उत्तराधिकारियोंको समाजहितकारी कोषके द्वारा विशेष लाभ मिलता है।

प्रधानाध्यक्ष, श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल, प्रधानकार्य्यालय.
जगत्गंज, बनारस।

THE ARYAN BUREAU OF SEERS & SAVANTS.

ESTABLISHED UNDER THE DISTINGUISHED PATRONAGE OF THE LEADERS OF SRI BHARAT DHARMA MAHAMANDAL.

A Committee (Bureau) of this name has been started with the object, amongst others, of establishing a connecting link, through the vehicle of correspondence, with those Scholars and Literary Societies that take an interest in questions of Theology, Hindu Philosophy and Sanskrit literature all over the civilised world.

To fulfil the above objects the Bureau intends to take up the following :—

1. To receive and answer questions through *bona fide* correspondence regarding Hindu Religion and Science, Codes, Practical Yoga, Vaidic Philosophy and General Sanskrit Literature.
2. To exhibit to the enlightened world the catholicity of the Vaidic doctrines, and its fostering agency as universal helper towards moral and spiritual amelioration of nations.
3. To render mutual help as regards comparative researches in Science, Philosophy and Literatures both Oriental and Occidental.
4. To welcome such suggestions as may emanate from learned sources all over the world conducive to the improvement and benefit of humanity.
5. And to do such other things as may lead to the fulfilment of the above objects or any of them.

RULES OF THE SOCIETY.

1. There are to be 2 classes of Members, General & Special.
2. The Memberships are to be all honorary.
3. Those who will sympathise with the object, and enlist their names and addresses in the Register of the Bureau as Co-operators will be considered as General Members.
4. Special members are to be those who shall be qualified to answer points of their respective religions.
5. The Membership of the Bureau will be irrespective of caste, creed and nationality.
6. The spiritual questions will be responded to through correspondence as well as in Debate Meetings held in the office of the Bureau on dates fixed for the purpose.
7. There is to be a Secretary and an Assistant Secretary to be appointed by the Founder of the Bureau (both posts honorary.)
8. All the books, tracts and leaflets that will be published concerning the Bureau will be forwarded free to all the Members of the Bureau.

All correspondence to be addressed to—

SWAMI DAYANAND, SECRETARY,
Aryan Bureau of Seers & Savants.
C/o Sri Mahamandal Office, BENARES CITY (India.)

N.B.—Oriental scholars, all over the world, are invited to send their names and addresses to facilitate mutual communication and despatch of necessary Papers.